राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 मानसिक अवरोधों को तोड़ने में मदद ...



विधानसभा चुनाव से पहले... 12

गाजियाबाद, बुधवार 25 दिसंबर 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 11 अंक: 293, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### दिल्ली में हवा की गुणवत्ता 'गंभीर', हल्की बारिश से भी नहीं बदले हालात

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हवा की गुणवत्ता मंगलवार को गंभीर स्तर पर बनी रही। सुबह 7 बजे हल्की बारिश के बावजूद हवा का औसत एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) 401 रहा। दिल्ली में सबसे खराब हवा की गुणवत्ता बवाना स्टेशन पर रही, जहां एक्यूआई 455 दर्ज किया गया। वहीं, इहबास दिलशाद गार्डन स्टेशन पर सबसे कम एक्यूआई 222 रहा, जो खराब श्रेणी में आता है। रोहिणी (451), आनंद विहार (442), और पंजाबी बाग (431) जैसे इलाकों में भी हवा की गुणवत्ता गंभीर रही। शादीपुर में एक्यूआई 360 रहा, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। वहीं, दिल्ली में आज सुबह ठंड बढ़ी। सुबह 5:30 बजे न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हल्की बारिश



और तापमान में गिरावट के कारण सर्दी और बढ़ गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कोहरे के लिए पीला अलर्ट जारी किया है और साथ ही हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना जताई है। मौसम विभाग का कहना है कि दिल्ली में अधिकतम तापमान 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।

कुछ इलाकों में घना कोहरा था, जिससे लोगों को देखने में काफी परेशानी हुई। 16 दिसंबर से पूरे एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के चरण 4 के तहत कड़े उपायों को लागू किया गया, लेकिन इसके बावजूद हवा की गुणवत्ता बहुत खराब बनी हुई है। ग्रेप के इस चरण के उपाय प्रदूषण को कम करने के लिए सबसे सख्त होते हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, अगर एक्यूआई 401 से 450 के बीच होता है, तो उसे गंभीर माना जाता है और अगर एक्यूआई 450 से ऊपर होता है, तो उसे गंभीर प्लस श्रेणी में रखा जाता है।प्रदूषण की वजह से लोगों को सांस लेने में तकलीफ और आंखों में जलन की शिकायत की। घने कोहरे और जहरीली हवा के कारण दिल्ली के लोगों के लिए जिंदगी मुश्किल हो गई है और कई लोग इस समस्या का हल निकालने के लिए कड़े और प्रभावी कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

### राजस्थान मंडपम को समय से करें पूरा, विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस होगा मंडपम : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**जयपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान मंडपम राज्य की कला, संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक और व्यावसायिक आयोजनों के लिए प्रमुख आकर्षण का केन्द्र बनेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जयपुर में बनने वाले इस मंडपम को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस बनाया जाए तथा इसमें आधुनिक तकनीक और परंपरागत राजस्थानी वास्तुकला का बेहतरीन संयोजन किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को मण्डपम के निर्माण को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए। शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान मण्डपम के निर्माण की तैयारियों को



लेकर बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत मण्डपम की तर्ज पर जयपुर में राजस्थान मण्डपम का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसमें बनने वाले एग्जीबिशन हॉल, ओपन हॉल तथा ऑडिटोरियम में दर्शक क्षमता का पूरा ध्यान रखा जाए जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भागीदारी कर सकें। सभी आवश्यक सुविधाएं विकसित होगी यूनिटी मॉल में मुख्यमंत्री ने कहा कि मेक इन इंडिया तथा वन नेशन वन प्रोडक्ट के तहत स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए मंडपम में यूनिटी मॉल का भी निर्माण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को इस मॉल में सभी तरह की आवश्यक सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यहां संसाधन विकसित किया जाए। उन्होंने मंडपम में बनने वाले यूनिटी मॉल, पार्किंग, दुकानें एवं ऑडिटोरियम सहित पूरे मास्टर प्लान की समीक्षा की। इस दौरान बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, रिको के प्रबंध निदेशक इंद्रजीत सिंह, एनबीसीसी के मुख्य प्रबंध निदेशक के पी महादेव स्वामी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# दिल्ली के पांडव नगर डीडीए फ्लैट से 24 घंटे साफ पानी की सप्लाई शुरू, केजरीवाल ने नल से पिया पानी

**नई दिल्ली ।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और अन्य नेताओं के साथ मंगलवार को पांडव नगर डीडीए फ्लैट से 24 घंटे दिल्ली में पानी की शुरूआत की है। अरविंद केजरीवाल ने एक घर से नल खोलकर उससे सीधे पानी पीकर यह दिखाया कि साफ और मीठा पानी यहां पर अब 24 घंटे सप्लाई किया जाएगा और यही आने वाले कुछ सालों में पूरी दिल्ली के एक-एक इलाके में किया जाएगा।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज मैं दिल्ली के ढाई करोड़ निवासियों को बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं, आज बहुत बड़ा दिन है। हम सब लोगों का सपना था कि दिल्ली में 24 घंटे नल से साफ पानी आना चाहिए, चाहे तीसरी मंजिल से



चौथी मंजिल बिना पंप के। तो आज दिल्ली के अंदर राजेंद्र नगर विधानसभा के डीडीए फ्लैट्स पांडव नगर से इस बहुत बड़े सपने की शुरूआत हो रही है। आज इस कॉलोनी में 24 घंटे साफ पानी आना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि मैं अभी कुछ घरों से होकर आ रहा हूं और उन घरों से सीधा नल से मैंने पानी पिया, वो भी सभी कैमरों के सामने। उन्होंने कहा कि 2015 में जब हमने दिल्ली की जिम्मेदारी संभाली थी तो 50 से 60 प्रतिशत दिल्ली में टैंकरों से पानी जाया करता था। आज 10 साल के बाद मुझे कहते हुए खुशी हो रही है कि 97 प्रतिशत से ज्यादा दिल्ली में पाइपलाइन से पानी जाता है। उन्होंने बताया कि अभी पूरी दिल्ली में 24 घंटे पानी नहीं है। लेकिन आज इसकी यहां से शुरूआत हो रही है डीडीए फ्लैट्स राजेंद्र नगर से।

उन्होंने कहा कि जब हमारी सरकार बनी तो दिल्ली में 8 और 10-10 घंटे के पावर कट लगते थे, बिजली जाया करती थी। मैंने कहा था 24 घंटे बिजली कर दूंगा, कर दी। अब मेरा मकसद है 24 घंटे आपके नल से साफ पानी आए। आज इसकी शुरूआत हुई है।

## श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के 17 मछुआरों को किया गिरफ्तार,दो नाव भी जब्त

**रामेश्वरम (आरएनएस) ।** तमिलनाडु के 17 मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने समुद्री सीमा पार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इनकी दो नाव भी जब्त की है।

रामेश्वरम से दो नावों पर सवार लगभग 17 भारतीय मछुआरों को मंगलवार की सुबह कच्चातिवु के पास श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार कर लिया।

17 भारतीय मछुआरे दानुशकोडी और थलाईमन्नार के बीच क्षेत्र में मछली पकड़ रहे थे। उसी दौरान श्रीलंकाई नौसेना की गश्ती नौकाओं ने उन्हें घेर कर गिरफ्तार किया।



गिरफ्तार मछुआरों को फिर थलाईमन्नार नौसेना शिविर ले जाया गया और पूछताछ के बाद मन्नार मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा। यह गिरफ्तारी और कार्रवाई उस समय हुई जब मछुआरे अपने दैनिक कार्यों के लिए समुद्र में गए थे। श्रीलंकाई नौसेना के मुताबिक भारतीय मछुआरे उनकी सीमा में घुस आए थे, जिससे इन मछुआरों को गिरफ्तार किया गया। यह घटना दोनों देशों के बीच समुद्री सीमा विवाद और मछुआरों को लेकर तनाव को बढ़ाती है, क्योंकि भारतीय मछुआरे अक्सर श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोपों का सामना करते हैं। इस मामले में श्रीलंकाई अधिकारियों का कहना है कि मछुआरे उनकी समुद्री सीमा का उल्लंघन कर रहे थे, जबकि भारतीय मछुआरे इसे अपनी आजीविका के लिए जरूरी मानते हैं।


संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पत्र लिख कर श्रीलंका के जेल में बंद भारतीय मछुआरों की रिहाई का मुद्दा उठाया था। कांग्रेस सांसद ने अपने पत्र में लिखा था कि हम श्रीलंकाई राष्ट्रपति की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा की मेजबानी करने की तैयारी कर रहे हैं, मैं भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह गलती से अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा (आईएमबीएल) पार करने वाले भारतीय मछुआरों के मुद्दे को उठाएं और उनकी जल्द रिहाई सुनिश्चित करें।

## अटल जी के प्रति देश-प्रदेश के अनुराग और प्रेम को व्यक्त करते हैं युवा कुंभ जैसे आयोजन : सीएम योगी

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवा कुंभ जैसे आयोजन भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहार वाजपेयी के प्रति देश-प्रदेश के अनुराग व प्रेम को व्यक्त करते हैं। यहां के जनप्रतिनिधियों ने अटल जी की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए सभी संस्थाओं को एक मंच दिया है। युवा कुंभ उन स्मृतियों को ताजा कर रहा है, जो भारत की सनातन धर्म की परंपरा में कुंभ के आयोजन के साथ जुड़ती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के साथ मिल रही है। सीएम योगी ने अटल बिहारी वाजपेयी की कविता कदम मिलाकर चलना होगा सुनाई और कहा कि इस युवा कुंभ ने अटल जी की स्मृतियों को ताजा किया है।

उन्होंने कहा कि मैंने सुबह आयोजकों को फोन कर पूछा कि कार्यक्रम होगा, तो बताया गया कि यह युवा ऊर्जा का प्रतीक कार्यक्रम है। कार्यक्रम भव्यता से होगा। वास्तव में, आज मौसम की परवाह किए बिना बच्चों ने अटल जी की स्मृतियों को याद किया है। बुधवार को अटल जी का जन्म शताब्दी वर्ष है और आज उसका शुभारंभ इतनी भव्यता से हो रहा है। सीएम योगी ने प्रतियोगिताओं में





मंगलवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में अटल युवा महाकुंभ का शुभारंभ किया। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर कदम से कदम मिलाकर चलना होगा थीम पर यह आयोजन हुआ। सीएम और रक्षा मंत्री ने बच्चों को दुलारा-पुचकारा और चॉकलेट बांटी। निबंध व भाषण प्रतियोगिता के बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया।

सीएम योगी ने कहा कि कुंभ भारत की पहचान है।

सनातन व आध्यात्मिक ऊर्जा की अनुभूति का समागम है, उस महासमागम का जो दृश्य 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में दिखेगा, उसकी झांकी आज यहां देखने को स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को बधाई दी। प्रतिभागी बच्चों को शुभकामना देते हुए उन्होंने कहा कि कदम मिलाकर चलेंगे तो लक्ष्य प्राप्त होगा। इसके साथ ही सीएम योगी ने आयोजन में शामिल सभी संस्थाओं को भी साधुवाद दिया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधान परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह, इंजी. अवनीश सिंह, पवन सिंह चौहान, विधायक डॉ. नीरज बोरा, योगेश शुक्ल, अमरेश कुमार, ओपी श्रीवास्तव, जय देवी, पूर्व मंत्री मोहसिन रजा आदि मौजूद रहे।

## किन्नौर में एनएच-5 पर फंसे 20 पर्यटकों का पुलिस ने किया रेस्क्यू

**किन्नौर (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में इन दिनों भारी बर्फबारी हो रही है। बर्फबारी देखने पहुंचे करीब 20 पर्यटक मलिंग और चांगो के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पर फंस गए। इन फंसे हुए लोगों को स्थानीय पुलिस ने सोमवार रात करीब 9 बजे कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू किया। सोमवार रात करीब 9 बजे के आसपास अधिक बर्फबारी के कारण मलिंग और चांगो के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगभग 20 पर्यटक बर्फबारी में फंसे होने की सूचना मिली। इसके बाद स्थानीय पुलिस इन लोगों को बचाने के लिए सक्रिय हो गई। पुलिस पोस्ट यांगथांग और चेक पोस्ट चांगो से पुलिस बल कड़ी मशक्कत से मौके पर पहुंचा। फिर स्थानीय लोगों की सहायता से इन लोगों को सफलतापूर्वक निकाल लिया गया। इस घटना की जानकारी मंगलवार सुबह 9:30 बजे सोशल मीडिया के जरिए प्राप्त हुई। इस रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद बचाए गए लोग काफी खुश दिखे। इन लोगों को



बचाने के बाद एक सुरक्षित जगह रखा गया है। बता दें कि सर्दी के मौसम में किन्नौर में भारी बर्फबारी होती है। इसे देखने के लिए पर्यटक यहां बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। हालांकि पूरे प्रदेश में अमूमन शिमला और किन्नौर ही सबसे ज्यादा भारी बर्फबारी से प्रभावित होते हैं।

## राष्ट्रपति से मिले अवसर ट्रस्ट के मेधावी बच्चे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अवसर ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष और राज्यसभा के पूर्व सांसद डॉ आर के सिन्हा के नेतृत्व में अवसर ट्रस्ट के आईआईटी और एनआईटी उतीर्ण 21 मेधावी छात्रों ने आज राष्टपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने मेधावी बच्चों की हौसलाअफजाई करते हुए कहा कि जिस तरह डॉ सिन्हा ने आपको दो साल पटना में रखकर आपके रहने, खाने और पढने की व्यवस्था की, आपका भी दायित्व बनता है कि आप भी आगे चलकर गरीब बच्चों को पढ़ाने और जीवन में आगे बढ़ने में मदद करें। सिर्फ सरकार के भरोसे रहने से समाज का सर्वांगीण विकास नहीं हो सकता। इसके लिए सरकार के साथ समाज को भी कदम से कदम मिलाकर चलना पड़ता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि मैं जब झारखंड की राज्यपाल थी, तब से डॉ आर के सिन्हा को जानती हूं। सामाजिक कार्यों में और गरीबों की मदद करने में यह कभी पीछे नहीं रहे। इनका कार्य अनुकरणीय है। उल्लेखनीय है कि अवसर ट्रस्ट आर्थिक रूप से गरीब बच्चों की शिक्षा तथा उनके रहने-खाने की व्यवस्था करता रहता है। अवसर ट्रस्ट से पढ़े सैकड़ों लोग आज उच्च पदों पर आसीन हैं। ट्रस्ट न सिर्फ बच्चों को किताबें सुलभ कराता है, बल्कि लैपटॉप और आगे की पढ़ाई में आर्थिक सहयोग देकर उन्हें काबिल बनाता रहा है। राष्टपति से मिलनेवालों में शुभम कृष्ण, दिव्या कुमारी, काजल कुमारी, आदित्य रंजन, अभिषेक सिन्हा, आशुतोष सिन्हा, नितीश कुमार, नीरज कुमार, कुणाल



शर्मा, विशाखा कुमारी, शिवम कुमार, आर्यन कुमार, आशीष कुमार, रुचिका, अभय, अभिनव, संदीप कुमार, ज्ञान प्रकाश, पिंटू वर्णवाल शामिल हैं। शुभम कृष्ण की माता मिथिला मिथिला पेंटिंग से अपना खर्च चलाती हैं। उनके पास अपना घर भी नहीं है। पिंटू के पिताजी मोमबत्ती बेचकर घर चलाते हैं। नितीश और नीरज के पिता की रेडियो मरम्मत की दुकान है। आदित्य के पिता मजदूरी करते हैं तो अभिषेक और आशुतोष के पिता निजी स्कूल में 8 हजार वेतन पर पढ़ाते हैं। यही कहानी कमोवेश अवसर ट्रस्ट के सभी बच्चों की है।राष्ट्रपति से मिलनेवाले प्रतिनिधिमंडल में अवसर ट्रस्ट के निदेशक रजनीकांत सिन्हा और रत्ना सिन्हा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनुरंजन श्रीवास्तव और राहुल कुदेशिया भी शामिल थे।

**धरना** मैं कैसे घर में रजाई में सो जाता? साथियों रजाई से निकलें, तभी क्रांति होगी

# पूर्णिया सांसद पप्पू यादव रातभर बीपीएससी अभ्यर्थियों के साथ धरने पर बैठे, कहा-रद्द हो परीक्षा

**पटना (आरएनएस)।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर धरने पर बैठे छात्रों को अब पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव का साथ मिला है। पप्पू यादव सोमवार की देर रात पटना के गर्दनीबाग धरनास्थल पहुंचे और छात्रों के साथ धरने पर बैठ गए।

सांसद पप्पू यादव पीटी परीक्षा रद्द कर पुनर्परीक्षा की मांग कर रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने एक्स हैंडल से पोस्ट करते हुए लिखा, बिहार सरकार और बीपीएससी होश में आओ। छात्र हित में यह परीक्षा रद्द करो। एग्जाम माफिया के चंगुल से बाहर आओ। ये बेटियां इस भीषण ठंड में धरना पर बैठी थी। मैं कैसे घर में रजाई में सो जाता? साथियों रजाई से निकलें, तभी क्रांति होगी।

एक अन्य एक्स पोस्ट में उन्होंने लिखा, सोमवार रात बारह बजे से बीपीएससी परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर धरना पर हूं। लड़ाई अनवरत जारी रहेगी। लुटेरों एग्जाम माफिया को




सजा दो, परीक्षार्थियों को न्याय दो। कुंभकर्णी सरकार नींद से जागो।

इससे पहले सोमवार की शाम भी सांसद धरना स्थल पहुंचे थे और छात्रों की मांगों का समर्थन किया था। विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने भी प्रदर्शनकारियों का समर्थन किया है।

उल्लेखनीय है कि 13 दिसंबर को आयोजित संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा में प्रदेश की राजधानी पटना के बापू भवन परीक्षा केंद्र पर प्रश्नपत्र लीक होने की अफवाह फैल गई थी जिसके बाद सैकड़ों उम्मीदवारों ने अपना विरोध दर्ज कराने के लिए परीक्षा का बहिष्कार भी किया था। हालांकि, बीपीएससी ने दावा किया कि ऐसी अफवाह फैलाने वाले लोग असामाजिक तत्व थे। हालांकि बीपीएससी ने बापू

**सांसद पप्पू यादव पीटी परीक्षा रद्द कर पुनर्परीक्षा की मांग कर रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने एक्स हैंडल से पोस्ट करते हुए लिखा, बिहार सरकार और बीपीएससी होश में आओ**

परीक्षा परिसर में परीक्षा देने वाले 5,000 से अधिक उम्मीदवारों के लिए फिर से परीक्षा आयोजित करने का आदेश दिया है। छात्र परीक्षा को रद्द कराने की मांग को लेकर पटना के गर्दनीबाग में धरने पर बैठे हुए हैं।

# विकास कार्यों में मानकों का महत्व गुणवत्ता के लिए जरूरी : डीडीओ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** भारतीय मानक ब्यूरो नोएडा शाखा कार्यालय ने विकास भवन में विकास विभिन्न विकास विभागों से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मानक संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए जिला विकास अधिकारी सुभाष नेमा ने कहा कि विकास के सभी कार्यों में मानकों का पालन गुणवत्ता के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने प्रत्येक वस्तु की गुणवत्ता



सुनिश्चित करने के लिए बीआईएस की प्रशंसा की तथा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बीआईएस की कार्यप्रणाली एवं व्यवस्थाओं का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। इसके पूर्व बीआईएस नोएडा के संयुक्त निदेशक वीरेंद्र रावत ने उपस्थित अधिकारियों को भारतीय मानक ब्यूरो की संपूर्ण व्यवस्था से अवगत कराते हुए मानकों का महत्व समझाया। परियोजना संयोजक सचिन वर्मा ने कार्यशाला मे विभिन्न वस्तुओं पर लगे आईएसआई मार्क, सोने के जेवरों पर हॉलमार्क व इलेक्ट्रॉनिक सामान पर सीआरएस मार्क जैसे गुणवत्ता चिन्हों की विस्तृत जानकारी प्रदान करके, सभी को बीआईएस केयर एप के माध्यम से वस्तु की गुणवत्ता को जांचने की व्यवस्था से अवगत कराते हुए सभी को बाजार में विभागीय अथवा व्यक्तिगत खरीदारी के दौरान सतर्क एवं जागरूक रहने की अपील की। इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी जगदीश प्रसाद, जिला समाज कल्याण अधिकारी अनिल कुमार, सहायक प्रबंधक उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम एमपी व्यास, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विष्णु कुमार, सहायक अभियंता पूरन सिंह, सहायक अभियंता जल निगम आनंद कुमार, प्रदीप कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# हैप्पी ब्लू वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया क्रिसमस, बच्चों ने प्रस्तुत किया रंगारंग कार्यक्रम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** नगर के हैप्पी ब्लू वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में मंगलवार को क्रिसमस-डे धूमधाम के साथ मनाया गया।

बच्चों ने सेंट प्लाजा का रूप धारण कर कार्यक्रम प्रस्तुत किया और बच्चों को टॉफियां भी चॉकलेट बाटी। कार्यक्रम की शुरूआत में नरेंद्र सिंह, मोहम्मद आतिफ, उमर कुरेशी, रुद्राक्ष, जानवी, प्राची, रब्बान, भास्कर, आलिया, जतिन, अरहान, कार्तिक, अरशी व कविर सैफी ने सैन्टा क्लॉस के रूप में स्कूल के सभी विद्यार्थियों को उपहार बांटे। स्कूल प्रांगण विशेष रूप से सजाया गया। कार्यक्रम को मनोरंजक बनाने के लिए विद्यार्थियों ने जिंगल वेल जैसे गीतों पर नृत्य किया। स्कूल के प्रबंधक सलभ अग्रवाल,



डॉ.सारिका अग्रवाल, प्रधानाचार्य बी.डी.शर्मा, स्कूल इंचार्ज अरुण कौशिक, जूनियर इंचार्ज प्रीती पाठक, अमन सैफी आदि ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सुचित्र में फराहा ने आदि ने कार्यक्रम में क्रियाशील भूमिका निभाई।

# नपा सभागार में फैमिली आईडी के तहत एक परिवार एक पहचान के संबंध में बैठक आहूत की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** मंगलवार को कार्यालय नगर पालिका परिषद शिकारपुर पर अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह की अध्यक्षता में फैमिली आईडी-"एक परिवार एक पहचान" योजनान्तर्गत फैमिली आईडी बनवाये जाने के सम्बन्ध में एक बैठक आहूत की गयी। जिसमें अधिशासी अधिकरी द्वारा बताया गया की फैमिली आईडी बनवाने के लिए जनसेवा केंद्र के माध्यम से या स्वयं ऑनलाइन आवेदन करना होगा। फैमिली आईडी आवेदन के लिए परिवार के मुखिया का आधार कार्ड संख्या व आधार से मोबाइल नंबर पर ओटीपी के माध्यम से परिवार के सभी



सदस्यों को उनकी आधारकार्ड संख्या एवं लिंक मोबाइल नंबर के माध्यम से जोड़ते हुए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। जिसका उद्देश्य 'एक परिवार-एक पहचान' योजना के तहत प्रत्येक परिवार को एक विशिष्ट पहचान जारी किया जाना है।

जिन परिवारों के पास राशन कार्ड नहीं है, वे familyid. up. gov.in पर जाकर रजिस्ट्रेशन करके फैमिली आईडी ले सकते हैं.।

इस मौके पर मा0 सभासदगण राजेन्द्र लोधी, आस मौहम्मद, विनय कुमार व वीरेन्द्र कुमार गर्ग, टीकम सूर्यवंशी, राकेश कुमार उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने रैन बसेरा की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** सोमवार की रात एसडीएम दीपक कुमार पाल ने नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित रैन बसेरा का औचक निरीक्षण किया। रैन बसेरा में

**निरीक्षण दौरान रैन में रुके मिले तीन लोग**

तैनात कर्मचारियों से व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने रैन बसेरा के साथ साथ शौचालय की नियमित रूप से साफ सफाई की जाए।

शिकारपुर नगर पालिका परिषद द्वारा कस्बा में पालिका कार्यालय में रैन बसेरा का संचालन किया जा रहा है। जिससे सर्दी के मौसम में लोग रैन बसेरा में रुक




सकें। संचालित रैन में लोगों के रुकने की पर्याप्त व्यवस्था की जाती है। सोमवार की शाम शिकारपुर एसडीएम दीपक कुमार पाल ने रैन बसेरा का ओचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने रैन बसेरा में पर्याप्त रजाई बिस्तर सहित शौचालय का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम दीपक कुमार पाल ने नगर पालिका परिषद के कर्मचारी को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि रैन बसेरा में आने वाले लोगों के लिए पर्याप्त सुविधा दी जाए। वहीं रेन बसेरा की नियमित साफ सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने बताया रैन बसेरा में कोई भी व्यक्ति निशुल्क रुक सकता है। वहीं निकट में स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था भी है। रेन बसेरा की संचालन के लिए कर्मचारियों को तैनात किया गया है। एसडीएम ने रैन बसेरा के साथ-साथ शौचालय की साफ सफाई के निर्देश दिए हैं, उन्होंने कहा रैन बसेरा में आने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।

# गरीब,असहायों के बीच देर रात पहुंच कोतवाल व नायब तहसीलदार ने बांटे कंबल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद (कासिम अहमद)।** अचानक



ठंड में हुए इजाफा को देखते हुए सोमवार देर रात को कोतवाल नितीश भारद्वाज व नायब तहसीलदार ललित नारायण प्रशांत ने नगर का भ्रमण किया। वहां मौजूद गरीब, असहाय, निर्धन व दिव्यांग लोगों के बीच ठंड से बचाव के लिए उन्हें कंबल दिया। कंबल पाने वाले गरीबों ने उनको दिल से दुआ दी। साथ ही कोतवाल नितीश भारद्वाज ने अन्य लोगों से भी गरीबों की मदद का आह्वान किया। तथा रात्रि में उन स्थानों को चिन्हित किया गया जहां पर जरूरत मंद लोग रहते है। ऐसे कई लोग थे जो लोग फुटपाथ पर सड़क किनारे समान बेचते है और वही पन्नियों के नीचे रहते है, कई झुग्गियाँ है जहां जरूरत मंद परिवार रह रहे है, कुछ बंजारे बस्ती के भी लोग है। कोतवाल नितीश भारद्वाज का कहना है कि ऐसे में लोगों को गरीबों की मदद के लिए आगे आना चाहिए।

# सर्दी को देखते हुए एसडीएम ने गौशाला का किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** सोमवार की रात एसडीएम दीपक कुमार ने नगर पालिका द्वारा संचालित अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया। सर्दी के मौसम को देखते हुए पशु चिकित्सक

**तैनात कर्मचारियों को दिए आवश्यक निर्देश, पशु चिकित्सक गौवशों की करें जांच**

को गौवंशों की नियमित जांच के निर्देश दिए हैं। उसी दौरान गौशाला में तैनात कर्मचारियों को सर्दी के मौसम को देखते हुए आवश्यक निर्देश दिए हैं।

शिकारपुर अनाज मंडी में नगर पालिका परिषद द्वारा अस्थाई



गौशाला संचालन किया जा रहा है। गौशाला में कई दर्जनों गौवंशों को संरक्षित किया गया है। बढ़ती सर्दी के मौसम को देखते हुए सोमवार की रात करीब दस बजे एसडीएम दीपक कुमार पाल ने गौशाला का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने गौशाला में संरक्षित गौवशों का पर्याप्त चारा सहित ठंड से बचाव की व्यवस्था का जायजा लिया। गौशाला में तैनात कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि सर्दी के मौसम में समय से गोवंशों को चारा खिलाया जाए। सर्दी अधिक होने पर समय-समय पर गौवशों को गुड़ दिया जाए। गोवंश को लेकर कर लापरवाही मिलने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने गौशाला में तैनात कर्मचारियों से पशु चिकित्सक के बारे में जानकारी ली। उसी दौरान उन्होंने पशु चिकित्सक को सर्दी के मौसम को देखते हुए गौवंशों की जांच सहित उपचार के निर्देश दिए हैं। सर्दी के मौसम में गोवंशों का विशेष ख्याल रखा जाए।

# भाकियू के जिला सहसचिव बने वकील खान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद (कासिम अहमद)।** भारतीय किसान यूनियन भानु के जिला अध्यक्ष ठाकुर सुनील सिंह ने नगर के मौहल्ला हिमायत नगर निवासी वकील खान को भारतीय किसान यूनियन भानु का जिला सहसचिव मनोनीत किया है। पदाधिकारियों ने नवनियुक्त जिला सहसचिव का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। वकील खान एक लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करते आ रहे है। उनके भाकियू भानु गुट में आने से संगठन को मजबूती मिलेगी। इस मौके पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष गीता भारद्वाज, अन्नू शर्मा, रोहित कुमार, ताहिर, मोवीन खान, पंकज सिंह, सुशीला सिंह, कविता सिंह ,आबिद अली आदि मौजूद रहे।



फाइल फोटो वकील खान नवनियुक्त जिला सहसचिव

# 22 दिव्यांग बच्चों को होम बेस्ड एजुकेशन किट वितरण की, लर्निंग मटेरियल पाने पर दिव्यांग बच्चों के चेहरों पर एक अलग ही मुस्कान दिखी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**खुर्जा।** समग्र शिक्षा अभियान समेकित शिक्षा के अंतर्गत मंगलवार को बीआरसी प्रांगण में सेरेब्रल पॉलिसी एवं मानसिक बीमारी के कारण होने वाले अति गंभीर दिव्यांग बच्चों को होम बेस्ड एजुकेशन किट खंड शिक्षा अधिकारी खुर्जा सुनील कुमार डबराल के द्वारा वितरण किया गया । विकास एवं नगर क्षेत्र के कुल 22 बच्चों को बीआरसी पर उनके शिक्षा एवं दैनिक क्रिया-कलाप से संबंधित लर्निंग मैटेरियल का वितरण किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि अति गंभीर दिव्यांग बच्चे विद्यालय में नामांकन के उपरांत घर पर ही एजुकेशन प्राप्त करते हैं जिनके लिए स्पेशल एजुकेटर रोस्टर वाइज उनके घर पर जाकर शिक्षण



प्रशिक्षण एवं पेरेंट्स को सुझाव प्रदान करते हैं। जिससे ऐसे बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने में मदद मिलती है वितरण के समय स्पेशल एजुकेटर उमेश चंद्र,र जनीश कुमार, अभिषेक एवं राजनाथ कुशवाहा तथा एमआईएस इंचार्ज अमर सिंह, कार्यालय सहायक विपिन सिसोदिया, लाल बहादुर शास्त्री उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षिका सुल्ताना, शिवम, सौरभ,त्रिलोक चंद, राहुल, राकेश उपस्थित रहे।

# प्रायोजित ट्रक लूट की घटना का सफल अनावरण, अपने साथ घटना कराने वाले ड्राईवर सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** थाना छतारी पर तहरीर दी कि वह दिनांक 19.12.2024 को इटारसी मध्यप्रदेश से मुरादाबाद के लिए अपने ट्रक नं0- RJ 11 GA 8516 में मक्का भरकर चला था। दिनांक 22.12.2024 को समय करीब सुबह 04.30 बजे थाना छतारी क्षेत्रान्तर्गत कस्बा डड्डू के

**कब्जे से तथाकथित लूटा गया ट्रक, 310 बोरे (16.5 टन) मक्का, 15400/- रुपये नकद, अवैध चाकू बरामद**

पास पहुंचा तो 03 अज्ञात बाइक सवार बदमाशों द्वारा ट्रक के आगे बाइक लगाकर ट्रक रुकवा लिया तथा उसके साथ मारपीट कर उसका मोबाइल तोड दिया तथा 17,000/- रुपये, कागजात व ट्रक को लेकर फरार हो गये। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना छतारी पर मुअसं- 476/24 धारा 309(6) बीएनएस बनाम 03 अज्ञात नफर पंजीकृत किया गया था उक्त घटना के क्रम में स्वाट टीम व थाना छतारी पुलिस को



घटना के अनावरण हेतु लगाया गया था। जांच/विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि ट्रक में भरी मक्का को हड़पने के उद्देश्य से इस पूरी घटना की प्लानिंग वादी छोटेलाल द्वारा अपने साथी चालक केशव के साथ मिलकर की गयी थी। आज दिनांक 24.12.2024 को स्वाट टीम व थाना छतारी पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त दो अभियुक्तों को तथाकथित लूटे गये ट्रक, 310 बोरे मक्का (लगभग 16.5 टन), 15400/- रुपये नकद, अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना छतारी पर पंजीकृत अभियोग में धारा 316(3)/317(2)/318 (4) बीएनएस में परिवर्तित कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता.

छोटे लाल कुशवाह पुत्र किशनलाल निवासी ग्राम व थाना बाड़ी जनपद धौलपुर (राजस्थान) .केशव परमार पुत्र हरिदत्त निवासी उपरोक्त स्वाट टीम. उ0नि0 राहुल चौधरी, प्रभारी स्वाट टीम है0का0 कपिल नैन, है0का0 प्रदीप कुमार, है0का0 निकुंज यादव है0का0 राहुल त्यागी, है0का0 मनीष त्यागी,है0का0 मौ0 आरिफ, का0 सचिन चौहान, का0 रोहित कुमार, का0 नरेन्द्र कुमार, का0 अमित कुमार थाना छतारी पुलिस टीम संदीप कुमार थाना प्रभारी छतारी. व उ0नि0 तारा सिंह है0का0 संजय शर्मा, है0का0 मनोज, है0का0 अनिल।

# " जानिए अपने थाने को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज शिकारपुर की छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए जागरूक किया

## प्रशिक्षु सीओ के द्वारा बेहतर शिक्षा, निर्भीक जीवन और अपराध के खिलाफ आवाज बुलंद करने के विचार बहुत ही है प्रेरणादायक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर। (अशोक पाठक)** मंगलवार को शिकारपुर कोतवाली परिसर में प्रशिक्षु सीओ/कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रखर पांडे ने मिशन शक्ति अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम में " जानिए अपने थाने को " राजकीय कन्या इंटर कॉलेज शिकारपुर की छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए जागरूक किया।

प्रशिक्षु सीओ प्रखर पांडे ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा" जानिए अपने थाने को ,जानिए थाने की कार्य प्रणाली को, जानिए थाने के अभिलेखों के बारे में तथा थाने की विभिन्न शाखाओं के बारे मे जानकारी दी। छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए मूल मंत्र दिया। उन्होंने छात्रों को



गौरी कक्षा 10th



जिया का फाइल फोटो



आत्मनिर्भर हेतु जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां जैसे विभिन्न हेल्पलाइन नंबर महिला हेल्प डैक्स, एंटी रोमियो स्क्वाड,यूपी 112, वूमेन पावर1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर क्राइम 1930, एवं आत्मरक्षा संबंधी टिप्स गुड टच, बेड टच, आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।प्रशिक्षु सीओ प्रखर पांडे की नई पहल से छात्राओं के चेहरे पर दिखाई दी खुशी।छात्राओं में पुलिस के प्रति जागरूकता आने के बाद चेहरे पर छाई खुशी की लहर। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को किसी भी तरह की समस्या में तुरंत सहायता के लिए प्रेरित किया। इस दौरान राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य मधुबाला सिंह, शिखा पाठक, मोनिका भारती डोली चौधरी आदि रही।


सीओ सर के द्वारा दी गई जानकारी बहुत ही प्रभावशाली है। जिससे भविष्य में देश, समाज और महिला सशक्तिकरण के लिए बेहतर करने की प्रेरणा मिली है।

प्रशिक्षु सीओ / कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रखर पांडे के द्वारा बेहतर शिक्षा, निर्भीक जीवन और अपराध के खिलाफ आवाज बुलंद करने के विचार बहुत ही प्रेरणादायक है। भविष्य में इन्हें अपने जीवन में उतारकर कुछ करने की अब इच्छा है।

# शातिर वाहन चोर अनिल गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल व अवैध असलहा कारतूस बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सिकन्द्राबाद।** पुलिस द्वारा चैकिगं के दौरान जेवर रोड से एक अभियुक्त को चोरी की एक मोटरसाइकिल व अवैध असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं-1085/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बरामद मोटरसाइकिल वढ-13-0224 को दिनांक 21-10-2024 को थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्र से चोरी की किया



गया था जिसके सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं-914/24 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है।

बुलन्दशहर गिरफ्तार करने वाली टीम. रवि रतन सिंह थाना प्रभारी सिकन्द्राबाद. उ0नि0 विपुल कुमार, उ0नि0 शैलेन्द्र सोलंकी. है0 का0 कुलदीप अहलावत, का0 प्रवीन कुमार।

# ब्लॉक धनीपुर की ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न, ब्लॉक प्रमुख पूजा दिवाकर ने विजेताओं को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत विकासखंड धनीपुर की खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन मल्टीपरपज हॉल अलहदादपुर स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख धनीपुर पूजा दिवाकर एवं जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा अर्जुन सिंह भोलू द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका की सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग की एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कुश्ती,



कबड्डी बैडमिंटन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सब जूनियर बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में ऋषभ, 800 मीटर में मनीष शर्मा, सब जूनियर बालिका वर्ग में 100 मीटर में अनम खान, 800 मीटर में अनम खान विजयी रहे। जूनियर बालक वर्ग में 100 मीटर में धीरज, 200 मीटर व 400 मीटर में प्रिंस चैधरी, 1500 मीटर में विशाल बघेल, ऊंची कूद में अश्वनी, जूनियर बालिका वर्ग 100 मीटर में साधना, 200 मीटर में दिव्यांशी चैधरी, 400 मीटर में गुंजन, 800 मीटर में संध्या, लंबी कूद में संगीता विजय रहे। सीनियर बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में लोकेश कुमार, 200 मीटर में जीतू कुमार, 400 एवं 1500 मीटर में योगेश कुमार विजेता रहे। कबड्डी बालक वर्ग जूनियर एवं सीनियर वर्ग में कोछोंड़ विजेता एवं बोनेर की टीम उपविजेता रही। जूनियर बालिका वर्ग में सींहोर विजेता धनीपुर की टीम उपविजेता रही। वॉलीबॉल सीनियर वर्ग में देवी नगला विजेता एवं सीहोर उपविजेता रहे। प्रतियोगिता के विजय खिलाड़ियों को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी कपिल शर्मा ने बताया की प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी जनपद स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में युवा कल्याण विभाग के व्यायाम प्रशिक्षक डॉ राष्ट्रवर्धन लोधी, बेसिक शिक्षा विभाग के ब्लॉक पीटीआई प्रदीप शर्मा, अविनाश शर्मा, दीपक यादव, विनोद कुमार, राजेश कुमार, बबलू कुमार, नीतू सिंह, यामिनी अग्रवाल, अनिल श्रीवास्तव का सराहनीय योगदान रहा।

# एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** गांव नीमका स्थित द डिवाइन मदर इंटरनेशनल स्कूल मे नोडल अध्यापक, प्रधानाध्यापक, ग्राम प्रधान व स्थानीय निकाय के सदस्यों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी मुहम्मद राशिद ने की। नोडल शिक्षक संकुल हरेंद्र कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डायट प्राचार्य राजपाल सिंह यादव व विशिष्ट अतिथि खण्ड विकास अधिकारी अशोक पाल सिंह रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्राम प्रधानों व स्थानीय निकाय के सदस्यों से विद्यालय में सहयोग की अपील की गई, ताकि हर बच्चा विद्यालय आए और




सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं का लाभ ले। डाइट मेंटर राजेश खन्ना ने डीबीटी के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अभिभावकों को प्राप्त राशि से समय पर बच्चों की ड्रेस, जूते, मोजे और स्वेटर प्राप्त कराएं, एआरपी रति गुप्ता ने विभाग से प्राप्त शैक्षणिक सामग्री, योजनाओं और बालिका शिक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

वहीं एआरपी सारिका गोयल ने शारदा कार्यक्रम के अंतर्गत आने वाली सुविधाओं और प्रत्येक बच्चे के नामांकन बढ़ाने हेतु विशेष ध्यान देने के लिए कहा। इस मौके पर एआरपी अर्चना शिरोमणि, महेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# क्रिसमस डे कार्यक्रम किया आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** राष्ट्रीय राजमार्ग-9 अनवरपुर के समीप स्थित सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस में मंगलवार को क्रिसमस-डे समारोह का आयोजन एमबीबीएस के छात्रों द्वारा किया गया। उक्त समारोह मे संस्थान के सभी विधार्थीगण, विभागीय डॉक्टरों व अन्य कर्मचारियों द्वारा क्रिसमस-डे समारोह को सफल बनाने के लिए अपना योगदान दिया।

इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन डॉ० जे रामाचन्द्रन, वाइस चेयरपर्सन राम्या रामाचन्द्रन व संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ० आरके सहगल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ०



राजेश भाटिया, एवं चिकित्सक सलाहकार डॉ० जेके गोयल ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। तो वही एमबीबीएस के छात्रों द्वारा सेंटा क्लोस की वेशभूषा में छोटे-छोटे नन्ने बच्चो को उपहार एवं मिठाईयाँ वितरित की गयी। साथ ही एमबीबीएस के छात्रों द्वारा शिक्षकों के लिए म्यूजिकल चेयर गेम का भी आयोजन किया गया जिसमें विजेताओ को पुरूस्कृत किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के जीएम वरधाराजन, निदेशक आर दत्त, कॉलेज प्रबन्धन समिति के सचिव एम नटराजन, व एचआर मैनेजर लुकरेशिया रूबावथी, सभी चिकित्सकगण, पदाधिकारिगण, स्वास्थयकर्मी एवं कर्मचारिगण उपस्थित रहे।

# महत्वाकांक्षी योजना जीरोपावर्टी उ0प्र0 का सर्वेक्षण 31 दिसम्बर तक पूर्ण कर लिया जाए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** पंचायतीराज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री ओमप्रकाश राजभर की अध्यक्षता में आज पंचायतीराज निदेशालय के लोहिया भवन सभागार में प्रदेश के समस्त मण्डल/जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ विभागीय योजना की गहन समीक्षा की गई।

श्री राजभर ने निर्देश दिये कि समस्त विभागीय योजनाओं को समयबद्ध तरीके से निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित किया जाए। जनपद/मण्डल/विकास खण्ड स्तर पर तैनात विभागीय अधिकारियों एवं कार्मिकों के क्षेत्र भ्रमण हेतु सरकार द्वारा वाहन भत्ता की व्यवस्था इसी उद्देश्य से की गयी है कि अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण में किसी प्रकार की समस्या न आये तथा अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत तक निरन्तर पहुँच कर योजना के क्रियान्वयन को सुचारू रूप से लागू कर सके। उन्होंने कहा कि योजनान्तर्गत अच्छी प्रगति करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित किया जाए तथा अपेक्षित प्रगति न करने वाले अधिकारियों को आवश्यकतानुसार हर सम्भव सहायता प्रदान कर कार्य सुनिश्चित कराया जाये। उन्हांने कहा कि अपेक्षित प्रगति न लाने वाले अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। बैठक की द्वितीय पाली में पंचायतीराज मंत्री की उपस्थिति में प्रदेश के समस्त ग्राम पंचायतों में तैनात पंचायत सहायकों के साथ 02 स्लॉट में वेबिनार के माध्यम से जुड़कर पंचायत सहायकों के साथ समीक्षा/चर्चा की। वेबिनार में मुख्य सचिव कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सलाहकार संदीप मांझी द्वारा प्रदेश की महत्वाकांक्षी योजना ह्यह्यजीरोपावर्टी-उत्तर प्रदेशह्लह्ल पर समस्त जनपद/मण्डल स्तरीय अधिकारियों के साथ चर्चा की गई तथा शासन की मंशा के अनुरूप 31 दिसम्बर, 2024 तक शत-प्रतिशत सर्वे पूर्ण कराने का अनुरोध किया गया।

इस अवसर पर श्री राजभर ने प्रदेश में निवासरत सभी निर्धन परिवारों को भोजन व वस्त्र की समुचित उपलब्धता तथा अच्छी शिक्षा, चिकित्सा व मकान की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सरकार की प्रतिबद्धता से अवगत कराया। इसके अतिरिक्त इन परिवारों में सतत आय की एक व्यवस्था बनाने की आवश्यकता भी बताई। उन्होंने कहा कि गरीबी एक बहुआयामी परिस्थिति है तथा इसके समुचित निराकरण के लिए सभी सम्भव उपयों/विकल्पों पर कार्य करने की आवश्यकता है।

प्रत्येक ग्राम पंचायत के निर्धनतम 10 से 25 परिवारों पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित करते हुये विभिन्न योजनाओं को कन्वर्ट करने की आवश्यकता है। पंचायतीराज मंत्री ने कहा कि प्रदेश के अति गरीबों को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जाना है। इसके लिए लगभग 15 लाख अतिगरीब परिवारों को चिन्हित किये जाने के लिए सर्वेक्षण की प्रक्रिया शुरू करायी जा चुकी है। अगले वर्ष अक्टूबर तक हर गॉव के 25 अतिगरीबों को चिन्हित करके उन्हें लाभान्वित किया जाना लक्षित है। सरकार ने अगले वर्ष 02 अक्टूबर तक प्रदेश को गरीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा है ।

इसके लिए सरकार की तरफ से अभियान चलाकर गरीबों को चिन्हित किया जा रहा है। सर्वेक्षण का कार्य मुख्यतया-पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, बीसी सखी, एस.एच.जी. द्वारा किया जा रहा है।

उन्होने कहा कि प्रथम चरण में उन परिवारों को प्रथमिकता दी जायेगी जिन्हें अब तक सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिला है। चिन्हित परिवारों के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने के लिए सरकारी फण्ड के अलावा सी.एस.आर. फण्ड की भी मदद ली जायेगी।

# जीएस के चिकित्सकों ने प्रथम विश्व ध्यान दिवस पर डाला प्रकाश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** प्रथम विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर जीएस आयुर्वेद कॉलेज एवं हॉस्पिटल में स्वस्थ्वृत एवं योग विभाग तथा



कायचिकित्सा विभाग द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने इस विषय पर विस्तृत प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्या डॉ0 भावना सिंह ने बताया कि अष्टांग योग के सप्तम स्तर ध्यान को आज विश्व समझ रहा है एवं उसे वैश्विक मान्यता प्राप्त हो रही है। हमें भी अपने दैनिक जीवन में आ रही मानसिक व्याधियों बचाव के लिए नित्य प्रति ध्यान योग का अभ्यास करना चाहिए। अस्पताल के मेडिकल सुप्रिटेंडेंट डॉप प्रवीण गोयल ने भी ध्यान योग को जन जन तक पहुंचाने के लिए इस प्रकार की कार्यशालाओं के आयोजन को एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यशाला में उपस्थित वक्ताओं डॉ0 चारु त्रिपाठी, डॉप अतुल सरोकते, डॉ0 घनश्याम वत्स ने उपस्थित छात्र छात्राओं एवं फैकल्टी को ध्यान के विषय में जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ0 विकास चौहान ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कार्यकर्ताओं ने विधायक धर्मेश तोमर के जन्मदिन मनाया, केक काटकर दी शुभकामनाएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर स्थित राजपूत रेजिमेंट इंटर कालेज में क्षेत्रीय विधायक धर्मेश सिंह तोमर के जन्मदिन के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्रीय विधायक ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र का विकास करना उनकी पहली प्राथमिकता में रहा है। क्षेत्र की समस्याएं उनकी समस्याएं है। लोगो की समस्याओं का निस्तारण हो सके उसके लिए वह 24 घंटे उपलब्ध है। कार्यक्रम में हजारों लोगों ने पहुँचकर विधायक को केक खिलाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। और उनकी लंबी उम्र की कामना की।

कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा के पूर्व जिला मंत्री पवन त्यागी ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक के जन्मदिन के अवसर पर पिलखुवा की आठ सड़को का निर्माण लगभग आठ करोड रुपए




की लागत से कराया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि धौलाना विधानसभा क्षेत्र में सात करोड रुपए की लागत से सात सड़कों का निर्माण तथा चार करोड़ की लागत से गांव छिजारसी में रजवाहे की दो पुलिया, गांव कांवी में एक तथा गांव सिखेड़ा में एक रजवाहे की पुलिया का निर्माण जल्द ही शुरू कराया जाएगा।

इस अवसर पर लज्जारानी गर्ग, भोलाराम शर्मा, सुनील गर्ग, प्रदीप सोम, सुनील गर्ग, अशोक कुमार, रिंकू टांक,धीरेंद्र चौहान, गिरीश तोमर, संगीता गहलोत, रिंकू टॉक, राकेश तोमर, वरुण शर्मा, शिवकुमार शर्मा, पवन त्यागी, विक्की त्यागी, निरपेक्ष तोमर व राज बहादुर सिंह के अलावा क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने पहुँचकर क्षेत्रीय विधायक को अपनी शुभकामनाएं दी।

# मनचला लगातार स्कूल में फोन करके शिक्षिका को कर रहा है परेशान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** दिल्ली मेरठ रोड पर स्थित पब्लिक स्कूल के मोबाइल नम्बर पर एक मनचला लगातार फोन करके शिक्षिका को परेशान कर रहा है। डर के चलते शिक्षिका ने स्कूल आना भी कम कर दिया है। इस संबंध में स्कूल की प्रधानाचार्य ने मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। दिल्ली मेरठ रोड पर एक पब्लिक स्कूल स्थित है। स्कूल के मोबाइल नम्बर पर एक युवक कई दिनों से लगातार फोन करके एक शिक्षिका को परेशान कर रहा है। बार बार फोन से आहत होकर शिक्षिका ने स्कूल आना भी कम कर दिया है। पुलिस ने मोबाइल को सर्विलांस पर लगाकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर युवक को किया घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर एक युवक को गंभीर रुप से घायल कर दिया। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। नगर की ब्रजविहार कॉलोनी में मयंक त्यागी परिवार सहित रहते है। देर रात मयंक त्यागी अपने घर के बाहर बैठे हुए थे। आरोप है कि इसी बीच तीन चार लोग आए और मयंक त्यागी पर अचानक हमला कर दिया। चीख पुकार सुन आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजनों ने मयंक त्यगाी को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराकर मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू करदी है।

# परशुराम धर्मशाला मे बीजेपी कार्यकर्ताओं ने किया गोष्ठी का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** बीजेपी कार्यकर्ताओ ने मंगलवार को कस्बे के झाझर रोड स्थित परशुराम धर्मशाला मे एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। बीजेपी के मंडल महामंत्री रोहित ठाकुर ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में 26 दिसंबर को गुरु गोविंद सिंह के दोनों बलिदानी बेटे वीर जोरावर सिंह व फतेह सिंह के बलिदान को याद करते हुए बाल दिवस मना रही है, जिसमे सिक्खों के बलिदान को भी याद किया जायेगा। जिसको लेकर बीजेपी कार्यकताओं ने परशुराम धर्मशाला में एक गोष्ठी की। इस मौके पर मनोज जैन,



विकास चौधरी, रोहित ठाकुर, देवेंद्र भारद्वाज, अशोक शर्मा, संजीव शर्मा, अनुराग शर्मा, हरिओम शर्मा आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पंडित अरुण शर्मा बने अखिल भारतीय परशुराम सेवा दल के प्रदेश उपाध्यक्ष

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** जलालपुर रोड स्थित प्रिंस फॉर्म कॉलोनी में अखिल भारतीय परशुराम सेवा दल की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय परशुराम सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने की। बैठक में मुरादनगर निवासी पंडित अरुण शर्मा को अखिल भारतीय परशुराम सेवा दल में प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। साथ ही अरुण शर्मा को मेरठ मंडल का प्रभारी पद का दायित्व भी सौंपा गया। पंडित अरुण शर्मा के अखिल भारतीय परशुराम सेवा दल का प्रदेश उपाध्यक्ष बनने तथा मेरठ मंडल का प्रभारी घोषित होने पर क्षेत्रीय लोगों ने जमकर खुशी मनाई। अखिल भारतीय परशुराम सेवादल के मुरादनगर शहर अध्यक्ष पंडित अनुभव शर्मा, शहर महामंत्री यश शर्मा, प्रमोद कौशिक, नगर अध्यक्ष ब्राह्मण महासभा महामंत्री यति देव शर्मा, प्रेमचंद शास्त्री जिला उपाध्यक्ष, ओमपाल शर्मा विधानसभा अध्यक्ष, कार्तिक शर्मा, सौरव शास्त्री, विद्यासागर शर्मा, यशू शर्मा, प्रिंस शर्मा, ब्रह्मदत्त शास्त्री. प्रवेश कौशिक मोहित शर्मा. अभिषेक शर्मा आदि ने पंडित अरुण शर्मा को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पंडित अरुण शर्मा ने कहा मुझे जो समाज की इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है मैं उस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाऊंगा, सभी छोटे बड़ों को साथ लेकर चलूंगा और समाज को जहां मेरी आवश्यकता पड़ेगी हमेशा खड़ा मिलूंगा।





**प्रवेश परीक्षा** 26 दिसंबर से मिलेंगे आवेदन फार्म 05 फरवरी तक होंगे ऑफलाइन जमा, 02 मार्च रविवार को संबंधित जिलों में होगी प्रवेश परीक्षा

# उप श्रम आयुक्त ने अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा-2025 के लिए उपलब्ध कराई जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** उप श्रम आयुक्त अलीगढ़ क्षेत्र सियाराम ने सूचित किया है कि अटल आवासीय विद्यालय टमकौली में अलीगढ़ मण्डल के जिले अलीगढ़, हाथरस, एटा एंव कासगंज के उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों, कोविड-19 की महामारी के दौरान कोरोना से निराश्रित हुये बच्चों एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अन्तर्गत पात्र बच्चों के शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा-06 में उपलब्ध 140 सीट (70 बालक एंव 70 बालिकायें) व कक्षा-09 में उपलब्ध 140 सीट (70 बालक एवं 70 बालिकायें) पर प्रवेश के लिए ऑफलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित हैं। उन्होंने विद्यालय की विशेषताओं के बारे में बताया कि यह आधुनिक सुविधाओं युक्त सह शैक्षिक आवासीय विद्यालय हैं जिसमें बालक और बालिकाओं के लिये पृथक-पृथक छात्रावास हैं। विद्यालय में निःशुल्क गुणवत्तापरक शिक्षा, भोजन व छात्रावास की व्यवस्था है। बालक-बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिये खेल एवं अन्य गतिविधियों से प्रोत्साहन कराना है।

विद्यालय में बालक-बालिकाओं के लिये सीट का अनुपात 50-50 प्रतिशत अर्थात बराबर रखा गया है। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक 26 दिसंबर से सम्बन्धित जिले के श्रम विभाग कार्यालय, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय, बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय एवं खण्ड विकास अधिकारी कार्यालयों से निःशुल्क प्राप्त किये जा सकते हैं। पूर्ण भरे हुए आवेदन पत्र समस्त वांछित अभिलेखों एवं तीन अतिरिक्त पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 05 फरवरी 2025 की सांय 05 बजे तक सम्बन्धित जिले के श्रम विभाग कार्यालय में जमा कराये जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा तिथि 02 मार्च 2025 रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक अलीगढ़ मण्डल के आवर्त जिले अलीगढ़, हाथरस, एटा एवं कासगंज में सम्पन्न होगी। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा का स्थान प्रवेश पत्र के माध्यम से अवगत कराया जायेगा।प्रवेश पत्र परीक्षा तिथि से एक सप्ताह पूर्व श्रम विभाग के जनपदीय कार्यालय या पंजीकृत डाक से अभ्यार्थियों को उपलब्ध कराए जाएंगे। उप श्रम आयुक्त ने पात्रता की जानकारी देते हुए बताया कि अद्यतन नवीनीकृत निर्माण श्रमिक जो 30 नवंबर 2024 को कम से कम तीन वर्ष बोर्ड की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुका है के बच्चे प्रवेश के लिए पात्र हैं।

कोविड-19 से अनाथ हुये बच्चे जिनका महिला एवं बाल कल्याण विभाग में पंजीयन हो अथवा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत पात्र बच्चे प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। कक्षा-06 के प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की जन्म तिथि 01 मई 2013 से पहले और 31 जुलाई 2015 के बाद की नहीं होनी चाहिये। इसी प्रकार कक्षा-09 के प्रवेश के लिए अभ्यार्थी की जन्म तिथि 01 मई 2010 से पहले और 31 जुलाई 2012 के बाद की नहीं होनी चाहिये।

उन्होंने स्पष्ट किया कि कक्षा-06 एवं कक्षा-09 में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी क्रमशः कक्षा-05 एवं कक्षा-08 में अध्यनरत हो या उत्तीर्ण कर चुका हो।प्रति परिवार के अधिकतम 02 बच्चों को ही विद्यालय में प्रवेश दिया जाएगा। सभी वर्गो के लिए आरक्षण नियमानुसार देय होगा। उन्होंने आवश्यक अभिलेखों की जानकारी देते हुए बताया कि निर्माण श्रमिक होने की दशा में अद्यतन नवीनीकृत निर्माण श्रमिक कार्ड, अनाथ होने की दशा में माता व पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र, अभ्यर्थी केजाति प्रमाण-पत्र, जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति एवं तीन पासपोर्ट के साइज के फोटो की आवश्यक है। प्रधानाचार्य अटल आवसीय विद्यालय रोहित सारस्वत ने प्रवेश परीक्षा के पाठ्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 06 के प्रश्नपत्र में 50 अंक के मानसिक क्षमता परीक्षण के 40 प्रश्न एवं अंक गणित परीक्षा व भाषा परीक्षण के 25-25 अंक 20-20 प्रश्न अर्थात 100 अंक के कुल 80 प्रश्न होंगे।

इसी प्रकार कक्षा 09 की प्रवेश परीक्षा में 15-15 अंक के अंग्रेजी व हिंदी विषय एवं 35-35 अंक के गणित व विज्ञान विषय के प्रश्न होंगे। उन्होंने बताया कि विद्यालय में प्रवेश पूर्ण रूप से मेरिट के आधार पर किया जायेगा एवं किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में सम्बन्धित जिले के जिलाधिकारी का निर्णय मान्य होगा। किसी प्रकार की सहायता एवं जानकारी के लिए प्रधानाचार्य अटल आवसीय विद्यालय रोहित सारस्वत के दूरभाष नंबर-9414310252के साथ ही अपने जिले के श्रम कार्यालय में जाकर सम्पर्क कर सकते हैं।

# फरसे का उपयोग शिक्षा क्षेत्र में भ्रष्टाचार की हत्या के लिए करेंगे: कर्नल तजेंद्र पाल त्यागी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** मंगलवार को महानगर की नवयुग मार्किट में राष्ट्रीय सैनिक संस्था की गाजियाबाद इकाई के पदाधिकारियों ने हाथों में परशुराम का फरसा लेकर शपथ ली। उन्होंने इस फरसे का प्रयोग शिक्षा के क्षेत्र में भ्रष्टाचार पर लगातार प्रहार करने का संकल्प लिया। इस कड़ी में सबसे पहले गाजियाबाद में मेरठ रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल को चुना गया। यह जानकारी राष्ट्रीय सैनिक संस्था के मीडिया प्रभारी गौरव बंसल ने दी है।



संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने इस विद्यालय में 25% गरीब बच्चों के दाखिले,भारत सरकार के आदेशानुसार के एनसीईआरटी की किताबे पढ़ाये जाने के स्थान पर अन्य महंगी किताबें लागू करने, हर वर्ष किताबें बदलने, स्कूल के फंड में लगातार बढ़ोतरी होने के बावजूद बार बार फीस बढ़ाये जाने, स्कूल का संचालन गाजियाबाद के एक पूर्व आईएएस अधिकारी द्वारा किये जाने और उस अधिकारी के एक राजनैतिक पार्टी के पदाधिकारी होने पर सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि जब तक इन सभी सवालों के जवाब आम जनता के सामने नहीं आ जाते उनकी संस्था चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने अधिकतर स्कूलों के राजनेताओ के संरक्षण में चलने की बात भी कही।

इस अवसर पर राजेन्द्र बगासी, पी पी सिंह, कर्नल मुकेश त्यागी, ज्ञान सिंह, चन्दन सिंह, गणेश दत्त, डी के दास, एड. सुनील त्यागी, एड. सुधीर त्यागी, एड. अंशु त्यागी, भुवनेश्वर पांडे, ग्रीश शर्मा, देवेन्द्र चौबे, गोपाल सिंह, रमेश नेगी, दान सिंह, नीलम पवार, राज शर्मा, अंजु शर्मा, नमिता भल्ला, उषा राणा, ऋचा भदौरिया, संध्या त्यागी, महेंद्र कुमार, चंद्रशेखर शर्मा, रूपेशव राय, कृष्णा सिंह बिष्ट, जयंती बनर्जी, स्वाति बंसल आदि ने गाजियाबाद के मेरठ रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल की मान्यता रद्द किए जाने की मांग की।

# आईपीएस निपुण अग्रवाल को लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त बनाए जाने पर संजीव गुप्ता ने दी बधाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा हाल ही में प्रदेश के कुछ आईपीएस अफसरों की पदोन्नति करते हुए, इधर से उधर ट्रांसफर किए गए हैं। इसी कड़ी में गाजियाबाद में डीसीपी तैनात रहे, निपुण अग्रवाल को पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ में पुलिस उपायुक्त बनाए जाने पर समरकूल ग्रुप के चेयरमैन और वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार गुप्ता ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। गाजियाबाद में डीसीपी पद पर तैनात रहते हुए, निपुण अग्रवाल से संजीव गुप्ता के बहुत ही मधुर संबंध थे। इस पदोन्नति पर संजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि निपुण अग्रवाल बहुत ही काबिल और दूरदर्शी अफसर होने के साथ-साथ कुशल व्यवहार वाले व्यक्ति हैं। ऐसे अफसरों की वजह से ही पुलिस पर आम जनमानस का भरोसा बढ़ा है। क्योंकि लखनऊ प्रदेश की राजधानी है। और यहां पर तैनाती उनकी सफलता को दशार्ती है। संजीव गुप्ता ने उनके उज्जवल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए। आशा व्यक्त की है। कि वह उस दिन का इंतजार कर रहे हैं। जब वह हमारे गाजियाबाद की पुलिस की उच्च कमान को संभालते हुए, यहां हमारे बीच होंगे और गाजियाबाद की जनता के हितों और अधिकारों की रक्षा करेंगे।



# थाना प्रभारी इंदु वर्मा ने किया क्षेत्र में पैदल गश्त, दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बहसूमा।** सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बहसूमा थाना प्रभारी इंदु वर्मा ने मंगलवार को थाना क्षेत्र में भारी पुलिस फोर्स के साथ पैदल गस्त किया पैदल गस्त करते हुए थाना प्रभारी इंदु वर्मा ने आम जनमानश में सुरक्षा भावना का संचार किया। गस्त थाने से शुरू होकर मुख्य सड़क, चौराहों व बाईपास तिराहे से वापस थाने आकर खत्म हुआ। गस्त के दौरान जगह-जगह खड़े संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की गई। थाना प्रभारी इंदु वर्मा ने सभी को चेताया कि आप कोई भी उपद्रव ना करें। अगर कोई ऐसा करता है तो पुलिस को सूचित करें पुलिस आपका सहयोग करेगी। आपकी सतर्कता से न सिर्फ अपराध रूकेगा बल्कि क्षेत्र में शांति भी रहेगी। गस्त के दौरान थाना प्रभारी इंदु वर्मा के साथ दर्जनों पुलिसकर्मी मौजूद रहे।





# अपर जिलाधिकारी नगर की अध्यक्षता में नॉर्को-आर्डिनेशन मैकेनिज्म (एन०सी०ओ०आर०डी०) की बैठक आहूत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** अपर जिलाधिकारी नगर कार्यालय, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशन पर अपर जिलाधिकारी नगर गम्भीर सिंह की अध्यक्षता में नॉर्को-आर्डिनेशन मैकेनिज्म

**नियमों के विरूद्ध कार्य करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त एवं दण्डात्मक कार्यवाही की जाये: गम्भीर सिंह**

(एन०सी०ओ०आर०डी०) की बैठक आहूत की गई। अपर जिलाधिकारी नगर श्री गम्भीर सिंह की अध्यक्षता ने बैठक के दौरान सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि टीम बनाकर स्कूलों में जाकर पता लगाया जायें कि स्कूलों के नजदीक नियमानुसार कोई नशीला पदार्थ तो विक्रय नहीं किया जा रहा है यदि ऐसा पाया जा रहा है तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही उक्त टीम को नशा कारोबारियो के विरूद्ध उन्हें क्या–क्या कार्य करने चाहिए उसके लिए प्रशिक्षण भी दिया जाये। इसके साथ नशा की गिरफ्त में आए युवाओं और अन्य लोगों को कैसे मुक्त किया जाएं उसके लिए उन्हें प्रेरित एवं जागरूक करने हेतु प्रशिक्षण दिया जाएं।





शिक्षा विभाग ने जानकारी दी कि उनके द्वारा स्कूलों में प्रार्थना के दौरान सभी को नशा ना करने के लिए शपथ दिलाई जाए।साथ ही समय–समय पर छात्रों के साथ अभिभावकों को भी नशा के विरूद्ध एवं नशा से होने वाली हानियों एवं परेशानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएं। स्कूल कॉलेजों में एक दिन आवश्यक रूप से नशे के विरूद्ध जन जागरूकता अभियान चलाया जाए, जिसमें निबंध, वाद-विवाद, भाषण, चित्रकला आदि प्रतियोगिता आयोजित की जाए। गाजियाबाद क्षेत्र के सभी बस स्टेशनों पर उद्घोषणा यंत्र द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार तथा परिवहन निगम के अनुबन्धित ढाबों पर भी नशा मुक्ति से सम्बन्धित होर्डिंगस,बोर्ड लगाये जाएं। जनपद में संघन चैकिंग अभियान चलाकर अवैध मादक पदार्थो की तस्करी पर पूर्ण रूप से विराम लगाये जाने का कार्य किया जाए।अपर जिलाधिकारी नगर महोदय ने कहा कि नशा की रोकथाम हेतु जो कार्य किये जा रहे हैं उनमें और अधिक सख्ती अपनाते हुए कार्य किया जाये। अवैध एवं नियमों के विरूद्ध कार्य करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त एवं दण्डात्मक कार्यवाही की जाये। बैठक में पुलिस विभाग, औषधि निरीक्षक, कृषि विभाग, जीआरपी, परिवहन, वन विभाग, यातायात, आबकारी विभाग, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारियों/प्रतिनिधियों उपस्थित रहे।

# श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में लगा नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड कैम्प,70 बुजुर्गों ने बनवाये अपने आयुष्मान कार्ड

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** महानगर के घण्टाघर स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मंगलवार को निःशुल्क आयुष्मान कार्ड कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प का आयोजन श्री दिगम्बर जैन टेम्पल सोसायटी, ग्लोबल हैप्पीनेस फाउंडेशन व विवेक बहुमण्डल घण्टाघर द्वारा किया गया। कैम्प सुबह 9 बजे से प्रारम्भ होकर दोपहर 4:00 बजे तक चला। जिसमें 70 वर्ष की आयु पूरी कर चुके 70 वृद्धों ने आयुष्मान कार्ड बनवाये। यह जानकारी प्रदीप जैन ने दी। मंगलवार की सुबह 9 बजे से प्रारम्भ हुए इस कैम्प में आने वाले 70 वर्ष की आयु पूरी कर चुके बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। कैम्प के बारे में जानकारी देते हुए ग्लोबल हैप्पीनेस की डायरेक्टर राधिका राजपूत ने बताया कि भारत सरकार द्वारा वृद्धों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जो यह योजना लागू की है इससे देश के करोड़ों वृद्धों को लाभ मिल रहा है। निःशुल्क आयुष्मान कार्ड कैम्प लगाने वाले दिगम्बर जैन महासमिति व ग्लोबल हैप्पीनेस का सभी लोगों ने आभार व्यक्त किया। इस कैम्प को सफल बनाने में ग्लोबल हैप्पीनेस फाउंडेशन की डायरेक्टर राधिका राजपूत ,अजय रावल, प्रदीप जैन, भूपेंद्र जैन,आशीष जैन, प्रभात जैन गौरव बंसल का भी सहयोग रहा।



# स्कूलों में क्रिसमस डे धूमधाम से मनाया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बहसूमा।** डीपीएम पब्लिक स्कूल बहसूमा में मंगलवार को क्रिसमस डे बहुत धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। विद्यालय को रंग बिरंगे गुब्बारों, घंटियों व क्रिसमस ट्री से सजाया गया। बच्चों ने सेंटा क्लॉज, क्रिसमस ट्री, मदर मैरी, फॉदर, पार्टी बॉय, पार्टी गर्ल का किरदार निभाया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय सचिव जगदीश त्यागी ने किया। सचिव जगदीश त्यागी ने कहा कि इस दिन प्रभु ईसा मसीह का जन्म हुआ था।यह दिन लोगों के जीवन में शांति, सद्भावना और करुणा का संचार करता है। इस दिन को पूरी दुनिया में ईसा मसीह के जन्म की वर्षगांठ के रूप में मनाया जाता है। यह हर साल 25 दिसंबर को होता है। इसलिए इस दिन को क्रिसमस डे के रुप में मनाया जाता है।वही रामराज में स्थित बाल शिशु मंदिर पब्लिक स्कूल में क्रिसमस डे धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्य उमेश कुमार शर्मा ने बच्चों को ईसा मसीह के बारे में विस्तार से वर्णन किया और बच्चों को उपहार भी बांटे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य उमेश कुमार शर्मा,मयंक गुप्ता,कॉर्डिनेटर अनुज त्यागी, ममता शर्मा, पूर्णिमा शर्मा, ज्योति कपूर, विपिन कुमार, अमरदीप, शिवम तिवारी, विशाल लोमेश, तनवीर अहमद, मंजू तोमर आदि सभी अध्यापक मौजूद रहे।





# प्रताप विहार स्थित जी ब्लॉक के कराटे स्कूल में कलर बेल्ट कराटे परीक्षा का आयोजन किया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** कराटे स्कूल में कलर बेल्ट कराटे परीक्षा का मुख्य परीक्षक नरेंद्र सिंह ने बताया कि 4 से 5 घंटे तक परीक्षा चली हलद्वानी नैनीताल से आये हुए राकेश कुमार ने खिलाड़ियों का एग्जाम लिया '49 खिलाडियों ने हिस्सा लिया जिस्मे की 45 खिलाड़ियों ने परीक्षा हासिल की खिलाड़ियों ने अलग-अलग तकनीक और अभ्यास करके दिखाया और खिलाड़ियों ने विभिन विभिन कलर बेल्ट प्राप्त की बच्चो की येलो बेल्ट अक्षज , अरिहंत, गर्विका, सेल्वी, युवान, अथर्व त्यागी, डिंपल रानी, इल्मा, जिगर पवार, शब्द, गर्व, अभिषेक,आकांशा ऑरेंज बेल्ट ऐरा ,शिव चैतन्य, आरव उनियाल सूर्यांश राठौड़, अदविक राणा , चारु सिंह ,काव्या बंजारे, लिजा मलिक हमजा मलिक ,अर्नव सिंह कैटरीना ग्रीन बेल्ट धैर्य वर्मा ,धनुष कुमार , वरदान पर्पल बेल्ट रेयांश वर्मा, रूद्र सक्सैना, इक्षिता सेक्सेना ,अरहम खान, पुलकित चौधरी ,वंश शर्मा ,शिवा पाल ,वंश पुनिया ब्लू बेल्ट इदेनया सिंह, अविश सिंह ब्राउन बेल्ट आकृति बडोला शिहान नरेंद्र सिंह ने बताया सब पदाधिकारियो के देखरेख में यह परीक्षा हुई पदाधिकारी रहे आरके सप्रू, विक्की सराफ ,रोहतास कुमार, श्रीकांत शर्मा ,मन्नेकांत सिंह, नरेश शर्मा ,सुखविंदर सिंह अरुनादेय कोउल ,उदयवीर सिंह सोनू बग्गा इत्यादि रहे ।




# रहमान खेड़ा में बाघ पकड़ने का चल रहा फोटो सेशन बाघ, वन विभाग की रणनीति पर फेर रहा पानी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** वन विभाग की पहुंच में आ चुके बाघ को पकड़ने में क्यों शिथिलता भारत रहा है यह सबसे बड़ा सवाल है ग्रामीणों ने अब वन विभाग की कार्यशैली पर तमाम तरह के सवालिया निशान लगाने शुरू कर दिए हैं। वन विभाग ने ही अपनी सूचना में यह बताया है कि जिस मचान पर बैठकर बाघ को ट्रैकुलाईज किया जाना है उस मचान और पिंजरे के पास आकर बाघ ने वन विभाग द्वारा बांधे गए पड़वे का शिकार कर लिया है। और वन विभाग के डॉक्टर मचान पर बैठकर वन्य जीव को देखते रह गए।

वन विभाग द्वारा लगातार इस बात की पुष्टि की जा रही है कि वह फार्म के आसपास जंगल में जानवरों का शिकार कर रहा है बावजूद इसके अभी तक फोटो खिचाने के अलावा विभाग की कोई ठोस रणनीति आम जनता की समझ से परे है क्योंकि वन विभाग के पास इस समय उसको पकड़ने के लिए अधिकांश संसाधन मौजूद हैं और क्षेत्र में बाघ की लगातार गतिविधि भी देखी जा रही है फिर भी अभी तक बाघ पकड़ से क्यों दूर है। आसपास के ग्राम वासियों का कहना है कि जब तक बाघ आसपास के गांवों में किसानों के पशुओं को नुकसान नहीं करेगा तब तक वन विभाग ऐसे ही रणनीति बनाता रहेगा। अभी तक मौसम ठीक था तो तो बाघ पकड़ से डर था लेकिन अब मौसम राब हो गया है तो बाघ आसानी से कैसे पकड़ में आएगा क्योंकि अब तो मौसम की खराबी के चलते दूर तक दिखाई भी नहीं पड़ेगा। ऐसी स्थिति में बाघ को पकड़ना अब और कठिन हो जाएगा। अब कुछ दिन वन विभाग मौसम ठीक होने का इंतजार करेगा क्योंकि अब दिन में भी कोहरा गिरने का समय आ रहा है इसलिए अब जल्दी बाघ को पकड़ने की उम्मीद करना जनता के लिए कोरे आश्वासन ही साबित होंगे।





**आयोजन** | मैं झुग्गी झोपड़ पट्टी का चारण हूँ मैला ढोने वालों का उच्चारण हूँ आँसू का अग्निगन्धा सम्बोधन हूँ

# चांसलर क्लब में चौधरी चरण सिंह जी की 122वीं जयंती के अवसर पर भव्य कवि सम्मेलन का किया गया आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** कार्यक्रम में साहित्यिक और सांस्कृतिक चेतना को प्रोत्साहित करते हुए देश के प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं।

कार्यक्रम के संयोजक अजेंद्र चौधरी, प्रवेंद्र चौधरी, सेंसर पाल, अजय शर्मा के साथ स्वागत अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने सभी अतिथियों एवं कवियों का स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी सुखबीर सिंह ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, पूर्व महापौर आशु वर्मा, कृष्णबीर चौधरी, मयंक गोयल, एडीएम गंभीर सिंह , जीएसटी कमिश्नर ज्वाइंट अरुण सिंह और के डी त्यागी उपस्थित रहे। इसके अलावा, भी कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल हुए। मंच कवियों को सौंपने के उपरांत मंच का संचालन हरिओम पवार ने स्वयं किया। आमंत्रित कवियों में डॉ. हरिओम पवार, शंभू शिखर, मोहन मुनतजर, सुमनेश सुमन, तेज नारायण बेचैन और खुशबू शर्मा ने अपनी प्रभावशाली कविताओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवियों ने देशभक्ति, सामाजिक जागरूकता और प्रेरणा से भरपूर रचनाएं प्रस्तुत कीं, जिन पर श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाईं। चौधरी चरण सिंह की 122 वीं जयंती पर कवि सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि सत्येंद्र सिसोदिया ने अपने संबोधन में कहा, चौधरी चरण सिंह जी ने अपने पूरे जीवन में किसानों और समाज के पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया। ऐसे आयोजन उनकी विचारधारा को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम हैं। गाजियाबाद के पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा, चौधरी चरण सिंह जी भारतीय राजनीति में ईमानदारी, सादगी और किसानों के प्रति समर्पण का प्रतीक थे। उनकी विचारधारा आज भी हमें ग्रामीण भारत के विकास और समानता आधारित समाज निर्माण के लिए प्रेरित करती है। इस कवि सम्मेलन के माध्यम से हम उनकी स्मृतियों को सजीव रखने का प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। इस आयोजन से सभी भाव विभोर हो गए ।









# अंबेडकर के बारे में टिप्पणी करने पर एआइएमआइएम के कार्यकर्ताओ ने दिया ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान सभा के अध्यक्ष बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के बारे में टिप्पणी करने पर महामहिम राष्ट्रपति को जिलाधिकारी हापुड़ के द्वारा एआइएमआइएम के जिला अध्यक्ष हाजी फहीम जड़ोदिया एवं हापुड जिले के पदाधिकारियों और अन्य कार्यकर्ताओ द्वारा एक ज्ञापन प्रेषित किया गया इसमें मुख्य रूप से हाजी फहीम जड़ोदिया जिला अध्यक्ष ताहिर शेख मसूदी युवा जिला अध्यक्ष मोनू कांत वाल्मीकि जिला प्रवक्ता सोनू मसूरी, सलमान कुरैशी, शमशाद चौधरी, जावेद और अन्य लोग उपस्थित रहे।



# सदर एसडीएम ने निराश्रित लोगों में बांटे कंबल, रैन बसेरे का किया निरीक्षण

## सड़क किनारे सो रहे निराश्रित लोगों को रैन बसेरे में पहुंचवाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** दिसंबर माह में रात्रि में प्रतिदिन बढ़ रही ठंड को देखते हुए नगर पालिका परिषद ने शहर में विभिन्न स्थानों पर तीन अस्थाई रैन बसेरे व बुलन्दशहर रोड ईदगाह मार्ग पर 100 बैड का आश्रम स्थल शुरू कर रखा है। सोमवार की देर शाम सदर उपजिलाधिकारी

- शहर में तीन अस्थाई रैन बसेरे व 100 बैड का आश्रय स्थल संचालित
- शासन ने अलाव जलाने व कंबल वितरण करने को मिले है 16.50 लाख

अंकित वर्मा ने अतरपुरा चौपला स्थित रैन बसेरे का निरीक्षण किया,साथ ही गरीब निराश्रित लोगों में कंबल वितरित किये। डिप्टी कलेक्टर व हापुड़ नगर पालिका परिषद के कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि दिसंबर माह में प्रतिदिन ठंड बढ़ती जा रही है। जिसके मद्देनजर नगर पालिका परिषद द्वारा दिल्ली रोड स्थित प्राइवेट बस स्टैंड,अतरपुरा चौपला व रेलवे रोड पर अस्थाई रैन बसेरा शुरू कर रखा है। ईदगाह रोड पर भी सौ बैड का आश्रय स्थल संचालित है। इसके अलावा शहर में विभिन्न स्थानों पर अलाव भी जलवाये जा रहे है। गौरतलब है,कि शासन ने भी जिले में अलाव जलाने व गरीब लोगों में गर्म कंबल वितरण करने के लिए 16.50 लाख रुपये की धनराशि भेजी है। जिनके कंबल क्रय कर गरीब लोगों में वितरित किये जा रहे है।

सदर एसडीएम अंकित वर्मा द्वारा अतरपुरा चौपला व रेलवे स्टेशन के निकट स्थित रैन बसेरे का निरीक्षण किया। रैन बसेरे में रुकने वालों से उन्हें मिल रही सुविधाओं के बार में भी जानकारी दी। एसडीएम ने गरीब निराश्रित लोगों में गर्म कंबलों को वितरण किया। साथ सड़क किनारे सो रहे निराश्रित लोगों को रैन बसेरे में पहुंचवाया।





# धौलाना की ग्राम पंचायत देहरा में मनाया सुशासन सप्ताह, ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी: सतवीर यादव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** सुशासन सप्ताह के तहत धौलाना ब्लाक में सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है।




ग्राम देहरा में आयोजित सुशासन बैठक में बोलते एडीओ।

जिसमें ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

धौलाना ब्लाक की ग्राम पंचायत देहरा में ग्रामीणों की बैठक का आयोजन किया गया बैठक में उपस्थित ग्रामवासियों को खंड पंचायत अधिकारी संजय चौधरी ग्राम सचिव सतवीर यादव द्वारा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया । योजनाओं के क्रियान्वयन व लाभ उठाएं जाने के तरीके से अवगत कराया गया। इस मौके पर सचिव खुशबू पांडेय भी मौजूद रहीं ।

# भाजपा ने वीर बाल दिवस को लेकर संगोष्ठी की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने सवा लाख एक लड़ावाँ ते गोविंद सिंह नाम कारवां इस वीर उद्घोष करते हुए कहा कि युवा और मासूम लड़के, साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह 26 दिसंबर,1705 को शहीद हो गये थे।

मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित संगोष्ठी को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मान सिंह गोस्वामी संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उस समय सरहिंद के मुगल गवर्नर वजीर खान ने उनकी बेरहमी से हत्या कर दी थी,उन पर जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव लगातार बनाया जा रहा था।लेकिन इतना होने पर भी उन्होंने अपने धर्म का साथ नहीं छोड़ा,जिस पर गुरु गोविंद के सामने ही उनके दोनों वीर पुत्रों की निर्मम हत्या कर दी गई। संगोष्ठी की अध्यक्षता पंजाबी सभा के अध्यक्ष मनमोहन छावड़ा ने की।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नरेश तोमर,प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी,जिला महामंत्री राजीव सिरोही,पुनीत गोयल,जिला उपाध्यक्ष श्यामेन्द्र त्यागी,राकेश त्यागी, कविता मादरे,विनोद गुप्ता,संजय त्यागी,मालती भारती, उपेंद्र राणा,जितेन्द्र पाल,संजय त्यागी,पायल गुप्ता,पिंकी त्यागी,पवन सैनी,सुनील वर्मा,नितिन पाराशर,दिनेश त्यागी,विक्रांत शर्मा,ललित गर्ग,पवन गर्ग,प्रशांत त्यागी, सौदान सिंह,दीपक भाटी,अनिरुद्ध कस्तला,संजीव वर्मा, राजेश आधना,महेश तोमर,विश्व प्रकाश शर्मा,अंशुल मित्तल,हेमंत त्यागी,सुयश वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।



## बैंक में लंबित पड़े आवेदन पत्रों एवं ऋण जमा अनुपात बढ़ाने के निर्देश दिये

# ग्रामीणों को बैंकिंग व सरकारी योजनाओं का मिले अधिक लाभः डीएम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स समीक्षा समिति की बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जिसमें डीएम बैंकिंग सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने पर बल दिया,ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगो को बैंकिंग एवं सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सकें। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने बैंकिंग के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की एवं बैठक में भाग ले रहे सभी बैंक समन्वयक अधिकारियों को बैंको में लंबित पड़े आवेदन पत्रों का यथाशीघ्र निस्तारण करने एवं ऋण जमा अनुपात बढ़ाने के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने जिले के आर्थिक विकास में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि बैंकों को ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक वित्तीय सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए। इस अवसर पर सभी बैंकों से आगामी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए एक रूपरेखा तैयार करने और जिले के आर्थिक विकास में योगदान देने का आह्वान किया गया।




कार्यक्रम का संचालन कर रहे जिला अग्रणी बैंक कार्यालय के मुख्य प्रबंधक राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि बैठक में विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक एवम अधिकारी,जिला स्तरीय अधिकारी एवं अन्य महत्वपूर्ण विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी बैंकों द्वारा जिले में चल रही सरकारी योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई,जिसमें मुख्य रूप से मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना और अन्य योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया।

इस अवसर आरबीआई के सहायक महाप्रबंधक के.के.कौशिक,जिला विकास अधिकारी देवेंद्र प्रताप,जिला कृषि विकास अधिकारी मनोज कुमार,डीडीएम नाबार्ड डी. के. सिंह,शीशपाल सिंह प्रबन्धक लीड बैंक एवं सभी बैंको के जिला समन्वयक अधिकारी उपस्तिथ रहे।




**पिलखुवाः** सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, हापुड़ में आयोजित बीसीएमई (बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन) कार्यशाला में प्रतिभागियों का एक चित्र। **छायाः-बुलन्द संदेश (गजेन्द्र राठी)**

# सपनावत वैष्णो धाम माता मंदिर में बड़ी चोरी, भक्तों में रोष

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** धौलाना के गांव सपनावत स्थित प्रसिद्ध मंदिर में चोरों ने

**दूसरी बार हुई चोरी की घटना पुलिस के हाथ खाली, मंदिर पुजारी ने दी तहरीर**

भगवान और माता रानी के दरबार को भी नहीं बख्शा और बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दे डाला ।हद तो तब है मंदिर परिसर से थाना कुल 50 मीटर की दूरी पर है । बावजूद इसके चोरों ने मंदिर में चोरी की घटना कर पुलिस गश्त की पोल खोल दी । मां वैष्णो धाम सपनावत के मुख्य पुजारी श्यामलाल ने कपूरपुर थाने में दी तहरीर में बताया की 23 दिसंबर को रात्री लगभग 10.30 बजे मंदिर के चोरी की वारदात घटित हो गयी थी जिसकी सूचना तत्काल थाना कपूरपुर मे दी गई । लेकिन पुलिस मौके पर बहुत देर बाद पहुंची । चोरों द्वारा मंदिर का दानपात्र तोड़कर नगदी, माता रानी के आभूषण एवं चादी के बर्तन आदि चोरी कर ले गये । मंदिर पुजारी ने बताया की लगभग दो वर्ष पूर्व भी इस मंदिर में इसी प्रकार की चोरी की एक घटना घटित हो चुकी है। चोरी की घटना से भक्तों में बेहद रोष है । वहीं पुलिस मामले की जांच कर कड़ी कार्रवाई का दावा करती नजर आई ।





**आयोजन** सही उत्तर देने वाले बच्चों ऑन द स्पॉट किया पुरस्कृत

# आदर्श इंटर कालेज में राष्ट्रीय गणित दिवस पर प्रश्न मंच किया आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जनपद की सदर तहसील क्षेत्र के गांव नली हुसैनपुर में संचालित आदर्श इंटर कालेज में राष्ट्रीय गणित दिवस पर प्रश्न मंच का आयोजन किया। साथ शिक्षक व बच्चों ने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुज को जयंती पर याद किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य उपकार दत्त शर्मा ने श्रीनिवास रामानुज के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए राष्ट्रीय गणित दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। साथ ही कहा कि गणित के प्रयोग से जीवन सरल व सुगम बनता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए गणित शिक्षक अमित कुमार ने गणित के रोचक पहलुओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया। कालेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रश्न मंच का आयोजन किया। जिसमें सतीश कुमार ने विद्यार्थियों से गणित के अनेक शाखाओं बीज गणित, रेखा गणित, ज्यामीतिय, अंक गणित,






**शिक्षक व बच्चों ने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुज को जयंती पर याद किया**

सांख्यिकी आदि के प्रश्नों के उत्तर पूछे गये। सरल प्रश्नों का आसानी से जवाब दिया,प्रश्नों का सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को ऑन द स्पॉट पुरस्कार प्रदान किये। प्रधानाचार्य ने बच्चों का उत्वाहवर्धन किया।

इस अवसर पर सुनील कुमार,कपिल कुमार, बिजेन्द्र शर्मा, गरीबा सिंह, पंकज, अमित, देवेन्द्र, प्रशांत, मयंक,देव, प्रशांत चौधरी आदि मौजूद रहे।

# विधान से समाधान...महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** उ.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जनपद न्यायाधीश मलखान सिंह के दिशा निर्देशन में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ की अध्यक्षता में धौलाना तहसील सभागार कक्ष में विधान से समाधान महिलाओं के हितार्थ एक विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी।

मंगलवार को धौलाना तहसील सभागार में आयोजित महिलाओं के अधिकार विषय पर जानकारी देते हुए लीगल एड डिफेंन्स काउन्सिल राहुल कुमार ने महिलाओं के अधिकार विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे एसिड हमला,बलात्कार,अपहरण किसी भी प्रकार का यौन हमला विषय पर बताया।

कार्यक्रम में मौजूद डिप्टी लीगल एड डिफेंन्स काउन्सिल, डा0 निधि यादव ने महिलाओं को मानव तस्करी,दहेज उत्पीडन, समान काम के लिए समान वेतन की जानकारी दी। चंचल शर्मा, लीगल एड डिफेंन्स काउन्सिल द्वारा महिलाओं के विधिक अधिकारों के बारे में बताया। रिसोर्स पर्सन स्वाति गर्ग,सदस्य किशोर न्याय बोर्ड द्वारा महिलाओं के अधिकारों के बारे में बताया गया एवं महिलाओं के साथ कार्यस्थल पर होने वाले उत्पीडन के बारे में जानकारी दी गयी।



कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अभिषेक त्यागी,गौरव सहगल,आयुषी त्यागी एवं मनमीत हाडां आदि उपस्थित रहें।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैं अपने पुत्री आसमीन को अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए अपने व परिवार के अन्य सदस्यों के सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। आसमीन द्वारा किये गये कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी।

**प्रार्थी**
**इस्लामुद्दीन पुत्र सलीमुद्दीन**
**नि.मौ. लखपत सिंह मढ़ैया,**
**थाना पिलखुवा,**
**जिला हापुड़**

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैं अपने पुत्र गजेन्द्र शिशौदिया व पुत्र वधू श्रीमति उमा को अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए अपने व परिवार के अन्य सदस्यों के सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। गजेन्द्र शिशौदिया व श्रीमति उमा द्वारा किये गये कृत्य के लिए वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**प्रार्थी**
**अमर सिंह उर्फ अगर सिंह पुत्र**
**श्री धन सिंह**
**नि.ग्राम इकलैहड़ी,थाना**
**कपूरपुर, तहसील धौलाना,**
**जिला हापुड़**

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# बहुउद्देशीय पैक्स- ग्रामीण अर्थव्यवस्था के बदलाव का कारक



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

भारत में लगभग 2,70,000 ग्राम पंचायतें हैं, फिर भी इनमें से कई स्थानीय निकाय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों से वंचित हैं। ऋण, आवश्यक सांमग्री, बाजार और रोजगार प्रदान करने में इन प्राथमिक-स्तर की सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, मोदी सरकार ने अब तक सरकारी संस्थाओं से वंचित ग्राम पंचायतों में नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति, यानि, बहुउद्देशीय पैस्क , और डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियां स्थापित करने की योजना लेकर आयी है। प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धिझ के दृष्टिकोण के अनुसार, बहुउद्देशीय पैक्स ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की आधारशिला बन जाएगी, जिसका लक्ष्य प्रत्येक गांव में कम से कम एक ऋण, डेयरी, या मत्स्य सहकारी समिति होना है। यह पहल डेयरी, मत्स्य पालन, अन्य क्षेत्रों में ऋण पहुंच और व्यावसायिक अवसरों को बढ़ाने पर केंद्रित है । देश के हर गांव और पंचायत को कवर करने के लिए 2 लाख नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां स्थापित करने की योजना केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में जारी है और यह पहल ग्रामीण समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सहकारिता मंत्रालय की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इस योजना को दो आयामी कार्ययोजना के साथ लागू किया जा रहा है।

1. अगले पांच वर्षों में सभी पंचायतों और गांवों को कवर करने वाली नई बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों की स्थापना
2. मौजूदा सहकारी समितियों का सुदृढ़ीकरण अगले पांच वर्षों में 70,000 बहुउद्देशीय पैक्स, 56,000 नई बहुउद्देशीय डेयरी सहकारी समितियां और 6,000 नई बहुउद्देशीय मत्स्य सहकारी समितियां स्थापित करने तथा मौजूदा समितियों को मजबूत करने का लक्ष्य है।

**मार्गदर्शिका का क्रियान्वयन**

इस योजना के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा एक मार्गदर्शनिका का शुभारंभ किया गया है । इस पुस्तिका में मानक प्रक्रियाओं, लक्ष्यों, समयसीमाओं, विशिष्ट भूमिकाओं और जिम्मेदारियों और एक निगरानी तंत्र की रूपरेखाएं दी गई हैं। बहुद्देशीय पैक्स के लिए दिशानिदेर्शों ने राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों दोनों को योजना को संरचित तरीके से निष्पादित करने में सक्षम बनाया है । बहुद्देशीय पैक्स के गठन में नाबार्ड, एनडीडीबी और एनएफडीबी जैसे भागीदार सक्रिय रूप से शामिल हैं। इस पहल का एक महत्वपूर्ण पहलू डेयरी प्रसंस्करण और अवसंरचना कोष, राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम और प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित भारत सरकार की योजनाओं का अभिसरण है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन एक निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर संतुलित विकास की सुविधा प्रदान कर रहा है। राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरीय समितियों के साथ-साथ अंतर-मंत्रालय समिति के माध्यम से प्रभावी समन्वय स्थापित किया गया है। सहकारिता मंत्रालय के द्वारा नियमित निगरानी और समर्थन इसके प्रभावी कार्यान्वयन को मजबूती प्रदान करता है।

**राज्यों की उपलब्धियां**

राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस के अनुसार देश में 10,458 नए बहुउद्देशीय पैक्स पंजीकृत किए गए हैं। बहुउद्देशीय डेयरी सहकारी समितियों, बहुउद्देशीय मत्स्य सहकारी समिति और बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के गठन से ग्रामीण पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार होगा और लोगों के लिए अपार अवसर खुलेंगे । इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में छोटे और सीमांत किसानों, वंचित और कमजोर लोगों की भागीदारी में सुधार होगा। आकांक्षी और वंचित जिलों और पंचायतों में बहुउद्देशीय पैक्स के माध्यम से सदस्य-केंद्रित और समावेशी विकास मॉडल से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर कई गुना प्रभाव पड़ेगा।

# हमारा संविधान, सुप्रीम कोर्ट और समाजवाद की परिभाषा

(आलेख : प्रभात पटनायक, अनुवाद : राजेंद्र शर्मा)

मुख्य न्यायाधीश समाजवाद को एक संस्थागत रूप देने से परहेज करते हैं। दुनिया भर में समाजवाद की संज्ञा से यही अर्थ लिया जाता है कि उत्पादन के साधनों पर सामाजिक स्वामित्व हो और कम से कम उत्पादन के कुंजीभूत साधनों पर तो सामाजिक स्वामित्व अवश्य ही हो। लेकिन, भारत के मुख्य न्यायाधीश समाजवाद को स्वामित्व की संस्था के पहलू से परिभाषित करने के बजाए, परिणाम के पहलू से परिभाषित करते हैं और यह सुझाते हैं कि निजी उद्यम, समाजवाद के साथ बेमेल नहीं है। असली बात यह है कि एक कल्याणकारी राज्य स्थापित किया जाए, जिसमें सभी नागरिकों के लिए अवसर की बराबरी सुनिश्चित हो।

समाजवाद की संस्थागत परिभाषा, जिसमें उसे उत्पादन के साधनों के स्वामित्व के पहलू से परिभाषित किया जाता है, व्यापक पैमाने पर इसलिए इस्तेमाल की जाती है कि सामाजिक स्वामित्व को ऐसा कल्याणकारी राज्य सुनिश्चित करने के लिए, जिसमें अवसर की समानता है, आवश्यक शर्त माना जाता है। बहरहाल, मुख्य न्यायाधीश की बात का आशय यह था कि इस परिणाम को, सामाजिक स्वामित्व की संस्था के बिना भी हासिल किया जा सकता है। बेशक, समाजवाद का संबंध सिर्फ ऐसा कल्याणकारी राज्य स्थापित करने से ही नहीं है, जिसमें अवसर की समानता हो। उसका लक्ष्य इससे कहीं दूर तक जाता है। उसका लक्ष्य है, समाज में एटम की तरह अलग-अलग कर दिए गए व्यक्तियों के रूप में पूंजीवाद जो बिखराव लाता है, उस अवस्था का अतिक्रमण करने के जरिए, एक नये समुदाय का निर्माण। लेकिन, ऐसे नये समुदाय की पहचान में ऐसा कल्याणकारी राज्य भी शामिल है, जिसमें अवसर की समानता हो। नुक्ता यह है कि क्या ऐसा कल्याणकारी राज्य, जिसमें अवसर की समानता हो, उत्पादन के साधनों के सामाजिक स्वामित्व के बिना हासिल किया जा सकता है?

**बेरोजगारी के रहते अवसर की समानता नहीं**

हमारा मानना है कि यह संभव नहीं है। फिर भी, निजी उद्यम और अवसर की समानता के बीच के अंतर्विरोध की कुछ स्वतःस्पष्ट मिसालों को उद्धरित करने के अलावा, हम यहां इस बहस में नहीं पड़ना चाहेंगे। इसके बजाए, हम तो सुप्रीम कोर्ट से यही आग्रह करेंगे कि अवसर की समानता के प्रति मुख्य न्यायाधीश की वचनबद्धता पर कायम रहे और इसकी पड़ताल करे कि अवसर की समानता के लिए किस तरह के समाज की जरूरत होगी।

यह इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि शायद यह तो कोई भी नहीं कह सकता है कि वर्तमान भारतीय समाज, जहां एक छोर पर संपदा का संकेंद्रण बढ़ रहा है और दूसरे सिरे पर बेरोजगारी तथा पोषणगत गरीबी बढ़ रही है, अवसर की समानता सुनिश्चित करने की दिशा में बढ़ रहा है। लेकिन, तब सवाल यह उठता है कि अवसर की समानता की ओर इस तरह की प्रगति की क्या निशानियां हैं?

साफ है कि एक ऐसी दुनिया में जहां बेरोजगारी हो या मार्क्स के शब्दों में, श्रम की सुरक्षित सेना मौजूद हो, अवसर की कोई समानता नहीं हो सकती है। बे-रोजगारों की आमदनियां, बा-रोजगारों से काफी कम होती हैं, फिर भले ही उन्हें बेरोजगारी भत्ता क्यों नहीं मिल रहा हो। इसलिए, बेरोजगारों के बच्चों को तरह-तरह की वंचनाएं झेलनी पड़ रही होंगी, जिससे उनके और बाकी लोगों के बच्चों के बीच अवसर की समानता एक असंभव सी बात हो जाएगी।

बेरोजगारी से पैदा होने वाली आर्थिक असमानता के अलावा, बेरोजगारी से जुड़ा कलंक, बेरोजगार व्यक्ति में अपनी निरर्थकता का एहसास भी पैदा करता है, जो अनिवार्य रूप से बेरोजगार व्यक्ति की संततियों के बचपन को एक प्रकार के अपघात का शिकार बना देता है। इस तरह के अपघात को, जिसे मिटाना अवसर की समानता के लिए जरूरी है, उसी स्थिति में मिटाया जा सकता है, जब बेरोजगारी को ही मिटा दिया जाए।

**निजी उद्योग के लिए बेरोजगारी जरूरी**

बेरोजगारी से पैदा होने वाली आर्थिक वंचना से उबरने का एक उपाय यह हो सकता है कि बेरोजगारों की भी आय उतनी ही कर दी जाए, जितनी रोजगार शुदा की हो यानी बेरोजगारी भत्ते को, मजदूरी की दर के बराबर कर दिया जाए। लेकिन, निजी उद्यम वाली अर्थव्यवस्था में तो यह हो ही नहीं सकता है। बेरोजगारी की मौजूदगी, मजदूरों को अनुशासित करने के हथियार के रूप में काम करती है और



यह सिर्फ पूंजीवाद के अंतर्गत ही नहीं होता है, बल्कि हरेक ऐसी अर्थव्यवस्था में होता है, जहां निजी क्षेत्र की उल्लेखनीय उपस्थिति हो। इसलिए, बेरोजगारों को रोजगार शुदा जितनी मजदूरी मिलना या दूसरे शब्दों में कहें तो बेरोजगारी भत्ते की दर, मजदूरी की दर के बराबर किया जाना, इस तरह की किसी भी अर्थव्यवस्था में स्वीकार्य नहीं होगा, क्योंकि इससे मजदूरों को अनुशासित करने का हथियार ही चला जाएगा। इस तरह की सूरत में तो काम से हटाए जाने का दंडात्मक प्रभाव ही खत्म हो जाएगा और ऐसा ही उस सूरत में भी होगा, यदि किसी अर्थव्यवस्था में सचमुच पूर्ण रोजगार की स्थिति हो।

इसलिए, एक ओर अवसर की समानता और दूसरी ओर, निजी उद्यम के बीच पहला अंतर्विरोध, बेरोजगारी के प्रश्न पर सामने आता है। बहरहाल, मुख्य न्यायाधीश चाहे इससे सहमत हों या नहीं हों, कम से कम इतना तो उन्हें भी मानना पड़ेगा कि बेरोजगारी की मौजूदगी, अवसर की समानता के रास्ते में एक बाधा है।

**संपदा की असमानता हो, तो अवसर की समानता कहां?**

अवसर की समानता सुनिश्चित करने की दूसरी स्वतःस्पष्ट शर्त यह है कि उत्तराधिकार में संपदा हासिल होने के मौकों को पूरी तरह से खत्म किया जाए या कम से कम उसमें भारी कमी तो जरूर ही कर दी जाए। एक अरबपति के बेटे और एक मजदूर के बेटे के बीच अवसर की समानता कैसे मानी जा सकती है, जब अरबपति के बेटे को उत्तराधिकार में अपने पिता से अरबों रुपए मिलने जा रहे हों। वास्तव में पूंजीवादी अर्थशास्त्र तक, जो पूंजीपतियों के मुनाफों को और इसलिए संपदा को, उनमें किसी खास गुण की मौजूदगी का परिणाम मानता है, जो गुण दूसरों में नहीं होता है, संपदा के उत्तराधिकार का बचाव नहीं कर सकता है, क्योंकि यह इस तरह का उत्तराधिकार तो उसकी इस दलील के ही खिलाफ जाता है कि संपदा, उसके धारक के किसी विशेष गुण का परिणाम होती है। इसीलिए, ज्यादातर पूंजीवादी देशों में इस तरह की विरासत पर बहुत ज्यादा कर लगाया जाता है। जापान में इस कर की दर 55 फीसद है और अन्य प्रमुख देशों में 40 फीसद के करीब है। हैरानी की बात है कि भारत में ऐसी विरासत पर कोई कर ही नहीं लगता है, जो कि अवसर की समानता से ठीक उल्टा जाता है।

अवसर की समानता की तीसरी शर्त यह है कि विरासत की संपदा पर रोक लगाए जाने के अलावा संपदा के अंतर को भी कम से कम किया जाए। संपदा के साथ ताकत आती है, जिसमें राजनीतिक तथा सामाजिक ताकत भी शामिल है। और जिस समाज में ताकत या सत्ता के वितरण में असमानता हो, उसमें सब को समान अवसर मिल रहा हो, ऐसा नहीं माना जा सकता है। इसलिए, इसके अलावा कि संपदा के माता-पिता से बच्चों के लिए हस्तांतरण की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए, माता-पिता के रहते हुए उनके बच्चों को उनकी संपदा के अनुचित बढ़त के रूप में, संपदा के प्रभावों को भी रोका जाना जरूरी है। और इसके लिए संपदा के अंतर को कम से कम किया जाना जरूरी है। और यही बात आय की असमानताओं पर भी लागू होती है; अवसर की असमानता सुनिश्चित करने के लिए इसे भी कम से कम किया जाना चाहिए।

**शिक्षा और स्वास्थ्य : सार्वजनिक और समान हों**

चौथी स्वतःस्पष्ट शर्त यह है कि आर्थिक असमानता को, संतति की शैक्षणिक योग्यता या कौशल-प्राप्ति के आड़े नहीं आने दिया जाना चाहिए। यह इसका तकाजा करता है कि शिक्षा तथा कौशल-प्राप्ति तक सब को समान पहुंच हासिल होनी चाहिए और यह सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली के जरिए ही संभव है, जो श्रेष्ठतर स्तर का शैक्षणिक प्रशिक्षण या तो मुफ्त या बिल्कुल नाममात्र के दाम पर मुहैया कराए, जिस तक सभी को पहुंच हासिल हो सके। नव-उदारवाद के तहत हमारे देश में और अन्यत्र भी जो निजीकरण हो रहा है, जो छात्रों की विशाल संख्या को शिक्षा के दायरे से बाहर कर के अवसर की समानता का मजाक बना देता है, उसके विपरीत उच्च स्तर की और सबके लिए पूरी तरह से सुलभ सार्वजनिक शिक्षा को सार्वभौम बनाया जाना जरूरी है। वास्तव में इस तरह की सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली के रहते हुए भी, जब तक महंगी निजी शिक्षा संस्थाएं बनी रहती हैं, उनके साथ एक झूठी प्रतिष्ठा लगी रह सकती है, जो इस तरह की संस्थाओं से भर्तियों को आसान बनाने के जरिए, अवसर की समानता में पलीता लगा सकती है। इसकी काट यह सुनिश्चित करने के जरिए करनी होगी कि निजी संस्थाएं अगर बनी भी रहती हैं तो, उन्हें सार्वजनिक संस्थाओं से ज्यादा फीस लगाने की इजाजत नहीं दी जाए। संक्षेप में यह कि निजी संस्थाओं के रूप में सिर्फ दातव्य संस्थाओं की ही इजाजत होनी चाहिए।

पांचवीं शर्त का संबंध स्वास्थ्य देख-रेख से है और इसके मामले में भी ठीक ऊपर बताए तकाजे ही लागू होते हैं। सरकार के तत्वावधान में, एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा के जरिए उच्च स्तर की सार्वभौम स्वास्थ्य देख-भाल, जो पूरी तरह से मुफ्त हो या नाम मात्र की ही कीमत मांगती हो जिसका बोझ सब उठा सकते हों, अवसर की समानता के लिए एक आवश्यक शर्त है।

**कल्याणकारी राज्य समाजवाद तो नहीं, फिर भी स्वागत योग्य**

ये अवसर की समानता सुनिश्चित करने की कुछ पूरी तरह से स्वतःस्पष्ट और फिर भी न्यूनतम शर्तें हैं। यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद की सोशल डेमोक्रेसी भी, जिसने विकसित पूंजीवादी देशों में कल्याणकारी राज्य का निर्माण किया था और बेरोजगारी को न्यूनतम स्तर पर, (1960 के दशक के आरंभ में ब्रिटेन में 2 फीसद के करीब) रखने के लिए केन्सवादी मांग प्रबंधन का उपयोग किया था, न तो सच्ची अवसर की समानता सुनिश्चित कर पायी थी और न ही एक टिकाऊ उपलब्धि बनी रह पायी थी।


## समय बदलते बदल जाला लोग

कइसन बा जमाना इ कइसन बा लोग
समय बदलते बदल जाला लोग
दूसरे के दर्द मे खूब हसेला लोग
अपने पर जब पड़े त समझेला लोग
कइसन बा जमाना इ कइसन बा लोग
समय बदलते बदल जाला लोग,

घरमे पड़ोसी भूखा सोवे
पंछी के चारा खिलावत बा लोग
जीते जी जे पानी के ना पूछल
मर गइला पर गंगा मे अस्थि बहावत बा लोग
कइसन बा जमाना इ कइसन बा लोग
समय बदलते बदल जाला लोग,

चारो तरफ भीड़ बा,फिर भी अकेला बा लोग
अपने भाई से रिश्ता तोड़
गैर से रिश्ता निभावत बा लोग
माई बाप के छोड़, घरमे जागरण करावत बा लोग
कइसन बा जमाना इ कइसन बा लोग
समय बदलते बदल जाला लोग,

कहे के त सब आपन बा
पर मौका देख बदल जाला लोग
दूसरे से उम्मीद केहू का करी
अपने ही औलाद से हार जाला लोग
कइसन बा जमाना इ कइसन बा लोग
समय बदलते बदल जाला लोग '



महेश कुमार प्रजापति

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# क्रिसमसः प्रभु यीशु के जीवन से प्रेरित करुणा और सेवा का पवित्र उत्सव




प्रो.आरके जैन "अरिजीत", बड़वानी (म.प्र.)

क्रिसमस, हर वर्ष 25 दिसंबर को मनाया जाने वाला पर्व, केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है; यह प्रेम, शांति और मानवता के मूल्यों का अनुपम प्रतीक है। यह दिन प्रभु यीशु मसीह के अवतरण की पुण्य स्मृति में समर्पित है। ईश्वर के अवतार माने जाने वाले यीशु मसीह ने अपने जीवन के माध्यम से सत्य, करुणा और निष्काम सेवा का अद्वितीय संदेश दिया, जो समस्त मानव जाति के लिए पथप्रदर्शक बना। उनके उपदेशों ने ऐसे समाज की परिकल्पना की, जहाँ समानता, सहिष्णुता और परोपकार के आदर्श सर्वोपरि हों। क्रिसमस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि यह मानवीय मूल्यों की विजय और आत्मिक जागृति का दिवस है। यह पर्व हमें न केवल आत्मनिरीक्षण करने, बल्कि अपने कर्मों का आकलन करने और समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्वों को समझने का सुअवसर प्रदान करता है। क्रिसमस की यह ज्योति हर हृदय में प्रेम, दया और समर्पण का आलोक फैलाने का आह्वान करती है। करीब दो सहस्राब्दियों पूर्व, जब समाज अन्याय, अज्ञानता और भेदभाव के अंधकार में डूबा हुआ था, प्रभु यीशु मसीह का जन्म एक साधारण गौशाला में हुआ। बेथलहम के उस विनम्र स्थान ने एक ऐसे व्यक्तित्व को जन्म दिया, जिसने करुणा और सत्य के आदर्शों से दुनिया को आलोकित किया। मरियम, जिन्हें स्वर्गदूत गेब्रियल ने ईश्वर के पुत्र को जन्म देने का संदेश दिया था, ने अपने शिशु के रूप में मानवता के उद्धारकर्ता को प्राप्त किया। प्रभु यीशु का जन्म इस बात का प्रतीक था कि महानता साधारण परिवेश में भी जन्म ले सकती है। उन्होंने अपने जीवन के प्रत्येक क्षण से यह सिद्ध किया कि सच्ची आध्यात्मिकता बाहरी आडंबर में नहीं, बल्कि मानवीय सेवा और दया में निहित है। उन्होंने समाज को यह सिखाया कि धर्म का उद्देश्य केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं है, बल्कि वह मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। क्रिसमस का त्योहार अपने अद्वितीय वैश्विक स्वरूप और सांस्कृतिक विविधताओं के लिए प्रसिद्ध है। यह पर्व न केवल धार्मिक समुदायों को, बल्कि विभिन्न जातियों, संस्कृतियों और धर्मों को भी एकता के सूत्र में बाँधता है। भारत जैसे बहुरंगी संस्कृति वाले देश में, क्रिसमस को अत्यंत उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। चर्चों में आधी रात की प्रार्थनाएँ, घरों की भव्य सजावट, उपहारों का आदान-प्रदान और सांता क्लॉज की प्रतीक्षा इस पर्व को विशिष्ट बनाती हैं। क्रिसमस ट्री, जो जीवन के शाश्वत मूल्यों का प्रतीक है, घरों और सार्वजनिक स्थलों की शोभा बढ़ाता है। भारत में विशेष रूप से पॉइन्सेत्तिया के गहरे लाल रंग के पौधों और मोमबत्तियों से सजावट की जाती है।

विश्व के विभिन्न देशों में क्रिसमस अपने विशिष्ट अंदाज में मनाया जाता है, जिससे इसकी वैश्विकता और आकर्षण और भी बढ़ जाता है। पश्चिमी देशों में क्रिसमस ट्री पर सजावट जीवन के सतत चक्र और नवीकरण का प्रतीक मानी जाती है। पोलैंड में मकड़ी के जाल से ट्री सजाने की परंपरा, जापान में केएफसी पर भोजन, और ब्रिटेन में क्रिसमस क्रैकर्स की परंपरा इस पर्व के अनूठे आयाम प्रस्तुत करती हैं। स्वीडन में डोनाल्ड डक के कार्टून देखने की परंपरा और जर्मनी में ह्लएड्वेंट कैलेंडरह्व के साथ पर्व की प्रतीक्षा, इस त्योहार के सांस्कृतिक रंगों को और भी समृद्ध करती है। इन परंपराओं के माध्यम से क्रिसमस का संदेश – प्रेम, शांति, और सद्भाव – दुनिया के हर कोने में गूँजता है। क्रिसमस का असली सार प्रेम, दया और सेवा में निहित है। यह पर्व हमें अपने भीतर झाँकने और यह समझने का अवसर देता है कि सच्ची खुशी भौतिक सुख-सुविधाओं में नहीं, बल्कि दूसरों की भलाई में है।

# भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती 25 दिसंबर को विशेष

अटल बिहारी वाजपेयी जिनका आज जन्म दिन है आजाद भारत में पैदा हुए पांच शानदार नेताओं में से एक थे। इन सभी पाँच नेताओं का देश की जनता पर गहरा और लगभग पूर्ण प्रभाव था। उनका कद, शैली, मानक और बोलबाला अद्वितीय और अभूतपूर्व था/हैं। ये पांच नेता थे/हैं महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी और नरेंद्र मोदी। जबकि पहले तीन राष्ट्रीय नेता विचारधारा की एक धारा का प्रतिनिधित्व करते थे, बाद के दो विचारधारा की बिल्कुल अलग धारा का प्रतिनिधित्व/ प्रतिनिधित्व करते थे, जो पहले से बिल्कुल अलग है। इन्ही में से एक अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने राष्ट्र के प्रति सेवा काल में बहुत ही उत्कृष्ट काम किए जिन्हें विरोधी दल पचा नहीं पा रहे थे । उन्हें लगता था कि यदि अटल बिहारी वाजपेयी इसी प्रकार आगे बढ़ते रहे तो लोग उन्हें (विपक्षी दलों ) को भूल जाएंगे । परन्तु वाजपेयी ने अपनी विचारधारा का लगातार अनुसरण करते रहे लेकिन भारत में तत्कालीन चुनावी राजनीति की मजबूरियों ने उन्हें गठबंधन की राजनीति का नेतृत्व करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस कला में दोनों स्थितियों में महारत हासिल की, जब वे विपक्ष में थे और तब भी जब वे सत्ता पक्ष में थे।



अशोक भाटिया, मुंबई

राजनीति और सार्वजनिक जीवन में अपने लंबे अनुभव से, उन्होंने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओ, दूसरी पीढ़ी के नेतृत्व और करीबी अनुयायियों के लिए सीखने के लिए कई सबक छोड़े। समय की विडम्बना थी कि जब 1996 में प्रधान मंत्री के रूप में अपने पहले कार्यकाल के दौरान जब उन्हें लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव का सामना करना पड़ा तो उनकी सरकार केवल एक वोट से गिर गई । उस समय उन्होंने लोकसभा में अपने शानदार भाषण में कहा था कि सरकारें आएंगी और जाएंगी, नेता आएंगे और जाएंगे, लेकिन यह देश सहना होगा, टिकना होगा......अगर आप (विपक्ष) हमें हटाकर सरकार बनाना चाहते हैं, तो बना सकते हैं, लेकिन मुझे उम्मीद नहीं है कि यह टिकेगी। भाजपा ऐसी पार्टी नहीं है एक कुकुरमुत्ते की तरह उग आया है, इसने जनता के बीच अपनी जगह बनाने के लिए चालीस साल तक काम किया है ...... आज आप (विपक्ष) हम पर हंस रहे हैं क्योंकि हमारे पास सीटें कम हैं, लेकिन एक दिन पूरा देश ऐसा करेगा आप पर हंसें। हम जरूरी संख्या के साथ वापस आएंगे और जो मिशन हमने अपने हाथ में लिया है, उसका पालन करते रहेंगे। उन्होंने अपने मिशन को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए संख्याओं के महत्व को रेखांकित किया। संसद में भाजपा के लिए पूर्ण संख्या प्राप्त करने का उनका सपना उनके ऐतिहासिक भाषण के 18 साल बाद 2014 में उनके सबसे करीबी शिष्यों में से एक नरेंद्र मोदी के भाषण के बाद साकार हुआ। 1996 के बाद, वाजपेयी दो बार भारत के प्रधान मंत्री चुने गए लेकिन दोनों समय; उन्हें गठबंधन सरकार बनानी पड़ी क्योंकि दोनों बार भाजपा केवल 182 सीटें जीत सकी, जो आवश्यक बहुमत से नब्बे एक कम थी।

# राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवसः उपभोक्ता के बढ़ते शोषण पर अंकुश जरूरी



ललित गर्ग

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में एक है और यह आजादी की शताब्दी वर्ष 2047 तक उच्च मध्य आय के दर्जे तक पहुंचने की आकांक्षा के साथ विश्व बाजार बनने के पथ पर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। देश यह भी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि भारतीय बाजार एक ऐसी आदर्श बाजार व्यवस्था को स्थापित करें जिसमें उपभोक्ताओं की ठगी की बढ़ती घटनाएं पर पूर्णतः नियंत्रण हो। इसके लिये उपभोक्ता में उत्पादकता और गुणवत्ता संबंधित जागरूकता को बढ़ाने, जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट, अधिक दाम, कम नाप-तौल, ठगी इत्यादि संकटों से उपभोक्ता को मुक्ति दिलाने एवं उपभोक्ता संरक्षण कानूनों के बारे में लोगों को जानकारी देकर उपभोक्ता के हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से भारत में 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में उपभोक्ता का मतलब ही ठगी का शिकार हो गया है। देश का प्रत्येक आदमी कहीं न कहीं अक्सर ठगा जा रहा है। आनलाइन बाजार व्यवस्था एवं ई-बाजारवाद में ठगी की घटनाएं एक बड़ी समस्या एवं चुनौती बन गयी है। सरकार ने उपभोक्ता के अधिकारों के संरक्षण के लिए कानून भी बनाया है। उन्हें जगाने के निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। फिर भी उपभोक्ता सोये हैं, जबकि मुनाफे के लिए छल के नए-नए तरीके आजमाए जा रहे हैं, क्योंकि दो तिहाई से ज्यादा आबादी अपने ही अधिकारों के प्रति सतर्क नहीं है।




उपभोक्ताओं को शोषण से बचाने के लिए इसी दिन 24 दिसंबर, 1986 को भारत सरकार ने ऐतिहासिक उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-1986 लागू किया गया था। इस अधिनियम एवं बाद में किये गये संशोधनों का उद्देश्य उपभोक्ताओं का दोषपूर्ण वस्तुओं, लापरवाह सेवाओं एवं अनुचित व्यापार प्रथाओं से संरक्षण करना है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के छह मौलिक अधिकार सुरक्षा का अधिकार, चुनने का अधिकार, सूचित किये जाने का अधिकार, सुनवाई का अधिकार, निवारण पाने का अधिकार एवं उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार हैं। यह दिन भारतीय ग्राहक आन्दोलन के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा गया है। उपभोक्ता संरक्षण कानून से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य यह है की किसी भी शासकीय पक्ष ने इस विधेयक को तैयार नहीं किया बल्कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने प्रथमतः इस विधेयक का मसौदा तैयार किया। हम में से हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में उपभोक्ता है। कोई व्यक्ति जो अपने उपयोग के लिये सामान खरीदता है, वह उपभोक्ता है। उपभोक्ता क्योंकि संगठित नहीं हैं इसलिए हर जगह ठगा जाता है। इसलिए उपभोक्ता को जागना होगा और खुद को इन संकटों से बचाना होगा। बहुत कम उपभोक्ता जानते होंगे कि उनके क्या अधिकार हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के माध्यम से उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाता है और इसके साथ ही अगर वह धोकाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली, ठगी आदि का शिकार होते हैं तो वह इसकी शिकायत कर सकें। इस कानून में जीवन एवं संपत्ति के लिए हानिकारक सामान और सेवाओं की बिक्री के खिलाफ सुरक्षा का अधिकार दिया गया है, खरीदी गई वस्तु की गुणवत्ता, मात्रा, क्षमता, शुद्धता, स्तर और मूल्य, जैसा भी मामला हो, उसके बारे में जानकारी का अधिकार एवं इसके लिए आवाज उठाने का अधिकार है। बढ़ते बाजारवाद एवं उदारीकरण के इस दौर में जैसे ही हम अपनी जरूरत की कोई चीज या सेवा लेते हैं, तभी उपभोक्ता का ठप्पा हमारे ऊपर लग जाता है। कायदे से किसी चीज या सेवा के एवज में चुकाई जाने वाली कीमत में किसी भी तरह की घोखाधड़ी एवं ठगी नहीं होना चाहिए, लेकिन अक्सर उपभोक्ता ठगे जाते हैं। खराब गुणवत्ता की चीजें और सेवा प्रदाता से अपने अधिकारों के हक की लड़ाई ही जागरूक उपभोक्ता की पहचान है। उपभोक्ता दिवस मनाते हुए हम केवल उपभोक्ता अधिकारों की ही बात नहीं करते बल्कि उपभोक्ता की उन्नत एवं सम्यक सोच को भी विकसित करते हैं। आर्थिक विसंगतियों एवं विषमताओं को दूर करने के लिये उपभोक्ता जागृति जरूरी है। आज का उपभोक्तावादी दृष्टिकोण एक प्रकार का सम्मोहन बन गया है, हिस्टीरिया की बीमारी बन गया है। सम्मोहन करने वाला जैसा नचायेगा, उपभोक्ता वैसा ही नाचेगा, फिर उपभोक्ता संरक्षण कैसे संभव होगी? यह तभी संभव है जब हमारा उपभोग के प्रति सम्यक दृष्टिकोण होगा। नया उपभोक्तावाद एक प्रकार से नई हिंसा का उपक्रम है। हिंसा, प्रतिस्पर्धा, सत्ता की दौड़ एवं आर्थिक साम्राज्य को इससे नया क्रूर आकार मिला है। क्योंकि उपभोक्तावाद की अंधी दौड़ ने व्यक्ति को संग्रह, सुविधा, सुख, भोग-विलास एवं स्वार्थ से जोड़ दिया है। स्वार्थों के संघर्ष में अन्याय, शोषण एवं अनैतिकता होने लगी। आज की उपभोक्तावादी एवं सुविधावादी जीवन-धारा में जैसे-जैसे भोगवाद बढ़ता जारहा है, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, प्रकृति दोहन, आतंकवाद, युद्ध, संघर्ष की स्थितियों बढ़ती जा रही है। समाज, राष्ट्र एवं विश्व में व्याप्त प्रदर्शन, दिखावा एवं फिजुलखर्ची पर नियंत्रण जरूरी है। सरकार की ओर से उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है, उनके हितों का संरक्षण भी किया जा रहा है, इसी की निष्पत्ति है जागो ग्राहक जागो जैसे अभियान। उपभोक्ता अधिकारों पर काम करने वाली एनजीओ कट्स (सीयूटीएस) इंटरनेशनल ने समय-समय पर सर्वे के माध्यम से पता लगाया है कि कितने उपभोक्ता ठगे जाते है और कितने उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति सचेत है। उपभोक्ता मंत्रालय के व्यापक जागरूकता अभियान के बावजूद गलत उत्पाद बेचकर मुनाफा कमाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसी ठगी के शिकार 90 प्रतिशत लोगों ने तो कभी शिकायत ही नहीं की है।

# प्रदूषण से मुक्ति के लिए एक थैला,एक थाली,गिलास के अभियान की होगा शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ।** गंगा समग्र के बैनर तले बरेली में एक कार्य योजना बैठक का आयोजन किया



गया। जिसमें 7, 8 व 9 फरवरी कार्यकर्ता संगम जोकि प्रयागराज में आयोजित होगा। कार्यकर्ता संगम के लिए कार्य योजना बनाते हुए कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रांत संगठन मंत्री विजय जी ने बताया कि इस कार्यकर्ता संगम में ही नई कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा एवं प्रदूषण से मुक्ति के लिए एक थैला, एक थाली, गिलास के अभियान की कार्य योजना भी इसी बैठक में बनाई जाएगी। प्रान्त संयोजक रवि शरण जी ने कार्यक्रम के संचालन की कार्य विधि के बारे में चर्चा की। 29 और 30 दिसंबर को प्रयागराज में गंगा समग्र के सभी संगठन मंत्रियों, प्रांतीय संयोजकों एवं सहसंयोजकों की अखिल भारतीय कार्यकारिणी की बैठक भी होने वाली है इस बैठक का संचालन प्रांत संयोजक रवि शरण जी ने किया बैठक में क्षेत्रीय संयोजक अवधेश जी, भाग प्रमुख अमित जी सहित संगठन की कोर कमेटी के प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# के. के. पब्लिक स्कूल में मदन मोहन मालवीय और अटल जी की जयंती मनाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी )।** लश्कर गंज स्थित के. के. पब्लिक स्कूल में पंडित मदन मोहन मालवीय व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल मैनेजर सुशील कुमार, सचिव संजीव कुमार व प्रधानाचार्य डॉ. उत्तम सिंह ने उनके चित्रों पर पुष्प माला अर्पित कर नमन किया तथा टीचर व छात्र-छात्राओं ने भी उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। स्कूल मैनेजर सुशील कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेई जी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को ग्वालियर में हुआ। वे अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते थे।वे हिंदी कवि, पत्रकार व एक प्रखर वक्ता थे। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लिया। ये लगातार दो बार भारत के प्रधानमंत्री बने। 16 अगस्त 2018 को लंबी बीमारी के पश्चात इनका निधन हुआ तथा पंडित महामना मदन मोहन मालवीय जी का जन्म 25 दिसंबर 1861 को इलाहाबाद में हुआ। उन्होंने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी की स्थापना की। उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने सत्यमेव जयते का नारा दिया। वे 1909 व 1918 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। इन्होंने हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र हिंदुस्तान का संपादन किया। पंडित मालवीय जी का निधन 1946 ईस्वी में हुआ। इन्हें मरनोपरांत सन 2014 में भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारतीय रत्न प्रदान किया। आज के. के. मोंटसरी स्कूल में क्रिसमस डे की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ, इसमें स्कूल की मोंटेसरी विभाग के छोटे-छोटे बच्चे सैंटैक्लौस की ड्रेस में स्कूल आए तथा सभी बच्चों ने जिंगल बेल जिंगल बेल गीत गाया तथा डांस भी किया। एक छात्रा ने सांताक्रुज की ड्रेस पहनकर छोटे-छोटे बच्चों को गिफ्ट के रूप में ट्रॉफी वितरित की तथा सभी को क्रिसमस डे की बधाई प्रेषित की गई।





# अंतर्राष्ट्रीय जल रंग कार्यशाला हेतु देहरादून में उमड़ेंगे देश विदेश के प्रतिष्ठित कलाकार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** देहरादून के प्रेम नगर स्थित रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय के डॉ.मुक्ति भटनागर सुभारती स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स एंड फैशन डिजाइन एवं पूर्वोदय आर्ट फाउंडेशन उड़ीसा के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय 5 वीं वर्णम अंतर्राष्ट्रीय जल रंग कार्यशाला का आयोजन होने जा रहा है। कार्यशाला का भव्य शुभारंभ आगामी 26 दिसम्बर 2024 को किया जाएगा।कार्यशाला के संयोजक व ललित कला विभागाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि 26 एवं 27 दिसम्बर को आयोजित होने वाली कार्यशाला में आठ देशों के कलाकार जिसमें श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार, नीदरलैंड ,कोरिया, थाईलैंड, नाइजीरिया, वियतनाम सहित भारत के विभिन्न राज्यों के साथ 57 भारतीय कलाकार तथा 250 छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे।

**सुभारती विश्वविद्यालय देहरादून में लगेगा अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों का मेला**

इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री श्री प्रेम चंद्र अग्रवाल पधारेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डायरेक्टर जनरल ईसीएस डीआरडीओ बैंगलोर से डॉ.बी. के दास, पूर्वोदय आर्ट फाउंडेशन उड़ीसा के अध्यक्ष प्रताप कुमार एवं मनोज सिंह उपस्थित होंगे।

कार्यशाला की सफलता हेतु सुभारती समूह के संस्थापक डॉ.अतुल कृष्ण, रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.राजेश मिश्रा, प्रतिकुलपति डॉ. हिमांशु ऐरन एवं सहायक निदेशक अकादमिक अवनि कमल ने अपनी शुभकामनाएं दी है।

कुलपति डॉ.राजेश मिश्रा ने बताया कि इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को कला के क्षेत्र का विस्तृत ज्ञान मिलेगा। इसके साथ ही देश विदेश से आ रहे कलाकारों के अनुभव से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होगा।

# मेरठ महोत्सव में मवाना परियोजना व अन्य परियोजनाओं के स्टॉल लगाकर प्रदर्शन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** मेरठ महोत्सव में मवाना परियोजना व अन्य परियोजनाओं के द्वारा मीलेटृस के व्यंजन बनाकर स्टॉल लगाकर प्रदर्शन किया गया। मीलेटृस (Millet) एक प्रकार का अनाज है जो पोषक तत्वों से भरपूर होता है। उ०प्र० पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत मिलेट्स रेसिपी वि कास एवं जागरूकता कार्यक्रम एवं मिलेट्स मेला प्रदर्शनी का आयोजन मेरठ महोत्सव में किया गया जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा मोटे अनाज (मटर, कुट्ट, कंगनी, जौ, कुट्टू गिरि, ज्वार, बाजरा, चौलाई, रागी, सावां, मक्का) की रेसिपी तैयार कर विभागीय स्टाल के अन्तर्गत प्रदर्शित किया गया। गेहूं के आटे के शक्कर पारे ,बाजरे के आटे की टिक्की ,मकई के आटे के बिस्कुट ,बाजरे के लड्डू, बाजरे के आटे की इडली, सवई की खीर, बाजरे के चीले ,बाजरे,ज्वार की इडली , चौलाई के लड्डू मक्के के आटे की पूरी आदि। सभी आगंतुक को रैसिपी को चखाया भी गया साथ ही बनाने की विधि भी बताई गई एवं इसके स्वास्थ्य लाभ बताए गए प्रोटीन का अच्छा स्रोतः मीलेटृस में प्रोटीन की अच्छी मात्रा होती है, जो शरीर के लिए आवश्यक है। फाइबर का अच्छा स्रोत*ः मीलेटृस में फाइबर की अच्छी मात्रा होती है, जो पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद करता है।विटामिन और मिनरलः मीलेटृस में विटामिन बी, विटामिन ई, और मिनरल जैसे कि आयरन, कैल्शियम, और पोटैशियम होते हैं।मधुमेह को नियंत्रित करने में मददः मीलेटृस में फाइबर और प्रोटीन की अच्छी मात्रा होती है, जो मधुमेह को नियंत्रित करने में मदद कर सकती है।हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मददः मीलेटृस में फाइबर, प्रोटीन, और विटामिन की अच्छी मात्रा होती है, जो हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकती है।वजन प्रबंधन में मददः मीलेटृस में फाइबर और प्रोटीन की अच्छी मात्रा होती है, जो वजन प्रबंधन में मदद कर सकती है। पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में मददः मीलेटृस में फाइबर की अच्छी मात्रा होती है, जो पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद करता है। कैंसर के खतरे को कम करने में मददः मीलेटृस में एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर की अच्छी मात्रा होती है, जो कैंसर के खतरे को कम करने में मदद कर सकती है।इन लाभों के अलावा, मीलेटृस एक स्वस्थ और पौष्टिक आहार विकल्प है जो आपके स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। इस दौरान सुमन तोमर, सुपरवाइजर,सायमा जमीर,गीता,रिता किरन,रूचि,गुड़िया, पूनम,लिलावती, आदि मौजूद रहे।



# सर छोटू राम इंजीनियरिंग कालेज में किसान दिवस के अवसर पर पीएम कुसुम सी-1 योजनान्तर्गत किया गया गोष्ठी का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** सर छोटू राम इंजीनियरिंग कालेज में किसान दिवस के अवसर पर पीएम कुसुम सी-1 योजनार्न्तगत गोष्ठी का आयोजन उपनिदेशक कृषि की अध्यक्षता में कराया गया। जिसमें 500 से अधिक किसान, कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारी एवं कर्मचारी, जिला कृषि अधिकारी मेरठ, सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक अधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, यूपीनेडा में इम्पैनल्ड वेण्डर्स उपस्थित रहे। इस अवसर पर परियोजना प्रभारी यूपीनेडा मेरठ द्वारा पीएम कुसुम सी-1 योजनान्तर्गत निजी नलकूपों के सोलराईजेशन हेतु विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही पीएम कुसुम सी-2, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं घरेलू बायोगैस संयंत्र लगाने के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करते हुए उसपर मिलने वाले अनुदान एवं कुल कीमत के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई।उनके द्वारा अवगत कराया गया कि निजी नलकूप के सोलराईजेशन कराए जाने पर 03 एचपी से 7.5 एचपी तक 90 प्रतिशत एवं 10 एचपी पर 70 प्रतिशत अनुदान देय है, लाभार्थी कृषक को 03 एचपी पर रु0 23,900, 05 एचपी पर रु0 39,325, 7.5 एचपी पर रु0 54,800, 10 एचपी पर रु0 2,26,750 की धनराशि का अंशदान देय है। आवेदन हेतु वढठएऊअङवरवटउ1.क्ठ पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होने सभी किसानों से आहवान किया गया कि पीएम कुसुम सी-1 योजनार्न्तगत अपने खेतों में एवं पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजनार्न्तगत सोलर सिस्टम लगाकर अनुदान का लाभ उठाएं।



# नगर के स्कूल में स्किल इंडिया के तहत आयोजित की गई प्रदर्शनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद (बुलंदशहर)।** बी०के० पब्लिक स्कूल में रविवार को एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि विकास चौहान जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी व विद्यालय के प्रबंधक नरेन्द्र शर्मा तथा निदेशक ललित कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जिसमें विशेष अतिथि महेंद्र कुमार त्रिपाठी कोतवाली प्रभारी जहाँगीराबाद, दिवाकर सिंह अध्यक्ष युवा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी, भवतोष महामंत्री भाजपा, विवेक डे प्रधानाचार्य राजकीय महाविद्यालय, सौरभ मिश्रा अधिशासी अभियन्ता उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि० जहाँगीराबाद, अर्पित सिंह डायरेक्टर के० डी० ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट लखावटी एवं स्पर्श त्यागी डॉयरेक्टर अध्ययन पब्लिक स्कूल स्याना उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में स्किल इंडिया मिशन के तहत विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विराट बाल कवि सम्मेलन, क्लाउन एण्ड फेयरी, पर्सनलटी डवलपमेन्ट, आर्गेनिक फार्मिंग, फोटो स्टूडियो, डिजिटल कॉर्नर, हॉरर हाऊस, मैंथ एक्सपो, साइंस एक्सपो, मीट एण्ड ग्रीट, हैण्डीक्राफ्ट, टेडीबियर स्टीचिंग, क्रॉफ्टमैन, पैरेन्टल गेम्स, शूटिंग, हॉर्स राइडिंग, कैमिल राइडिग, काईट फ्लाईंग, हर्बल जूस, योगा, म्यूजिक, कलाउन एण्ड फैरी के साथ ही विद्यालय के भूतपूर्व छात्र डॉ० डी0 के0 शर्मा व डॉ0 पूजा ने अपनी टीम के साथ मैडिकल कैम्प भी लगाया। इस मौके पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। सभी अभिभावकों ने छात्र-छात्राओं द्वारा किये गये कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इसके साथ ही शिक्षकों के अथक प्रयासों की सराहना करते हुए इस सर्वांगीण विकास पर आधारित कार्यक्रम जैसे आयोजनों को विद्यालय में समय-समय पर आयोजित कराने का आग्रह किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ० रीता शर्मा ने अभिभावकों के आगमन का आभार व्यक्त किया तथा सभी छात्र-छात्राओं व स्टाफ को प्रदर्शनी सफल बनाने की बधाई दी।



# अरूण कुमार शर्मा एवं विजय कृष्ण आर्य बने प्रशासनिक अधिकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** मण्डलायुक्त चैत्रा वी0 द्वारा अलीगढ़ कलैक्ट्रेट अधिष्ठान में कार्यरत प्रधान सहायकों के पद धारको में से प्रशासनिक अधिकारियों के स्वीकृत पदों के सापेक्ष रिक्त पद पर प्रोन्नति के लिए उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के अनुसार अरूण कुमार शर्मा एवं विजय कृष्ण आर्य को विभागीय प्रोन्नति समिति की संस्तुति के क्रम में उ0प्र0 सरकारी विभाग लिपिक संवर्ग सेवा नियमावली, 2014 में दी गयी व्यवस्था के तहत लिपिक संवर्ग के प्रधान सहायक पद धारकों में से प्रशासनिक अधिकारी के पद पर वेतनमान रुपए 9300-34800 ग्रेड पे रुपए-4600 (पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स (लेविल-7) में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर प्रोन्नत प्रदान की गई है। आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़, चैत्रा वी0 ने जिलाधिकारी अलीगढ़ को निर्देशित किया है कि वह प्रोन्नत अरुण कुमार शर्मा एवं विजय कृष्ण को अपने स्तर से तैनाती के आदेश निर्गत करते हुए प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण कराना सुनिश्चित करें।



# "मेरठ महोत्सव में विनायक विद्यापीठ के स्टॉल पर दर्शकों का जमावड़ा"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** मेरठ महोत्सव में विनायक विद्यापीठ के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा मिलेट्स (यानी मोटा अनाज) का स्टॉल लगाया गया। जो की महोत्सव में दर्शकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बन गया। इस स्टॉल पर दर्शकों को मिलेट्स के बारे में जानकारी दी गई।

विनायक विद्यापीठ की गृह विज्ञान की विभाग अध्यक्ष स्वाती चौधरी ने दर्शकों को मिलेट्स के बारे में बताते होवे उन्हें मिलेट्स को खाने से क्या-क्या फायदे होते हैं और बेहतर स्वास्थ्य के बारे में क्या-क्या आहर फूड अपने दिनचर्या में शामिल करनी चाहिए जो की सही मात्रा में पोषक तत्वों की पूर्ति कर सके।इस स्टॉल पर उपस्थित दर्शकों में शशि भूषण उपाध्याय, नोडल अधिकारी ने मेरठ महोत्सव में मिलेट्स अन्य मोटे अनाज के बारे में जानकारी देने के लिए शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सराहना की और कहा कि मेरठ महोत्सव में ऐसी स्टॉल का होना अपने आप में एक बहुत बड़ी बात है और विनायक विद्यापीठ द्वारा उठाया गया यह कदम सराहनीय है महोत्सव में विनायक विद्यापीठ की ओर से गृह विज्ञान विभाग अध्यक्ष स्वाती चौधरी, सहायक प्रोफेसर नीतू विहान एवं उन पूरी टीम मौजूद रहे।




# दौरऊ मोड पिसावा मार्ग के किलोमीटर 9 व 10 में चंडौस आबादी क्षेत्र में सीसी निर्माण का कार्य प्रगति पर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग योगेश कुमार ने बताया है कि दौरऊ मोड पिसावा मार्ग पर व्हाइट टापिंग (सीसी) द्वारा मरम्मत कार्य के चलते दौरऊ मोड पिसावा मार्ग के किलोमीटर 9 व 10 में चंडौस आबादी क्षेत्र में सीसी निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य को सुचारू रूप से सम्पादित कराये जाने के लिए मार्ग पर भारी यातायात का संचालन 45 दिन के लिए बन्द करना अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक यातायात से अनुरोध किया है कि मार्ग पर भारी वाहनों का प्रचालन 45 दिन के लिये रोकने एवं इन वाहनों को अन्य वैकल्पिक मार्ग से गुजरने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। वैकल्पिक मार्ग के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया है कि जट्टारी एवं गौमत से एनएच-334 को जाने वाले भारी वाहन चण्डौस से ना जाकर सोमना-खैर-टैंटीगॉव मार्ग (एमडीआर) से एनएच-334 की ओर जाएंगे। इसी प्रकार से एनएच-34 की ओर से जट्टारी और गौमत की ओर जाने वाले वाहन चण्डौस से ना जाकर सोमना-खैर-टैंटीगॉव मार्ग (एमडीआर) से जाएगें।

**जागरूकता**

## अध्यक्ष जिला पंचायत ने कार्यक्रम का उद्घाटन कर प्रतिभागियों को प्रदान किए प्रशस्ति पत्र

# क्वार्सी फार्म में आयोजित हुआ जनपद स्तरीय मिलेट्स गैलेरी एवं मिलेट्स रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** अध्यक्ष जिला पंचायत विजय सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश श्री अन्न (मिलेट्स) पुनरोद्धार कार्यक्रम (राज्य सेक्टर) के अन्तर्गत क्वार्सी कृषि फार्म परिसर में आयोजित जनपद स्तरीय एक दिवसीय मिलेट्स गैलेरी एवं मिलेट्स रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। अध्यक्ष ने मिलेट्स गैलरी का अवलोकन करने के उपरांत मिलेट्स से बनने वाले खाद्य पदार्थ एवं सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। सभी किसान भाईयों ने प्रथम बार मिलेट्स गेलरी को देखा और इसकी सराहना की। कार्यक्रम में लेमन ट्री होटल, फार्चून होटल, रमाडा होटल, कुंजीलाल, सूरज नमकीन, कोमलिका फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी, ब्रज किसान फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी, शक्ति फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड, सुद्धतम एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लि0, बाल विकास परियोजना द्वारा मिलेट्स से तैयार किये गये विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्टाल लगाये गये। जिसमें सभी स्टालों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। श्रीमती कहकशां नसरीन वारसी फूड क्राफ्ट इंस्टिटयूट ने पोषण भण्डार के रूप में बाजरा और इसके स्वाथ्यवर्धक व्यंजन के बारे में किसानों को जानकारी दी।कार्यक्रम में सहायक आयुक्त खाद्य एके जयसवाल, उप कृषि निदेशक (शोध) अलीगढ़ मण्डल प्रमोद कुमार, जिला कृषि अधिकारी धीरेन्द्र सिंह चैधरी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी अमित जयसवाल, उप सम्भागीय कृषि अधिकारी कोल संतोष प्रभाकर, कृषि वैज्ञानिक डा0 ए0एच0 वारसी, डा0 अशरफ खान, डा0 केडी दीक्षित, फूड क्राफ्ट इंस्टिटयूट श्रीमती कहकशां नसरीन वारसी उपस्थित रहे। उप कृषि निदेशक श्री यशराज सिंह द्वारा समस्त किसानों एवं अतिथिगणों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।








# जनपद स्तरीय करियर गाइडेंस मेले का किया गया आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**सम्भल।** राजकीय इंटर कॉलेज शाहबाजपुर कलां जनपद सम्भल में जनपद स्तरीय करियर गाइडेंस मेले का आयोजन पूरे हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस मेले में जनपद के समस्त राजकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक जनपद सम्भल तथा जिला पंचायत अध्यक्षया अनामिका यादव तथा विभिन्न राजकीय विद्यालयों से आए हुए प्रधानाचार्य एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में हुआ। करियर गाइडेंस मेंले में आए हुए अलग-अलग विभागों के विशेषज्ञ अतिथियों जैसे पुलिस, प्रशासन, न्याय, शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा, खेल तथा एनसीसी इत्यादि ने बच्चों को विभिन्न क्षेत्र में अपने-अपने भविष्य को संवारने के लिए प्रोत्साहन व मार्गदर्शन प्रदान किया। जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपनी रुचियों का पहचान करें एवं पूरी ईमानदारी से मेहनत करते हुए उस पर कार्य करें तो सफलता निश्चित ही मिलेगी। कार्यक्रम में राजकीय इंटर कॉलेज शाहबाजपुर कलां के प्रधानाचार्य वेद प्रकाश यादव एवं जनपद के राजकीय विद्यालयों के अन्य प्रधानाचार्य कुमुद दुबे, करिश्मा सिंह, कृष्ण कुमार, संजीव कुमार सक्सेना, शअब्दुल शहीद, शमशाद अली, अनुज कुमार, प्रेमलता, अजीत सिंह, अजय कुमार, अनम,सबीना, मोनू, आकांक्षा,जुबेर अहमद, बेअंत सिंह, अरुण कुमार, पवन पाल एवं अन्य मौजूद रहे।

# क्षेत्र अधिकारी के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चंदौसी।** मंगलवार को व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने एक ज्ञापन पुलिस अधीक्षक के.के बिश्नोई को पुलिस क्षेत्र अधिकारी के माध्यम से भेजा ज्ञापन में कहा गया कि राज्य सरकार द्वारा व्यापारियों की सुरक्षा के लिए हर माह नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित की जाती है जिसमें व्यापारियों की सुरक्षा की दृष्टि से सुझाव और उसके निस्तारण पर कार्य किया जाता है परंतु व्यापारियों की समस्याओं को सही तरीके से पूरा नहीं किया जाता जिसकी वजह से व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक में व्यापारियों की उपस्थिति काफी कम हो रही है माह नवंबर,दिसंबर में भी बैठक का आयोजन नहीं हो पाया व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की हैं की आप स्वयं इस बैठक की अध्यक्षता करें और व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करें। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रोवर,प्रदेश मंत्री शाह अलम मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष वसीम अख्तर, सुभाष मित्तल आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने किया जिलाधिकारी का सम्मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चंदौसी।** मंगलवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल संभल चंदौसी ने बहजोई कलेक्टर सभागार में व्यापार बंधु की बैठक में व्यापारी नेता शाह अलम मंसूरी ने कहा कि जिलाधिकारी के आदेश पर जो नगर में अवैध अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है उसको मध्य नजर रखते हुए चंदौसी के फुव्वारा चौक स्थित नगर पालिका की दुकानों को ध्वस्त किया गया था जिसको लेकर जिलाधिकारी ने व्यापारियों को दोबारा दुकाने देने के उपलक्ष में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने जिला अधिकारी राजेंद्र पेशिया को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जिसको लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल में इस बात की बहुत खुशी है कि हमारे व्यापारियों को जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय एवं नगर पालिका कृष्ण कुमार सोनकर की भूरि भूरि प्रशंसा की और आवश्यक आभार व्यक्त किया कि आप सभी ने हमारे फुव्वारा चौक के व्यापारियों का विश्वास बनाए रखा।

# नकब के रास्ते चोर किसान के दो पशुओं को खोल कर ले गए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**असमोली ।** थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार की रात चोरों एक किसान के मकान में नकब लगा लिया। नकब के रास्ते चोर किसान के दो पशुओं को खोल कर ले गए। किसान को घटना की जानकारी मंगलवार को सुबह जागने के बाद हुई। चोरी की तहरीर पुलिस को दी गई है।



थाना क्षेत्र गांव मनोटा निवासी परिवार के साथ घर पर सोया हुआ था। रात में किसी वक्त चोरों ने पशुशाला में नकब लगा लिया। नकब के रास्ते चोर दो पशु खोलकर ले गए। किसान जब सुबह को उठे तो घटना की जानकारी हुई। बाद में ग्रामीणों के साथ चोरों की तलाश कि गई लेकिन कुछ पता नहीं चला। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है।

# जनपद न्यायाधीश व जिलाधिकारी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूँ।** जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार तृतीय, जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवकुमारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने मंगलवार को जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया। जिला कारागार में पाकशाला एवं समस्त बैरिकों का निरीक्षण किया तथा निरन्तर स्वच्छता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया। विधिक सहायता के बारे में पूछताछ की गयी। महिला कैदियों के साथ रह रहे उनके छोटे बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था कराने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान ऐसे निरूद्ध बन्दी जो दंण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 436क से आच्छादित हैं तथा अपनी आधी सजा से अधिक समय व्यतीत कर चुके हैं उससे सम्बन्धित बंदियों की सूची व इनकी रिहाई के सन्दर्भ में किये गये कार्यवाही उपलब्ध कराये जाने हेतु अधीक्षक जिला कारागार को निर्देशित किया गया। जिला कारागार बदायूं में पाकशाला एवं समस्त बैरिकों का निरीक्षण किया तथा



निरन्तर स्वच्छता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया।

जिला कारागार में निरूद्ध बन्दियों की समस्याओं को सुना गया, उनके विधिक सहायता के बारे में पूछताछ की गयी तथा उनको विधिक सहायता हेतु जागरूक भी किया गया। इसी क्रम में निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, जमानदार उपलब्ध कराने, नियमित रूप से बन्दियों को दवा उपलब्ध कराने, एवं महिला कैदियों से एक-एक कर पूछताछ की गयी इसी क्रम में महिला कैदियों के साथ रह रहे उनके छोटे बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था कराने के लिए निर्देशित किया गया साथ ही जिला कारागार में स्थित चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया गया चिकित्सालय में भर्ती बन्दियों से पूछताछ की गयी।

इसके अतिरिक्त दिनांक 08.03.2025 को आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में मुकद्दमा दायर होने से पूर्व प्री-लिटिगेशन स्तर पर सुलह समझौते के आधार पर अपने वादों का निस्तारण करा सकते हैं।

निरीक्षण के दौरान सत्यवीर सिंह, राकेश कुमार, कशिश सक्सेना, राजेन्द्र कुमार, कुंवर रणंजय सिंह, मो0 खालिद, सन्तोष रावत डॉ0 शारिक हुसैन आदि उपस्थित रहे।

# एडवोकेट यूनिटी की नवीन कार्यकारिणी हुई गठित, अध्यक्ष पद पर पीयूष कुमार तो सचिव पद पर यश बंसल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** मंगलवार को साक्षी चंदौसी



एडवोकेट यूनिटी द्वारा जिला न्यायालय परिसर में एक सभा संपन्न हुई। सभा में सर्वसम्मति से एडवोकेट यूनिटी की वर्ष 2025 की नवीन कार्यकारिणी गठित की गई। यूनिटी का अध्यक्ष एड. पीयूष कुमार वार्ष्णेय सचिव एड. यश बंसल व कोषाध्यक्ष एड.कविता चौहान को बनाया गया। यूनिटी के सदस्यों द्वारा नवीन पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। यूनिटी के पदाधिकारियों द्वारा कहा गया कि वर्ष भर विभिन्न अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद रही। प्रदेश अध्यक्ष एड. रंजना शर्मा, एड. संजय शर्मा, एड. राजेश कुमार, एड.अजय सक्सेना, एड. राहुल मिश्रा, एड. दीपा सिंह, एड.शालू गुप्ता, एड. प्रिया, एड. साफिया कदीर, एड. सचिन गोयल, एड. दीपक राठौर आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# अमित शाह ने बाबासाहेब का अपमान कर संघ और बीजेपी की मनुवादी मानसिकता उजागर की : जुवैर खान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली ( सददाम खान ) ।** लोकसभा के शीतकालीन सत्र में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान और संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के अपमान पर देश भर में गुस्सा है मंगलवार को बिथरी बिधानसभा के पूर्व प्रभारी जुवैर खान ने अपने दर्शनौ समर्थको के साथ पैथल मार्च में शमिल हुए इस दौरान खान ने पत्रकारो से बात करते हुए कहा कांग्रेस पार्टी बाबासाहेब के अपमान पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफा की मांग करती है अमित शाह ने बाबा साहेब का अपमान कर संघ और बीजेपी की मनुवादी मानसिकता उजागर की है जो कतई बर्दाश्त के लायक नहीं है इस मौके पर कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सरकार द्वारा छात्राओं के हितों में चल रही संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी ( मयंक सक्सेना )।** मंगलवार को मिशन शक्ति फेज 05 अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी के दिशा निदेर्शानुसार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विकासखण्ड बनियाखेड़ा के ग्राम मझावली कें जूनियर हाईस्कूल में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को सरकार द्वारा उनके हितों एवं संरक्षण हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। सरकार द्वारा बालकों एवं महिलाओं के हित में चलायी जा रही विभिन्न योजनाएं जैसे- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना जिसमें बढ़ाई गई धनराशि जोकि 15000/- रू. से बढ़ा कर 25000/- रू. कर दी गई है, स्पॉसरशिप योजना जिसमें विभिन्न प्रकार के संकट से ग्रस्त बालकों की शिक्षा एवं पुर्नवास हेतु 4000 रू. की धनराशि प्रतिमाह प्रदान की जाती है,



आदि के सम्बन्ध में विस्तार से बताते हुए अधिक से अधिक योजनान्तर्गत आवेदन करने हेतु जागरूक किया गया। सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत एवं निराश्रित (विधवा) महिला पेंशन योजना के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक बताया गया। 18 वर्ष से कम उम्र के बालक-बालिकाओं के साथ हो रही यौन हिंसा से बचने व उसकी शिकायत करने, अपनी बात खुलकर रखने तथा उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली शिकायतों एवं उसके निस्तारण की प्रक्रिया को समझाया गया। सरकार द्वारा जनहित में संचालित विभिन्न निःशुल्क हेल्पलाइन नम्बरों जैसे 181, 1090, 108, 102, 1098, 112, 1076 आदि के सम्बन्ध में भी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में दहेज प्रथा एवं बाल विवाह जैसी कुरीतियों को समाज में सामाजिक जनसहयोग के माध्यम से समाप्त करने हेतु सभी को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में आउटरीच कार्यकर्ता सपना मौर्य अन्य शिक्षिकाएँ एवं छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# हैप्पी जूनियर स्कूल में मनाया क्रिसमस डे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** मंगलवार को नगर के खुर्जा गेट स्थित हैप्पी जूनियर हाई स्कूल में क्रिसमस डे मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बच्चों को बताया कि ईसाई धर्म की मान्यताओं



अनुसार ये वही दिन है जब ईसा मसीह का जन्म हुआ था। इसलिए इस खास दिन पर ईसाई लोग इकट्ठा होकर प्रभु यीशु की अराधना करते हैं और साथ में क्रिसमस कैरेल गाते हैं। इसके बाद लोग एक-दूसरे को मेरी क्रिसमस कहकर इस पर्व की शुभकामनाएं देते हैं। इसके बाद बच्चों ने कार्यक्रम में मौज मस्ती की।

# अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा जैनब को सौंपा गया राष्ट्रीय सचिव का दायित्व

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली ( शाहिद अल्वी )।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के आह्वान पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मोइ्ज इकबाल खाँ कादरी के द्वारा शाहबाद निवासी सुश्री जैनब फातिमा को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सचिव का दायित्व सौंपा गया है। इससे पूर्व भी पार्टी हित में जैनब के समर्पण व योगदान को देखते हुए उन्हें पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। वे इससे पूर्व महानगर महासचिव महिलासभा, जिला महासचिव महिलासभा व छात्र सभा की राष्ट्रीय कमेटी में राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी भी बड़ी कुशलता के साथ निभा चुकी हैं। अब पार्टी ने उन्हें




अल्पसंख्यक सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सचिव के पद पर नियुक्त किया है। नव नियुक्त राष्ट्रीय सचिव बनने पर जैनब के शुभचिंतकों व प्रशंसकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी, सबने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया, इसलिए दौरान देश प्रदेश से लोगों द्वारा बधाईयों का तांता लग गया। इस मौके पर जैनब फातिमा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# आज 8 घंटे विद्युत आपूर्ति गुल रहेगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी ।** मंगलवार को उपखंड अधिकारी प्रथम द्वारा बताया गया कि 25 दिसंबर को विद्युत आपूर्ति प्रात 09 बजे से शाम 5 बजे तक 33/11 डश उपकेंद्र तहसील पर आगामी ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत आर डी एस एस योजना के अंतर्गत विद्युत





लाइन प्रणाली के सुदृढीकरण का कार्य किया जाएगा। जिसमें पोल लागने का कार्य होगा इसलिये ताकि भविष्य में विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सप्लाई के साथ-साथ विद्युत लाइन से सुरक्षा भी दी जा सके। इसके चलते विद्युत आपूर्ति पट्टी बाजार,लोहट बाजार, चुनी मोहल्ला,अम्बेडकर पार्क,खुर्जा गेट,मई गाँव,100 केवीए रहोली रोड धर्मकांटा,इंद्रा कॉलोनी के पास बिधुत आपूर्ति बाधित रहेगी ।

# गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद भवन में की गई अशोभनीय टिप्पणी की भी हम निंदा करते हैं : ओमकार सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूँ ।** पूर्व में तय कार्यक्रम अनुसार प्रांतीय आवाह्न पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह के



नेतृत्व में ग्राम बुर्रा फरीदपुर में मुख्य मार्गो पर बाबा साहब अम्बेडकर सम्मान मार्च निकाला गया कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि भाजपा नेता आए दिन संविधान निमार्ता भीम राव आंबेडकर का अपमान करते हैं। जिसके विरोध में आज बुर्रा फरीदपुर में में बाबा साहब आंबेडकर सम्मान मार्च निकाला गया कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर संविधान निमार्ता हैं और उन्होंने सदैव दबे कुचले वर्ग और पिछड़ी जाति के उत्थान और उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे। केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा आए दिन संविधान खत्म करने की बातें सामने आती रही है। भाजपा के बहुत से मंत्री अपने भाषणों में कह चुके हैं कि वह इस संविधान को नहीं मानते और बाबा साहब के बारे में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद भवन में की गई अशोभनीय टिप्पणी की भी हम निंदा करते हैं। इस तरह की बातें भाजपा की संकीर्ण मानसिकता को दशार्ती है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष वीरेश तोमर, पीसीसी सदस्य राम रतन पटेल ने भी विचार व्यक्त किये मुख्य रूप से सम्मान मार्च में वीरपाल यादव, सोमवीर, राकेश, वीरेंद्र, मुकेश, सुभाष, इख्लाश हुसैन आदि ग्रामवासी एवं कांग्रेसजन मौजूद रहे?।।

# चोरों का आतंक चार पहिया वाहन सहित अंग्रेजी शराब की भट्टी से लाखों की चोरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिशारतगंज ( सददाम खान )।** नगर में पुलिस से बेखौफ होकर अज्ञात चोरों द्वारा तीन जगह चोरियों को अंजाम दिया गया राशिद खान पुत्र डाबर खान निवासी वार्ड नंबर 5 का गोदाम कस्बे के वार्ड नंबर 8 भिंडोरा अड्डा पर है सोमवार की रात लगभग 11:00 राशिद खान अपनी पिकअप रोजाना की तरह खड़ी करके घर आ गए थे तो अर्धरात्रि में गोदाम के गेट का ताला तोड़कर गोदाम में खड़ा चार पहिया वाहन पिकअप यूपी 25 बी टी 6097 को अज्ञात चोर चुरा कर ले गए चोर वाहन ले जाते हुए सीसी कैमरे में भी आ गए हैं जिनकी तहरीर राशिद खान ने थाने पहुंच कर दी दूसरी चोरी की घटना वार्ड नंबर 8 भिंडोरा अड्डा रमपुरा अलीगंज मार्ग पर अंग्रेजी शराब की भट्टी के शटर का ताला तोड़कर अंग्रेजी शराब की 35 पेटी लाखों की कीमत की अज्ञात चोर चुरा कर ले गए चोर भट्टी में लगा डीबीआर भी साथ ले गए ग्राम गिधौली निवासी आदेश मौर्य ने बताया कि घर में लगा सूर्य पैनल की केविन अर्ध रात्रि में अज्ञात चोर काट कर ले गए है।

**उद्घाटन** — पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा की निगरानी कड़ी रही

# केशव प्रसाद मौर्य ने बरेली में किया 65वें ब्रज प्रांत अधिवेशन का उद्घाटन, सामाजिक समरसता पर दिया जोर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली ( आशु बेग ) ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को बरेली में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के 65वें ब्रज प्रांत अधिवेशन का उद्घाटन किया। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम रुहेलखंड विश्वविद्यालय में 24 से 26 दिसंबर तक आयोजित हो रहा है। इसमें 16 जिलों के 950 कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री एस. बालकृष्ण और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह भी मौजूद रहे।

उद्घाटन के दौरान केशव प्रसाद मौर्य ने धार्मिक समरसता पर जोर देते हुए कहा, कुंभ मेले में हर धर्म और समुदाय के लोग अपनी सहभागिता निभा सकते हैं। किसी को भी दुकान लगाने या अपनी संस्कृति प्रस्तुत करने में रोक-टोक नहीं होगी



**दौरे के मुख्य बिंदु:**

**रक्तदान शिविर में भागीदारी**

अधिवेशन के बाद उपमुख्यमंत्री ने वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार के कार्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में भाग लिया। उन्होंने इसे समाजसेवा और सरकार की जनकल्याणकारी सोच का प्रतीक बताया।

**भाजपा कार्यालय में बैठक**

इसके बाद उन्होंने सिविल लाइंस स्थित भाजपा कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान संगठन और सरकार से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा की गई।

**सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक**

दोपहर में सर्किट हाउस में उपमुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ सरकारी योजनाओं की प्रगति और विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने विकास परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए।

**स्थलीय निरीक्षण और मीडिया से संवाद**

समीक्षा बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री ने निमार्णाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने मीडिया से संवाद करते हुए सरकार की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

उपमुख्यमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों और पुलिस बल को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा की निगरानी कड़ी रही।

केशव प्रसाद मौर्य ने बरेली में साढ़े पांच घंटे बिताकर विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया और सामाजिक समरसता, संगठन की मजबूती, और विकास योजनाओं पर जोर दिया।

# रोजगार मेले में हुआ 266 अभ्यर्थियों का चयन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** मंगलवार को नगर के बदायूं रोड स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंदौसी में जिला सेवायोजन कार्यालय संभल एवं राजकीय आई०टी०आई० चंदौसी के संयुक्त तत्वाधान से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

रोजगार मेला प्रातः 10:30 बजे से 3 बजे तक रहा। जिसमें श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स गाजियाबाद की प्रतिष्ठित कंपनी ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मेला प्रभारी गौरव पूठिया, जिला सेवायोजन कार्यालय संभल के साथ मंच पर नोडल प्रधानाचार्य राजकीय आई०टी०आई० संभल स्तुति गुप्ता, प्रधानाचार्य चंदौसी नरेंद्र सिंह पाल, श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स गाजियाबाद से द्रोपद गंगवार एवं अमित शुक्ला उपस्थित रहे।

रोजगार मेले का संचालन मेला प्रभारी गौरव पूठिया के द्वारा किया गया। रोजगार मेले में 412 रोजगार इच्छुक





अभ्यर्थी उपस्थित हुआ। प्रारम्भिक स्तर पर लिखित परीक्षा के उपरान्त 266 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले को सफल बनाने के लिए अनिल कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# तेज रफ्तार का परिणाम,दोस्त का जन्मदिन बना दो युवकों का मृत्यु दिवस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** तेज रफ्तार वाहन लोगों की जान लेने में लगातार सफल हो रहे हैं। ऐसी ही एक घटना में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल से जा रहे युवकों की अज्ञात वाहन से टक्कर से मौत हो गई। दोनों अपने साथी की जन्मदिन पार्टी में शामिल होने के बाद घर वापस जा रहे थे।

**जन्मदिन पार्टी के बाद तेज रफ्तार मोटर साइकिल से घर लौट रहे युवकों को मारी अज्ञात वाहन ने टक्कर**

मिली जानकारी के मुताबिक अचलगंज उन्नाव के गांव खन्नापुरवा निवासी सौरभ निषाद (20) गांव रहने वाले अपने दोस्त अंकित गौतम (19) के साथ बाइक पर कानपुर आया हुआ था। पुलिस ने बताया कि रात लगभग पौने दो बजे दोनों बाइक से वापस उन्नाव लौट रहे थे। इसी दौरान गंगा पुल पर दोनों की मोटरसाइकिल की टक्कर एक अज्ञात वाहन से हो गई। जिसमें दोनों की मौके पर मौत हो गई।

मौके पर पहुंची पुलिस को परिवार वालों ने बताया कि मृतक अंकित की आर वन 5 बाइक से दोनों युवक कानपुर में एक बर्थडे पार्टी में शामिल होने आए थे।

जानकारी के अनुसार अंकित अपने परिवार में सबसे छोटा था। पिता श्यामू के अलावा मां सीया देवी, बड़ा भाई आशीष और बहन ममता है। पिता के मुताबिक सोमवार रात आठ बजे दोनों थोड़ी देर में आने की बात कहकर निकल गए थे। अंकित पिता के साथ खेती किसानी में मदद करता था। घटना के बाद दोनों युवकों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वहीं पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर फरार वाहन चालक की तलाश कर रही है।

# बीजेपी अमित शाह को बर्खास्त करें : ओम प्रकाश शर्मा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**शामली।** केंद्र में सत्तासीन सरकार के मुखिया देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लोकसभा में जिस तरह से देश के संविधान के निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के लिए अपमान सूचक शब्दों का प्रयोग किया गया, उससे न केवल देश के संविधान में विश्वास रखने वाले करोड़ों देशभक्त लोगों को ठेस पहुंची बल्कि उनके वक्तव्य से उनके दिल में छिपी हुई बाबा साहब के प्रति दुर्भावना भी उजागर हुई है ।संसद के सदनों में तथा सदन के बाहर अक्सर सत्तासीन दल के बड़े नेता तथा अन्य पदाधिकारी देश की आजादी में तथा आजाद भारत के निर्माण में अपना बड़ा महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बड़े नेताओं का अपमान अक्सर करते रहे है। लेकिन बाबा साहब पर भरे सदन में ऐसा वक्तव्य देश के गृह मंत्री द्वारा दिया जाना बेहद खतरनाक है । उनके इस वक्तव्य से देश की सामाजिक समरसता को भी बड़ा आघात पहुँचा है ।इस सरकार से किसी भी तरह की नैतिकता की उम्मीद बेमानी है ।देश के कोटि कोटि लोग आपकी ओर देखते हैं। ऐसे में आपसे पुरजोर माँग है कि केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह को बर्खास्त करने पर विचार करें। जिससे भविष्य में ज़िम्मेदार पदों पर आसीन सत्ता के मद में चूर होकर कोई नेता ऐसे किसी भी वक्तव्य को देने में असमर्थ हो । ओमप्रकाश शर्मा,सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस, वैभव गर्ग पूर्व अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमैटी शामली, प्रवीण तरार,विनोद कुमार अत्री,सोमदेव तोमर,ज्योति प्रसाद शर्मा,बिजेन्द्रपाल वर्मा, शेखरपाल,सुरेश पाल सैनी,विक्रम सिंह,ओमवीर उपाध्याय,सुरेन्द्र सरोहा,रविन्द्र आर्य,ठाकुर लाखन सिंह और अन्य कांग्रेसजन।

# हजरत फातेमा जहरा (स0अ) के जनमदिन के अवसर पर कार्यक्रम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** कल्बे आबिद मेमोरियल स्कूल नूरबाड़ी प्रधान्याचार्य शबनम नकी ने छात्र और छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि वह हजरत फातेमा जहरा (स,अ) के आदर्शों पर चलते हुए समाज में गरीब और ने हजरत फातेमा जहरा (स,अ) से सम्बंधित तराना भी प्रस्तुत किया जिसे सब ने बहुत सराहा। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों और कर्मचारिओं ने स्कूल के अध्यक्ष मौलाना






लखनऊ में पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब की एकलौती बेटी हजरत फातेमा जहरा (स,अ) के जनमदिन 20 जमादिस्सानि के अवसर पर एक रंगा रंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की बे सहारा लोगों की सहायता करें उनको तालीम प्राप्त करने में अपना पूरा सहयोग दें। कार्यक्रम में विद्यालय की ओर से सभी शिक्षकों और कर्मचारिओं को वस्त्र दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों सय्यद कल्बे जवाद और स्कूल के सचिव मौलाना सय्यद मोहम्मद आबिदी कुम्मी को उनके सहयोग के लिए धनयवाद दिया। यह सूचना विधालय के प्रबंधक सय्यद मोहम्मद हैदर नकवी ने दी।

# हत्या में वांछित को पुलिस थाना सीलमपुर की टीम ने मुठभेड़ के बाद किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**नई दिल्ली (ऐजाज अली)।** थाना-सीलमपुर, दिल्ली के तहत, एक सीसीएल को गिरफ्तार किया गया और आरोपी आसिफ उर्फ टिम्मा को 16.10 को गिरफ्तार किया गया। 2024, हालांकि, मुख्य आरोपी तालिब (20 वर्ष), जिसने पीड़ित लल्लन और मृतक राज किशोर को चाकू मारा था, फरार था उसकी गिरफ्तारी से बचें. पीएस सीलमपुर में प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर एसीपी/सीलमपुर की देखरेख और अधोहस्ताक्षरी के समग्र पर्यवेक्षण के तहत रव्हड सीलमपुर के नेतृत्व में एचसी नवनीश, उ३ मनीष और Ct सचिन की एक टीम गठित की गई। टीम ने सर्विस रोड पर मछली फार्म के पास जाल बिछाया। रात करीब 1.40 बजे टीम की नजर एक व्यक्ति पर पड़ी, जिसे चेकिंग के लिए रुकने के लिए कहने पर उसने पिस्तौल तान दी और पुलिस टीम पर गोली चला दी। किसी तरह टीम के सदस्यों ने खुद को बचाया। टीम ने उस व्यक्ति को चेतावनी दी कि हम पुलिस टीम हैं और आपको आत्मसमर्पण करना होगा, लेकिन पुलिस की चेतावनी पर ध्यान न देते हुए उसने फिर से गोलीबारी की, इस बार गोली एचसी नवनीश के बीपी जैकेट में लगी। खतरे को भांपते हुए, टीम के सदस्यों को बचाने और आत्मरक्षा में, कांस्टेबल। सचिन ने तेजी से काम किया और सटीक निशाना लगाते हुए हमलावर के पैर पर जवाबी गोली चलाई जो उसके बाएं पैर में लगी। प्रहार के बाद व्यक्ति कांपने लगा और टीम के सदस्यों ने मिनट भर की हाथापाई के बाद उसे काबू में कर लिया। उसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद हुई।

# मसरूर सोसायटी ने धूम धाम से मनाई मो.रफी की 100 वीं वर्षगांठ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** मसरूर एजूकेशनल सोसायटी के तत्वावधान में सेंट रोज पब्लिक स्कूल, गढ़ी पीर खां, ठाकुर गंज में महान गायक मोहम्मद रफी की 100 वीं वर्षगांठ धूम धाम से मनाई गई। मुमताज पी जी कालेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. अतीक फारुकी की अध्यक्षता में होने वाले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मो रफी फाउन्डेशन के चेयरमैन अजमल आजम थे। विशिष्ट अतिथि के रुप में मशहूर सिंगर सलाउद्दीन ' साहिल ' और बाबू भाई शामिल हुए।

इस अवसर पर स्कूली बच्चों और अध्यापिकाओं ने रफी के गाए हुए गीतों को अपनी आवाज में गाकर इनको श्रद्धांजलि प्रस्तुत की। आयशा सिद्दीकी.ने रफी के जीवन पर प्रकाश डाला। टीचर्स में रुखसाना खान, शीबा खान, इन्नमा राशिद, रज़िया सुल्तान, शबीना खान, वर्दा, नगमा सबा के गीतों को बहुत पसंद किया गया,जबकि बच्चों में आलिमा मन्सूर, हुनैन हसन खां, हिफजा फातिमा, सुमय्या खातून, अलीयान, वैष्नवी वर्मा, अलफिशा, जरींन खान, अब्दुल रहमान, अपर्णा दूबे, महम खान, अलैना फातिमा, आयशा बानो, नाज़िश बानो, आफरीन अमानत, आयशा कलीम,जुनैरा सिद्दीकी. और नायरा ने खूब वाह वाह लूटी। संचालन करते हुए डॉ मन्सूर हसन खां ने कहा इस प्रोग्राम का मकसद बच्चों में छुपी आवाज



की प्रतिभा को ढूंढना था, जो बच्चे आज चुने गए हैं उनको संगीत की ट्रेनिंग दिलाई जाएगी।

प्रो अतीक फारुकी ने कहा कि मो रफी को पूरी दुनिया उनकी आवाज की बिना पर पहचानती है, मजीद कहा कि मन्सूर साहब मुख्तलिफ प्रोग्राम करके बच्चों की हौसला अफजाई किया करते हैं और नए नए टैलेंट खोजा करते हैं। अजमल आजम ने कहा जो बच्चे आज सिलेक्ट हुए हैं हम उनको ट्रेनिंग देंगे और उनको कम्पलीट गीतकार बन्ने में मदद करें गे। प्रोग्राम में किशवर अब्बास के अलावा अभिभावकों की बड़ी तादाद मौजूद थी।

# संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा ऐप बेस्ड एग्रीगेटर पालिसी लागू किए जाने के संबंध में परिवहन आयुक्त दिया ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ शहर समेत पूरे प्रदेश में ऐप बेस्ड कम्पनियों ओला ऊबर रैपिडो इन ड्राइवर के द्वारा 2014 से कैब संचालन किया जा रहा है सन 2014 में परिवहन विभाग द्वारा जारी गाईडलाइन का अक्षरशः पालन किया जा रहा था ऐप बेस्ड एग्रीगेटर पालिसी लागू करने के लिए तथा ओला, ऊबर रैपिडो इन ड्राइवर के द्वारा चालक मालिक का आर्थिक एवं मानसिक शोषण किया जाता है तथा चालकों को 20 रुपए प्रति किमी० की दर से भुगतान किया जा रहा था तथा सुविधा शुल्क के रूप में 10% प्रतिशत कमीशन लिया जाता था जबकि उस समय सी०एन०जी० की कीमत लगभग 47 रु० प्रति किग्रा० थी और चालक की तनख्वाह लगभग 6 से 7 हजार थी आज के हालात ये है कि सी०एन०जी० 99 रु० प्रति किग्रा० है, चालक की तनख्वाह लगभग 12 हजार से 15 हजार रु० मासिक है और कम्पनी अधिकतम 08-10 रु० प्रति किमी० की दर से चालकों को भुगतान कर रही है और 30% प्रतिशत कमीशन ले रही है ऐसी विषम



परिस्थिति में चालकों का जीवन यापन, परिवार का पालन पोषण, गाड़ी का रख-रखाव असम्भव हो गया है हम लोगों की मांग है कि एग्रीगेटर पालिसी 2020 केन्द्र सरकार द्वारा प्रदेश सरकार को संशोधित करके लागू करना था यह एग्रीगेटर पालिसी चार वर्ष के उपरान्त भी लम्बित है। इसे जल्द से जल्द प्रदेश में लागू किया जाये सभी ऐप-बेस्ड एग्रीगेटर कैब सेवा प्रदाता कम्पनी को शहर में कार्यालय खोलने हेतु आदेशित किया जायें अनाधिकृत कम्पनियों जैसे रैपीडो एवं इन ड्राइवर के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए इनके ऐप पर प्रतिबंध लगाया जायें पूरे प्रदेश में टू-व्हीलर पेट्रोल चालित प्राइवेट नं० बाइक का व्यावसायिक उपयोग करके टैक्सी रूप में चला रहे हैं ऐसे सभी वाहनों को प्रतिबंधित किया जाये तथा संचालक कम्पनियों को गाइड लाइन के उल्लंघन का दोषी मानते हुए सख्त विधिक कार्यवाही की जायें सन 2014 में निर्धारित रेडियो टैक्सी किराये में तत्काल संशोधन करते हुए बदलाव कर वर्तमान किराये में वर्तमान ईंधन पेट्रोल सी०एन०जी० के मूल्य को देखते हुए पर्याप्त बढोत्तरी की जायें जो कि रू0 20-25 प्रति किमी० न्यूनतम होनी चाहिए गाइडलाइन में उल्लिखित रात्रिकालीन सेवा में किराये का 30% प्रतिशत अतिरिक्त देय होगा को लागू किया जाय मोटर वाहन अधिनियम धारा 68 ई और एग्रीगेटर गाइड लाइन के अनुसार न्यूनतम किराया हमारा अधिकार तथा शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी है ज्ञापन देने पहुंचे आर०के पाण्डेय कौशल सिंह जावेद खान गंगा यादव मुकेश सिंह ताज मोहम्मद मो०मुफीश इदरीस आदि लोग उपस्थित रहे।

# अधिकारियों के द्वारा गरीब एवं बुजुर्ग बंदियों को कड़ाके की सर्दी को देखते हुए कंबल जैकेट स्लीपर महिला बंदियों को गर्म सूट स्लीपर एवं उनके साथ रह रहे बच्चों को गरम सूट एवं गिफ्ट पैकेट भेंट किए गए

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शाहजहांपुर!** जेल में निरीक्षण पर आए माननीया जनपद न्यायाधीश बबीता रानी जिला मजिस्ट्रेट धर्मेन्द्र प्रताप सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश एस मुख्य चिकित्सा अधिकारी अपर जिला जज अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-1, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जिला कृषि अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा गरीब एवं बुजुर्ग बंदियों को कड़ाके की सर्दी को देखते हुए कंबल जैकेट स्लीपर महिला बंदियों को गरम सूट स्लीपर एवं उनके साथ रह रहे बच्चों को गरम सूट एवं गिफ्ट पैकेट भेंट किए गए।

संयुक्त त्रैमासिक निरीक्षण पर उक्त अधिकारी जेल मैनुअल में स्थापित व्यवस्था के तहत बोर्ड आफ विजिटर्स की हैसियत से कारागार के निरीक्षण पर पहुंचे सभी अधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से कारागार का निरीक्षण किया सभी बंदियों से मिले, उनसे उनकी समस्याओं आज के बारे में पूछताछ किया सभी बंदियों से उनके केस की पर भी हेतु अधिवक्ता की उपलब्धता तथा अन्य समस्याओं के बारे में पूछताछ की उनके



द्वारा यह भी पूछा गया की कारागार में उन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या तो नहीं है सभी बंदियों ने कारागार में दी जा रही सुविधाओं और व्यवस्थाओं की प्रशंसा की और कारागार में अधिकारियों और कर्मचारी विशेष रूप से जेल अधीक्षक मिजाजी लाल के व्यवहार और उनके द्वारा विशेष ध्यान दिए जाने की प्रशंसा की कारागार में स्थापित व्यवस्थाओं साफ सफाई एवं हरियाली आज देखकर सभी अधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की जय चिकित्सालय में निरीक्षण के दौरान वह सभी बीमार बंदियों से मिले और उन्हें दी जाने वाले इलाज के बारे में जानकारी की इस अवसर पर डॉक्टर एवं फार्मासिस्ट मौजूद थे ।

इस अवसर पर गाजियाबाद से पधारे समाजसेवी श्री राजा सैफी के द्वारा कारागार में निरोध गरीब एवं बुजुर्ग बंदियों हेतु भेंट किए गए कम्बल ,जैकेट, स्लीपर, महिला बंदियों के लिए रेडीमेड गरम सूट, स्लीपर तथा बच्चों को गर्म सूट व गिफ्ट पैकेट भेंट किए गए। सभी अधिकारियों के द्वारा गरीब व बुजुर्ग व जरूरतमंद बंदियों को इतना सारा सामान भेंट किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। माननीया जनपद न्यायाधीश के द्वारा इच्छा प्रकट की गई कि इस प्रकार की सामग्री कड़ाके की सर्दी को देखते हुए बाल गृह में जहां अनाथ बच्चे रहते हैं उन्हें भी मिलनी चाहिए, इसके अनुपालन में जेल अधीक्षक मिजाजी लाल के द्वारा समाज सेवी श्री राजा सैफी से बाल ग्रह में रह रहे अनाथ बच्चों की भी मदद करने का अनुरोध किया जिसे राजा सैफी के द्वारा तत्काल स्वीकार कर लिया गया और एक दो दिन में ही उन्हें भी आवश्यकतानुसार कपड़े उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

# सांसद प्रमोद तिवारी एवं कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा ने प्रदेशवासियों को क्रिसमस की बधाई दी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता, राज्य सभा एवं आराधना मिश्रा मोना, नेता, कांग्रेस विधान मण्डल दल, उत्तर प्रदेश ने क्रिसमस डे के शुभ अवसर पर प्रदेश वासियें को, विशेष रूप से ईसाई धर्म के अनुयायियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी है । नेता द्वय ने कहा है कि क्रिसमस डे ईसाई धर्म का प्रमुख पर्व है, ईसाई धर्म की मान्यता है कि इसी दिन 25 दिसम्बर को ही प्रभु यीशु का जन्म हुआ था, जिन्हें ईश्वर का बेटा कहा जाता है जिन्होंने ईसाई धर्म की स्थापना की थी, इसीलिये इस दिन को ईसाई धर्म के संस्थापक प्रभु यीशु (ईसा मसीह) के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस पर्व को लगभग पूरी दुनिया में बड़ी ही धूम धाम से मनाया जाता है । 25 दिसम्बर से दिन धीरे- धीरे बड़ा होने लगता है इसीलिये इस दिन को बड़ा दिन के रूप में भी मनाया जाता है । नेता द्वय ने क्रिसमस डे के पवित्र अवसर पर प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है ।

# वजीराबाद थाना पुलिस ने हुए के अड्डे पर मारा छापा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली ( अनिता)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के वजीराबाद थाना क्षेत्र में चल रहे जुए के अड्डे पर वजीराबाद थाना पुलिसन थाना पुलिस ने छापामारी कर 15 आरोपियो को पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों के पास से मौके पर 87000 हजार रुपए से ज्यादा कैसे के अलावा कसीनो चार्ट , कैलकुलेटर और जुए के दौरान उपयोग में आने वाले सामान बरामद किए गए। पुलिस उपायुक्त राजा बाठिया ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि संत नगर कार पार्किंग के पास जुए का अड्डा चलायाज रहा है। उसे सूचना पर एसीपी नीरव पटेल के देखरेख में एस एच ओ मनोज वर्मा, सब इंस्पेक्टर संजीत कुमार, हेड कांस्टेबल बल पवन, हरेंद्र, कांस्टेबल राजा चौधरी और लक्ष्मी शंकर की टीम ने वहां पर छापा मारा। छापामारी में देखा की वहां पर कसीनो वाला जुए का अड्डा चल रहा है। उस समय मौके पर 15 जुआरी मौजूद थे। जुए में दांव पर लगे 87970 लगभग रुपए के साथ पुलिस बल ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 15 गिरफ्तार आरोपियों में कई लोग जुए का अड्डा चलाने वाले भी शामिल हैं। वजीराबाद थाना पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को पूछताछ में पता चला है कि 56 साल के लक्ष्मण जैन की यह जगह जिस में जुए का अड्डा चलाने के लिए किराए पर दी थी। सुनील कुमार, सुमित जैन रिंकू वर्मा, अर्पित जैन, और अशोक कुमार, मिलकर यहां जुए का अड्डा चला रहे थे। अनुसार लक्ष्मण जैन रेप और धमकी जैसे गैंबलिंग इत्यादि आरोपों में पहले से ही सात मुकदमों में लिप्त है। इनके खिलाफ थाना तिमारपुर थाना बुराड़ी थाना कोतवाली में मुकदमे दर्ज हैं।

## आयोजन

**उद्घाटन सत्र तमिल थाईवाजथु के आह्वान के साथ शुरू हुआ। डॉ. अतहर परवेज अंसारी, अनुसंधान अधिकारी (यूनानी) ने अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया**

# उपचारात्मक दृष्टिकोण- हाल की पहल पर दो दिवसीय कार्यशाला एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण का आयोजन

**बुन्द संदेश ब्यूरो**

**चेन्नई/नई दिल्ली!** क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आरआरआईयूएम), चेन्नई (एनएबीएच एवं एनएबीएल मान्यता प्राप्त), केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद, (सीसीआरयूएम), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने इलाज बिल तदबीर (रेजिमेनल थेरेपी) के माध्यम से मस्कुलोस्केलेटल विकारों के लिए निवारक एवं उपचारात्मक दृष्टिकोण- हाल की पहल पर दो दिवसीय कार्यशाला एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण का आयोजन चेन्नई में 23-24 दिसंबर को किया गया।

उद्घाटन सत्र तमिल थाईवाजथु के आह्वान के साथ शुरू हुआ। डॉ. अतहर परवेज अंसारी, अनुसंधान अधिकारी (यूनानी) ने अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। डॉ. एन. जहीर अहमद, महानिदेशक, सीसीआरयूएम, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और अध्यक्षीय भाषण दिया। डॉ. के. नारायणसामी, कुलपति-तमिलनाडु, डॉ. एमजीआर मेडिकल यूनिवर्सिटी, चेन्नई, टीएन ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और मुख्य अतिथि का भाषण दिया। डॉ. आर. वेलराज, पूर्व कुलपति, अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई, टीएन और प्रोफेसर जी. सेंथिलवेल, निदेशक प्रभारी, राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवा और कल्याण के क्षेत्र से विशेषज्ञों, पेशेवरों और उत्साही लोगों की उपस्थिति देखी गई, इस कार्यक्रम में आरआरआईयूएम, चेन्नई में मास्टर हेल्थ चेक-अप और यूनानी सेहत परामर्श का उद्घाटन और शुभारंभ, घरेलू स्वास्थ्य चाहने वालों के लिए यूनानी चिकित्सा और कल्याण पर्यटन केंद्र के लिए फ़्लायर का विमोचन और साथ ही आरआरआईयूएम, चेन्नई और सीआरआईयूएम, लखनऊ में इन-सिलिको लैब की स्थापना




के लिए फ़्लायर का विमोचन भी किया गया। इसने हमारे देश के लिए स्वास्थ्य सेवाओं, अनुसंधान और पर्यटन में एक नए अध्याय की शुरूआत की और यह यूनानी चिकित्सा और कल्याण को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। दो दिवसीय कार्यशाला दुवारा रेजीमेनल थेरेपी के विभिन्न पहलुओं को कवर किया गया और पारंपरिक ज्ञान को समकालीन अनुसंधान के साथ जोड़े कर मस्कुलोस्केलेटल स्वास्थ्य के लिए अभिनव समाधानों की खोज के लिए प्रयास किया गया। प्रतिभागियों को विभिन्न उपचारों की मानक संचालन प्रक्रियाओं से परिचित कराने के लिए रेजीमेनल थेरेपी की विस्तृत श्रृंखला पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। आयुष चिकित्सकों, विभिन्न संस्थानों के संकायों और छात्रों, सीसीआरयूएम के वैज्ञानिकों ने बड़े जोश और उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का समापन डॉ. फारूकी शाजिया परवीन, अनुसंधान अधिकारी (यू), आरआरआईयूएम, चेन्नई द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# काकोरी के मिहिर श्रीवास्तव ने इंडिया टीम ट्रायल्स के लिए किया क्वालीफाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** काकोरी के रहने वाले मिहिर श्रीवास्तव ने भोपाल मध्य प्रदेश में आयोजित 67 टीएच राष्ट्रीय शूटिंग चैम्पियनशिप जो कि 15 दिसंबर से 31दिसंबर 2024 तक चल रही है।जिसमें 10 मीटर एयर राइफल में 625 का स्कोर करके भारतीय टीम ट्रायल्स के लिए क्वालीफाई किया।

मिहिर होने वाले सिलेक्शन ट्रायल्स 1 एंड 2 जो कि फरवरी 2025 में दिल्ली में आयोजित होंगे उसमें भाग लेंगे। मिहिर श्रीवास्तव ईगल आई शूटिंग स्पोर्ट्स अकादमी प्रयागराज में अपने कोच कैप्टन फरीद उद्दीन व विजय सिंह चंदेल के पास ट्रेनिंग करते है।मिहिर के कोच ने बताया कि वह बहुत मेहनत करते है और आने वाले समय में वह इंटरनेशनल चैम्पियनशिप में भाग लेंगे और देश के लिए पदक भी जीतेंगे।इसके पहले मिहिर इंडिया ओपन 2 गोल्ड,1 ब्रॉन्ज मेडल जीत चुके है।वहीं स्टेट चैम्पियनशिप में 3 ब्रॉन्ज मेडल।काकोरी के मिहिर श्रीवास्तव को अब तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक,खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव,रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह,सांसद रवि किशन,दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी,पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर समेत कई बड़ी हस्तियां सम्मानित कर चुकी हैं।



# एएमएम पब्लिक स्कूल में अनुशासन दिवस के रूप में मनाया गया क्रिसमस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** सौंदा रोड के निकट स्थित प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान एएमएम पब्लिक स्कूल में आयोजित क्रिसमस डे को अनुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान स्कूल के विद्यार्थियों को अनुशासन की महत्ता के बारे में बताया गया। स्कूल के प्रांगण में आयोजित क्रिसमस डे का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्कूल के चेयरमैन प्रभात मित्तल, रिटायर्ड क्लास वन ऑफिसर राकेश शर्मा, सभासद ललित मित्तल, प्रधानाचार्या रीता रस्तोगी तथा समन्वयक श्वेता त्यागी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। चेयरमैन प्रभात मित्तल ने अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि अनुशासन मानवीय संसाधनों का एक मूल तत्व है।जो व्यक्ति को संगठित, नियमित, और सफल बनाता है। यह व्यक्ति को स्वयं से नियंत्रित करने, समय प्रबंधन करने, लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कर्मठता और संगठनशीलता विकसित करता है।







विशिष्ट अतिथि राकेश शर्मा ने कहा कि अनुशासन मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह एक गुण है जो सफलता के मार्ग में मदद करता है। इस दौरान कक्षा 7 के विधि, खनक, पूर्वी, आन्या, दृष्टि, सारा, अबान, नव्या, काव्या आदि विद्यार्थियों ने अपने कला कौशल से अनुशासन के महत्व को दशार्या। वहीं सांता क्लोस का परिधान पहने बच्चों ने अन्य बच्चों को सहयोगात्मक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग कार्यक्रमों ने सभी का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के तमाम शिक्षक शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा।

## गन्ना प्रतियोगिता में किसान विकार हुसैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, किसानों को किया गया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** किसान सम्मान दिवस के अवसर पर उप गन्ना आयुक्त ने गन्ना प्रतियोगिता के विजेता किसानों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में बिजनौर के किसान ने प्रथम और रामपुर के किसान ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।गन्ना भवन मुरादाबाद में रेंज गन्ना प्रतियोगिता समिति के अध्यक्ष और उप गन्ना आयुक्त हरपाल सिंह ने गन्ना प्रतियोगिता वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 के परिणाम घोषित किए। वर्ष 2022-23 में पेड़ी वर्ग में विकार हुसैन ग्राम बूढ़पुर जोन धामपुर को प्रति हेक्टेयर 1477.8 क्विंटल उपज प्राप्त करने पर प्रथम, हर्ष कुमार ग्राम वाजीदपुर जोन बिजनौर को 1463 क्विंटल उपज प्राप्त करने पर द्वितीय एवं शरीफ अहमद ग्राम शिवपुरी जोन अफजलगढ़ को 1435 क्विंटल उपज प्राप्त करने पर तृतीय पुरस्कार मिला।पौधा वर्ग में शोबित ग्राम सीकरी जोन नजीबाबाद को प्रति हेक्टेयर 2037 क्विंटल उपज प्राप्त करने पर प्रथम, गुरचरन सिंह ग्राम पहाड़पुर जोन बिलासपुर जनपद रामपुर को प्रति हेक्टेयर 1611 क्विंटल उपज प्राप्त करने पर द्वितीय एवं रामकुमार सिंह ग्राम दिनदारपुर जोन स्योहारा को प्रति हेक्टेयर 1572 क्विंटल पर तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।वर्ष 2023-24 में पेड़ी वर्ग में बोस कुमार छेदा लाल ग्राम सिपाईवाला जोन स्योहारा को प्रति हेक्टेयर 1308 क्विंटल उपज प्राप्त करने पर प्रथम, कुंवरपाल सिंह ग्राम पुट्ठा जोन धामपुर को प्रति हेक्टेयर 1295 क्विंटल उपज प्राप्त करने पर द्वितीय, विनीत कुमार ग्राम धामपुर खास जोन धामपुर को प्रति हेक्टेयर 1289 क्विंटल उपज प्राप्त करने पर तृतीय स्थान मिला।पौधा वर्ग में दोदराज सिंह पुत्र ग्राम इब्राहिमपुर लाल जोन धामपुर को प्रति हेक्टेयर 1570 क्विंटल उपज प्राप्त करने पर प्रथम स्थान मिला।

## ग्लोबल पब्लिक स्कूल में हुआ विंटर मेले का भव्य आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** ग्लोबल पब्लिक स्कूल कुचावली में मंगलवार को तुलसी पूजन व क्रिसमस डे के उपलक्ष में शीतकालीन मेले का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के छात्र छात्राओं ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा टीचर्स एवं छात्र-छात्राओं की टीम ने अलग-अलग स्टाल लगाए एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया एवं विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का सेवन किया' इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्कूल के अध्यक्ष संदीप जैन, डायरेक्टर नितिन जैन,किसान यूनियन के नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह,प्रिंसिपल पी थॉमस, अभिभावक गण एवं क्षेत्र के गण मान्य व्यक्ति उपस्थित रहे' सभी ने इस आयोजन का सुंदर लुफ्त उठाया' आगंतुकों का आभार स्कूल के अध्यक्ष संदीप जैन ने व्यक्त किया ।





## विद्याज्ञान की प्रारंभिक परीक्षा में कांठ के 7 बच्चों सहित जनपद के 38 बच्चे हुए सफल

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जनपद के परिषदीय स्कूलों में पढ़ रहे कक्षा पांच के छात्र व छात्राओं के लिए विद्याज्ञान प्रवेश के प्रारंभिक परीक्षा का जारी कर दिया गया है। एक दिसंबर को आयोजित हुई इस परीक्षा में सैकड़ो बच्चों ने भाग लिया था' जनपद के 38 बच्चों ने इसमें सफलता प्राप्त की इसमें 16 छात्र व 22 बालिकाएं शामिल है 'कांठ में पांच बालक एवं दो बालिकाओं ने सफलता प्राप्त की है । विद्याज्ञान की यह परीक्षा शिवनाडर फाउंडेशन द्वारा संचालित विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। शिव नाडर फाउंडेशन संस्था के उत्तर प्रदेश के सीतापुर और बुलंदशहर में दो विद्याज्ञान विद्यालय हैं। जहां देशभर के परिषदीय विद्यालयों से चयनित होनहारों को अंग्रेजी माध्यम से इंटरमीडिएट तक की शिक्षा मुफ्त दी जाती है। विद्या ज्ञान की इस परीक्षा में सफल छात्र अब मुख्य परीक्षा में भाग लेंगे जिसमे अंतिम रूप से सफल छात्र छात्राओं का प्रवेश विद्यालय में सत्यापन के पश्चात होगा। जनपद के परिषदीय स्कूलों में पढ़ रहे यह छात्र और छात्राएं सफल हुए है। छात्रों की इस सफलता पर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही एवं नगर नगर में स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र के वरिष्ठ लिपिक लिपिक मुकेश कुमार ठाकुर ने बच्चों को बधाई दी है। परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले कांठ तहसील के आदित्य कुमार गौतम, लवी कुमार,सिद्धार्थ सागर, आदित्य राय, अनमोल गोला, दीपांशी व चंचल शामिल है।

VIDYAGYAN
|| VIDYA PARAM AISHWARYAM ||

## पूर्व सांसद और अभिनेत्री जयाप्रदा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** अभद्र टिप्पणी मामले में अदालत ने सोमवार को रामपुर की पूर्व सांसद और अभिनेत्री जयाप्रदा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया। साथ ही मुकदमे की अगली सुनवाई के लिए नौ जनवरी की तिथि निर्धारित कर दी।2019 लोकसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद कटघर क्षेत्र स्थित मुस्लिम डिग्री कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान रामपुर के पूर्व सांसद आजम खां, मुरादाबाद के सपा सांसद डॉ. एसटी हसन समेत पार्टी के अन्य सपा नेता शामिल थे। आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान रामपुर की पूर्व सांसद एवं अभिनेत्री जयाप्रदा पर अभद्र टिप्पणी की गई थी।इस मामले में रामपुर निवासी मुस्तफा हुसैन ने आजम खां, डॉ. एसटी हसन, अब्दुल्ला आजम, फिरोज खां, आयोजक मो. आरिफ, रामपुर के पूर्व चेयरमैन अजहर खां के खिलाफ केस दर्ज कराया था।



मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट एमपी सिंह की अदालत में की जा रही है। शनिवार को जयाप्रदा को कोर्ट में हाजिर होकर अपने बयान दर्ज कराने थे लेकिन वह कोर्ट में पेश नहीं हुईं। उनके वकील द्वारा सोमवार को भी स्थगन प्रार्थनापत्र अदालत में पेश किया गया, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया।

## गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटीः हरदासपुर में छह माह में बन जाएगा कुलपति आवास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** रामगंगा पार हरदासपुर में निमार्णाधीन गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी का काम तेज कराने के लिए जिले के अधिकारियों ने पहल शुरू कर दी है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों का कहना है कि कुलपति आवास छह माह में बनकर तैयार हो जाएगा। एडमिन और अन्य ब्लॉक बनने में एक साल का समय लग सकता है।रामगंगा पार हरदासपुर में गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी के निर्माण के लिए शासन ने 2026 तक का लक्ष्य निर्धारित किया है। विवि के कुलपति के रूप में प्रो. सचिन माहेश्वरी की नियुक्ति हो चुकी है। कार्यदायी संस्था ने यूनिवर्सिटी की बाउंड्री के पिलरों को बनाने का काम शुरू कर दिया है। वर्तमान समय में 220 मीटर लंबी दीवार बनाई जा रही है। हाल ही में मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह और डीएम अनुज सिंह ने कार्यों की समीक्षा की। 48.5 एकड़ में यूनिवर्सिटी को बनाने का ठेका मेरठ की कंपनी आरसीसी डेवलपर्स को मिला है। नए कुलपति ने भी हरदासपुर में जाकर निर्माण कार्यों का जायजा ले चुके हैं। अभियंताओं ने यूनिवर्सिटी बनाने के लिए ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया है। पहले कुलपति आवास बनाने का काम शुरू कर दिया गया है।पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता आरबी सिंह ने कार्यों का निरीक्षण करने के बाद बताया कि कार्यदायी संस्था को छह माह में कुलपति आवास 460 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बनाने का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। एडमिन ब्लॉक और हॉस्टलों को बनाने में एक साल का समय लगेगा। यूनिवर्सिटी में प्रवेश करने के लिए दो मार्ग होंगे। आठ वाहन पार्किंग का भी निर्माण होगा।एडमिन ब्लॉक 2156 वर्गमीटर, एकेडमिक ब्लॉक ए और बी 1890- 1890 वर्गमीटर में होंगे। मुख्य गेट 162 वर्गमीटर में होगा। 36 वर्गमीटर में पुलिस बूथ बनेगा। यूनिवर्सिटी में हॉस्टल, खेल मैदान, कर्मचारियों के आवास पार्किंग के स्थान तय हैं।

यूनिवर्सिटी के नजदीक तालाब है, उसे सुंदर बनाया जाएगा। यूनिवर्सिटी निर्माण का ठेका करीब 121 करोड़ का है लेकिन अन्य कार्यों में करीब 170 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

## टीबी रोग के 25 मरीजों को गोद लेकर की पोषण किट वितरित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फरीदनगर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान टीबी रोग के 25 मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण किट वितरित की गई। और इस बीमारी के रोकथाम हेतु जानकारी भी चिकित्सकों द्वारा दी गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए केंद्र प्रभारी डॉक्टर भारत भूषण ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वकांक्षी कार्यक्रम टीबी उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत टीबी रोग के मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण किट प्रदान करने के अलावा उन्हें इसके रोकथाम की आवश्यक जानकारी भी दी जा रही है। इसी क्रम में कस्बा फरीदनगर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक कार्यक्रम आयोजित कर टीबी रोग से पीड़ित 25 मरीजों को गोद लिया गया। और उन्हें पुष्टाहार पोषण किट वितरित की गई।। इस दौरान टीबी सुपरवाइजर योविन कौशिक ने मरीजों को समझाया कि वे मास्क लगा कर रखें, पौष्टिक आहार का सेवन करें, निर्धारित समय पर दवाई लें तथा अपनी और अपने संपर्क में रहने वाले सभी लोगो की नियमित जांच अवश्य करायें। जांच उपरांत उनमें कोई लक्षण पाई जाने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकों से संपर्क करें। इस अवसर पर डॉ जतिन उपाध्याय, टीबी सुपरवाइजर पंकज रावत, योविन कौशिक सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



## ज्ञापन सौंप कर की अमित शाह को बर्खास्त करने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** आजाद अधिकार सेना के जिला अध्यक्ष मधुर भारद्वाज अनेक पदाधिकारियों के साथ तहसील मुख्यालय पहुंचे। और राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंप कर भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी के मामले में गृहमंत्री अमित शाह को बर्खास्त किए जाने और राहुल गांधी आदि पर दर्ज मुकदमे की जांच सीबीआई से कराये जाने की मांग की। तहसीलदार को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर पर अशोभनीय टिप्पणी की थी। जिसके कारण गृहमंत्री अमित शाह केंद्र सरकार के मंत्रिमंडल में रहने का अधिकार खो चुके हैं। इसके अलावा विपक्ष में बैठे राहुल गांधी ने जब उनकी इस बात का विधि सम्मत विरोध किया तो भाजपा सांसदों द्वारा प्रतिकूल परिस्थितियों से उत्पन्न करने से संसद में मची भगदड़ में दो भाजपा सांसद घायल हो गए। जिसका ठीकरा उन्होंने राहुल गांधी पर फोड़ते हुए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी। जबकि प्रतिपक्ष द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने गृहमंत्री अमित शाह पर कोई मुकदमा कायम नहीं किया है। ज्ञापन के जरिए गृहमंत्री अमित शाह को मंत्रिमंडल से बर्खास्त किए जाने, उन पर एफआईआर दर्ज किए जाने तथा राहुल गांधी एवं अमित शाह पर दर्ज मुकदमों की जांच सीबीआई से करवाई जाने की मांग की गई है। मधुर भारद्वाज के साथ ज्ञापन सौंपने वालों में जिला महासचिव अनुराग ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष भोजपुर शिवम शर्मा, विधान सभा अध्यक्ष देवदत्त जाटव, अनुज शर्मा आदि पदाधिकारी शामिल थे।



## विधायक ने किया सिंचाई विभाग के कार्यों का निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** सिंचाई विभाग द्वारा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर कराए जा रहे विभिन्न कार्यो का निरीक्षण क्षेत्रीय विधायक डॉ मंजू शिवाच द्वारा मंगलवार को किया गया। इस दौरान उन्होंने विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक डॉ मंजू शिवाच द्वारा भोला रजवाहा पर नहर सेवा मार्ग के नवीनीकरण कार्य के अलावा तिबड़ा माइनर एवं मछरी माइनर पर सिंचाई विभाग द्वारा कराए जा रहे सफाई कार्य का गहनता से निरीक्षण किया गया। इस संबंध में विधायक कार्यालय से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि निरीक्षण के दौरान विधायक डॉ मंजू शिवाच ने वहां मौजूद किसानों से बातचीत की तो किसानों ने विधायक से कहा कि नहर का पानी समस्त टेल भाग तक पहुंच रहा है। और प्रेस विज्ञप्ति में यह भी दावा किया गया है कि बातचीत के दौरान सभी किसान प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ और जल शक्ति मंत्री की किसान हित की योजनाओं से लाभान्वित है और प्रफुल्लित हैं। निरीक्षण के अवसर पर अधिसाशी अभियन्ता प्रमोद, एसडीओ देवेन्द्र, जेई बृजराज के अलावा अमित चौधरी, करणवीर सिंह, संजय भदौला, नीरज सांगवान, हिमांशु थापर,अनुज त्यागी, सतीश बखरवा आदि मौजूद थे।



## वरिष्ठ नागरिकों , दिव्यांगों दृष्टिबाधितों को बैंक सुविधाएं नहीं मिल रही घर पर,आरबीआई के निदेशों को 6 वर्ष बाद भी अधिकांश बैंक शाखाएं "उड़ा रही है हवा में"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देश के 6 वर्ष बाद भी अधिकांश बैंक शाखाएँ सत्तर साल से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों, दृष्टिवाधित व्यक्तियों और दिव्यांगों को नकदी, चैक, पैसे के लेन-देन की सुविधा उनके घर पर पहुंचाने में नाकामयाब रही हैं। आरबीआई के निर्देश यहां हवा में उड़ाये जा रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने 9 नवम्बर 2017 को समस्त बैंकों की शाखाओं को एक अधिसूचना जारी की थी। जिसमें सत्तर साल से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों, दृष्टिबाधित व्यक्तियों और दिव्यागों को बुनियादी बैंकिंग सुविधाएँ उनके घर पहुंचाये जाने के निर्देश दिये गये थे। अधिसूचना में कहा गया था कि बैंकों को ये सेवा 31 दिसम्बर 2017 तक शुरू करनी होगी। लेकिन, इन निदेशों का अधिकांश बैंक शाखाओं ने पालन करना उचित नहीं समझा, जिसकी वजह से वरिष्ठ नागरिकों अशक्त लोगों को नकदी, चैक या पैसे के लेन-देन की सुविधा बैंक उनके निवास स्थान पर नहीं मिल रही है। नगर व क्षेत्र में अनेक बैंक शाखाएँ ऐसी हैं जिनमें दिव्यांगों व वृद्धजनों के लिये अलग काउण्टर की सुविधा नहीं है' जबकि आरबीआई के निदेशों के मुताबिक बैंक शाखाओं में वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगों के लिये अलग काउण्टर की सुविधा होनी चाहिए। आरबीआई के अनुसार बैंक उपभोक्ताओं को शाखा में शुद्ध पेयजल, शौचालय, दिव्यांगों व वरिष्ठ नागरिकों के लिये अलग काउण्टर व अन्य उपभोक्ताओं के लिये बैठने की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। लेकिन, अधिकांश बैंकों में नागरिकों को ये सुविधाएँ प्राप्त नहीं हो रही हैं।

दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिक आम लोगों की लाईन में लग कर ही पैसों का लेन-देन कर रहे हैं। नगर के पंजाब नैशनल बैंक, केनरा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक शाखा छजलैट, वा ऊमरी कलां, अगवानपुर तथा केनरा बैंक की शाखा कांठ, लदावली तथा प्रथमा बैंक की शाखा मिश्रीपुर, छजलैट, तक ऊमरी कलां, पैगम्बरपुर, कुरी रवाना, अगवानपुर, फत्तेहपुर विश्नोई आदि शाखाओं में वरिष्ठ नागरिकों व विकलांगों के लिये अलग काउण्टर की व्यवस्था नहीं है। इन बैंकों में पेयजल व शौचालय की सुविधा बैंक अधिकारियों के लिये मौजूद है और उपभोक्ताओं के लिये नहीं है।

## सार्वजनिक शौचालयों में अब महिलाओं को मिलेंगे सेनेटरी पैड

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद शहर के प्रमुख बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर बनाए गए सार्वजनिक शौचालयों में अब महिलाओं को सेनेटरी पैड मिलेंगे। इसके लिए शौचालयों में सेनेटरी पेड वेडिंग मशीन भी लगाई जा रही हैं। पांच रुपये में महिलाएं सेनेटरी पैड खरीद सकेंगी। साथ ही उपयोग किए पैड के निस्तारण के लिए इंसीनरेटर मशीन व हैंड ड्रायर की सुविधा भी होगी।

नगर निगम की ओर से क्लीन टॉयलेट चैलेंज अभियान शुरू किया गया है, जिसके तहत सार्वजनिक शौचालयों की सुविधाओं को बढ़ाया जा रहा है। इन शौचालयों में महिलाओं की सुविधाओं को खासतौर पर बढ़ाया जा रहा है। अब तक करीब 20 सार्वजनिक शौचालयों को आधुनिक सुविधाओं से अपग्रेड भी किया जा चुका है। अभी भी शहर के करीब 70-75 सार्वजनिक शौचालयों पर केयरटेकर की तैनाती करने के साथ ही सॉप डिस्पेंसर भी लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा दिन में दो बार मैक्नाइज्ड क्लीनिंग की भी सुविधा भी कराई जा रही है, जिससे की शहरवासियों को शौचालय के अंदर गंदगी की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। इन स्थानों पर फीडबैक मशीन भी लगाई जा रही है, ताकि लोग निगम को भी सुविधा बढ़ाने के लिए अपना सुझाव दे सके 'अब तक महाराणा प्रताप चौक, बुध बाजार पिंक टॉयलेट, सदर तहसील, आदर्श नगर, पार्श्वनाथ प्लाजा, गुलाब बाड़ी चंगी, विवेकानंद अस्पताल और पीएसी तिराहे के पास स्थित सार्वजनिक शौचालयों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। इन शौचालयों की दीवारों पर भी आकर्षक पेंटिंग कराई जा रही है।




## मुरादाबाद जनपद के165 आंगनबाड़ी भवन हुए खंडहर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** बाल विकास पुष्टाहार निदेशालय को जनपद में जर्जर आंगनबाड़ी भवन व कार्यकत्रियों के कार्य की रिपोर्ट भेजी गई है। जिसमें प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जर्जर 165 आंगनबाड़ी भवन की रिपोर्ट के साथ 50 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के निष्क्रिय होने की रिपोर्ट भेजी है।जनपद में 2772 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 165 केंद्र पूरी तरह खंडहर हो चुके हैं। 400 केंद्र लगभग 50 प्रतिशत खराब है। 500 केंद्र में हल्की फुल्की मरम्मत का काम लंबे समय से न होने पर उनकी हालत भी दयनीय होती जा रही है। यह रिपोर्ट प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी सीडीपीओ मूंडापांडे जानकी देवी ने बाल विकास पुष्टाहार निदेशालय को भेजी है। इसके साथ ही निदेशालय से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के कार्य की रिपोर्ट मांगने पर उन्होंने एक सप्ताह केंद्रों का निरीक्षण किया। जिसमें 50 केंद्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौके पर मौजूद नहीं मिलीं। जनपद में जिला कार्यक्रम अधिकारी का पद पिछले तीन महीनों से खाली चल रहा है। मूंढापांडे सीडीपीओ पर जिला कार्यक्रम अधिकारी का अतिरिक्त चार्ज है। प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी के मुताबिक विभाग में बड़े पैमाने में सुपरवाइजर के पद लंबे समय से खाली चल रहे है। 104 पदों में से मात्र 22 सुपरवाइजर कार्य कर रहे हैं। वहीं 9 सीडीपीओ सापेक्ष तीन ही कार्य कर रही हैं। जिलाधिकारी के माध्यम से निदेशालय को रिपोर्ट भेजी गई है।




**क्रिसमस** एएम पब्लिक स्कूल में सेंटा क्लॉज बनकर आए नन्हे मुन्ने बच्चों को उपहार बांटे

# ईसा मसीह ने सभी को प्रेम का संदेश दियाः शाह आलम रौनक

बलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** रामनगर मझरा स्थित एएम पब्लिक स्कूल में क्रिसमस की पूर्व संध्या पर क्रिसमस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल को क्रिसमस ट्री और अन्य सजावट की वस्तुओ से सजाया गया। जिससे पूरा परिसर एक उत्सव का माहोल प्रस्तुत कर रहा था। छात्रों ने क्रिसमस से जुड़े सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने जिंगल बेल्स गाना गया और पर्व का महत्व बताया। सेंटा क्लोज की वेशभूषा में आए नन्हे मुन्ने बच्चों को उपहार दिए। दूसरी कक्षाओं के बच्चो द्वारा क्रिसमस दिवस से जुड़ी सुंदर कलाकृतियां के लिए सम्मानित किया गया।

इस मौके पर प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक ने कहा क्रिसमस का त्यौहार प्रतिवर्ष अंग्रेजी महीने के अनुसार दिसंबर की 25 तारीख को मनाया जाता है। क्योंकि ईसा मसीह का जन्म इसी शुभ तिथि में हुआ था । ईसा मसीह ऊँच-नीच के भेदभाव को नहीं मानते थे । अतः क्रिसमस का पावन पर्व भी किसी एक का नहीं अपितु उन सभी का है जो उनके समर्थक हैं तथा उन पर आस्था रखते हैं ।

इस त्योहार के कई दिनों पूर्व ही लोगों में उत्साह और उल्लास की झलक देखने को मिल जाती है। यह त्यौहार विश्व भर में धूमधाम से मनाया जाता है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक बलराम सिंह सैनी,हरपाल सिंह सैनी, ऋषिपाल सैनी,तनुज सैनी,तरुण कुमार सैनी, प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक, अभिनव सैनी, गिरिराज सिंह,अनुज कुमार, मोहम्मद दानिश, प्रीति चतुर्वेदी,ज्योति सैनी, इंशा परवीन,डॉली गौतम,एमन परवीन, सुखविंदर कौर, वैष्णवी, कशिश, शिवानी, आफरीन आदि शामिल रहे। संचालन ईशा परवीन और शगुन ने संयुक्त रूप से किया।



## बिना लाइसेंस शराब पिलाने वाले रेस्टोरेंट संचालकों पर होगी कार्रवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिला आबकारी अधिकारी ने कहा कि होटल और रेस्टोरेंट में बगैर लाइसेंस मदिरापान कराना नियम विरुद्ध है। समारोहों के लिए विभाग से अस्थायी बार लाइसेंस लेना होगा।

बिना लाइसेंस शराब परोसने वाले रेस्टोरेंट और होटल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिला आबकारी अधिकारी महेंद्र पाल के अनुसार होटल, रेस्टोरेंट, क्लब या मैरिज हॉल में शराब परोसने से पहले लाइसेंस लेना अनिवार्य है। आबकारी विभाग से नियमानुसार अस्थायी बार लाइसेंस लेना होगा। इस मामले में आयोजक को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। निर्धारित शुल्क जमा करने पर आबकारी विभाग से लाइसेंस जारी हो जाएगा।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश



# मानसिक अवरोधों को तोड़ने में मदद करती है अलग-अलग तरह की भूमिका: भूमिका गुरुंग

टीवी अभिनेत्री भूमिका गुरुंग ने अलग-अलग तरह की भूमिका को निभाने को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि अलग-अलग तरह की भूमिका मानसिक अवरोधों को तोड़ने और एक कलाकार के रूप में अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वर्तमान में 'बस इतना सा ख्वाब में शगुन की भूमिका निभा रही अभिनेत्री ने बताया कि शगुन की भूमिका उनके व्यक्तिगत विकास को भी दिखाती है।

इस बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने साझा किया, मुझे एहसास हुआ कि मैं सिर्फ मुख्य भूमिकाओं तक सीमित नहीं रहना चाहती। अगर सही तरह से निभाया जाए तो एक किरदार कम से कम स्क्रीन टाइम में भी अलग दिख सकता है। यह मानसिक अवरोधों को तोड़ने और भूमिकाओं में विविधता को अपनाने के बारे में है।गुरुंग ने यह भी खुलासा किया कि शगुन का उनका किरदार पारंपरिक ढांचे से अलग है। शो में उनका किरदार आधुनिक, व्यावहारिक और अपनी पसंद को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है और भारतीय टेलीविजन पर अक्सर दिखाए जाने वाले त्याग करने वाली बहू से के किरदार बिल्कुल अलग है।भूमिका ने बताया, शगुन कोई कोमोलिका या खलनायिका नहीं है। उसकी अपनी भावनाएं हैं, वह गलतियां करती है और अपने फैसलों की जिम्मेदारी खुद लेती है। यही बात उसे दूसरों से अलग बनाती है।

शो के बारे में बात करते हुए भूमिका ने कहा, हम सभी ने कभी न कभी किसी न किसी चीज का सपना देखा है। सपने हमें परिभाषित करते हैं। यही बात शो के टाइटल को प्रासंगिक बनाता है। यह छोटी-छोटी इच्छाओं और आकांक्षाओं के बारे में है, जो हर किसी के साथ जुड़ती है।

भूमिका गुरुंग ने कहा, पिछले कुछ सालों में इंडस्ट्री काफी विकसित हुई है। नए ट्रेंड, कार्य संस्कृति और कहानी कहने की तकनीकों को अपनाना बहुत जरूरी है। इसी तरह आप एक कलाकार के तौर पर आगे बढ़ सकते हैं।

# पुष्पा 2 और वनवास के बीच मुफासा ने मचाया गदर, दूसरे दिन फिल्म ने ताबड़तोड़ कूट डाले इतने करोड़

मुफासाः द लॉयन किंग के सिनेमाघरों में पहुंचने का आज दूसरा दिन है। ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही फिल्म सुर्खियों में थी। मुफासा की कहानी जानने के लिए फैंस काफी उत्साहित थे। अब आखिरकार यह फिल्म सिनेमाघरों में दिखाई जा रही है। इसे दर्शकों का काफी अच्छा रिस्पॉन्स भी मिल रहा है। इसी कड़ी में फिल्म ने ओपनिंग डे पर बॉक्स ऑफिस पर 10 करोड़ का बिजनेस किया। अब इसके दूसरे दिन के आंकड़े भी जारी हो गए हैं। आइए जानते हैं दूसरे दिन इसने कितनी कमाई की है।

द लॉयन किंग की रिलीज के 5 साल बाद अब मुफासाः द लॉयन किंग दुनियाभर में रिलीज हो गई है। फैंस के बीच एक्साइटमेंट लेवल इसलिए भी ज्यादा देखने को मिल रहा है क्योंकि इसके हिंदी वर्जन को खुद किंग खान ने अपनी आवाज दी है। यही वजह है कि दर्शक इससे जुड़ाव महसूस कर रहे हैं। इसके अलावा बाकी दो किरदारों को उनके बेटों ने आवाज दी है। कमाई की बात करें तो पहले दिन जहां 10 करोड़ का कारोबार किया, वहीं दूसरे दिन वीकेंड का फायदा उठाते हुए फिल्म ने 14 करोड़ रुपये की कमाई की है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक दूसरे दिन के कलेक्शन को मिलाकर इसने कुल 22 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। मुफासा में अबराम और आर्यन के अलावा श्रेयस तलपड़े और संजय मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। फिल्म के तेलुगु वर्जन में महेश बाबू ने मुफासा के किरदार को आवाज दी है।




आपको बता दें कि शानदार कमाई करने के बाद भी मुफासा अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 का रिकॉर्ड छूने से काफी पीछे है। फिल्म पुष्पा 2 के दूसरे दिन के कलेक्शन को पछाड़ने में नाकाम रही है। फिल्म ऐसे समय पर रिलीज हुई है जब पुष्पा 2 का जलवा बरकरार है, इसलिए इसे कम स्क्रीन और कम कलेक्शन मिल रहा है। पुष्पा 2 ने दूसरे दिन 196.4 करोड़ रुपये की कमाई की। मुफासा ने दूसरे दिन 13.72 करोड़ रुपये की कमाई की। आपको बता दें कि डिज्नी की यह एनिमेटेड फिल्म नाना पाटेकर की वनवास से क्लैश कर रही है। वनवास ने दूसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर 95 लाख का कारोबार किया और कुल फिल्म ने 1.55 करोड़ का कारोबार किया है।

# भोजपुरी स्टार मोनालिसा ने रेड मोनोकिनी में गिराई बिजली, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने स्विमिंग पूल में लगाई आग

भोजपुरी इंडस्ट्री में अपनी अदाओं से लोगों के दिलों पर खंजर चलाने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। भोजपुरी स्टार मोनालिसा ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर रेड मोनोकिनी में बेहद हॉट और ग्लैमरस तस्वीरें और वीडियो शेयर की हैं, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं. मोनालिसा की ये तस्वीरें और वीडियो स्विमिंग पूल के किनारे ली गई हैं, जिसमें वह अपने फैंस को अपना हॉट लुक दिखा रही हैं. मोनालिसा ने रेड मोनोकिनी



पहनकर पूल में पोज दिए, जो उनकी हॉटनेस और कातिलाना अंदाज को और भी बढ़ा रहे हैं. उनका कॉन्फिडेंट लुक और उनकी फिट बॉडी ने फैंस को मंत्रमुग्ध कर दिया है. मोनालिसा का मेकअप ग्लोइंग है और उनके बाल बंधे हुए हैं, जो उनके लुक को और भी स्टाइलिश बनाते हैं. इन तस्वीरों में मोनालिसा के चेहरे पर हल्की मुस्कान है, जो उनकी खूबसूरती और आत्मविश्वास को और भी उजागर करती है.

मोनालिसा सोशल इन दिनों भले ही टीवी शोज में दिखाई नहीं दे रही हो, लेकिन आए दिन अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़े अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं।

# थिएटर्स के बाद ओटीटी पर कब्जा करेगी श्रीमुरली फिल्म बघीरा, हिंदी में आज डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर होगी रिलीज?

2024 को खत्म होने में बस कुछ दिन ही बचे हुए हैं। इस साल सिनेमाघरों में एक से बढ़कर एक फिल्में थिएटर में रिलीज हुईं। कुछ मूवीज ने बॉक्स ऑफिस पर आंधी लाई तो कुछ का आना और जाना पता ही नहीं चला। इस साल फिल्मों के लिहाज से साउथ की मूवीज का दबदबा देखने को मिला था जिसमें कन्नड़ की बघीरा भी शामिल है। इस फिल्म ने सिनेमाघरों में दर्शकों का भरपूर एंटरटेनमेंट किया। अगर आपने अभी तक ये फिल्म नहीं देखी है तो बता दें कि अब आप इसे घर बैठे देख सकते हैं। फिल्ममेकर प्रशांत नील ने बहुत कम समय में अपनी एक अलग पहचान बना ली है। यश के साथ केजीएफ फ्रैंचाइजी और प्रभास के साथ सालार जैसी ब्लॉकबस्टर डिलीवर कर चुके प्रशांत नील से फैन्स की उम्मीदें बढ़ा दी थी। बघीरा की कहानी से एक नए हीरो की कहानी सामने आई। इसी कहानी को घर घर लोगों तक पहुंचाने के लिए मेकर्स ने सरप्राइज देते हुए इसे 25 दिसंबर को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम करने का फैसला ले लिया है। जी हां, बघीरा क्रिसमस के मौके पर रिलीज की जा रही है।

बघीरा की कहानी की बात करें तो ये वेदांत नाम के एक लड़के की है जो सुपरमैन जैसा बनने की चाहत रखता है। हालांकि आगे चलकर वो अपने पिता की तरह एक पुलिस अधिकारी बन जाता है। वह एक पुलिस ऑपरेशन के तहत गैंगस्टरों को पकड़ता है, लेकिन वो तब हैरान हो जाता है जब उसे पता चलता है कि बड़े अधिकारियों के भ्रष्टाचार के मामले के कारण उन अपराधियों को बेल दे दी जाती है।

अंत में उसे पता चलता है कि उसके पिता भी एक भ्रष्ट अधिकारी है, जो उसकी



दुनिया को पूरी तरह से हिला देता है। इन सब के बीच उसके जीवन में कुछ ऐसा होता है कि वह न्याय के लिए एक सुपरहीरो की पोशाक पहन लेता है और 'बघीरा' बन जाता है।

कन्नड़ फिल्म 'बघीरा में श्रीमुरली ने लीड हीरो आईपीएस वेदांत प्रभाकर और 'बघीरा की भूमिका निभाई है। वहीं रुक्मिणी वसंत डॉ. स्नेहा के रोल में नजर आई थीं। प्रकाश राज ने गुरु की भूमिका निभाई है, जो एक सीबीआई अधिकारी होता है। अच्युत कुमार प्रभाकर की भूमिका में, रंगायन रघु ने नारायण की भूमिका में और सुधा रानी ने वेदांत की मां की रोल प्ले किया है।

# फलों का स्वाद नमकीन क्यों नहीं होता? जानिए खट्टे-मीठे फलों पर नमक डालकर खाना सही या गलत

फल हर कोई खाता है. किसी को खट्टे-मीठे यूं ही खाना पसंद होता है तो कोई उनके ऊपर स्वाद बढ़ाने के लिए नमक या मसाला डालकर खाते हैं. लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि फलो का स्वाद मीठा या खट्टा तो होता है लेकिन कभी नमकीन क्यों नहीं होता? या आप जो फलों पर नमक या मसाला डालकर खाते हैं तो इससे आपकी सेहत को कोई नुकसान तो नहीं होता, अगर नहीं तो ये खबर आपके लिए है.



आइए जानते हैं इसके बारे में विस्तार से।

**फल नमकीन क्यों नहीं होते?**

आमतौर पर कोई भी फल नमकीन नहीं होता है. इसमें नमक की मात्रा पैदा करने वाले नेचुरल सिस्टम की कमी होती है. पौधे शुगर और एसिड को नेचर के जरिए अपने सिस्टम से प्रोसेस कर सकते हैं लेकिन नमक यानि सोडियम क्लोराइड नहीं. आमतौर मिट्टी से पौधों में कुछ नमक जरूर आता है लेकिन बहुत सीमित मात्रा में. अगर ये ज्यादा हो जाए तो पौधे की ग्रोथ और बीज से पौधा बनने की प्रक्रिया पर असर डाल सकते हैं।

**दुनिया का एकमात्र खट्टा फल**

अपवाद के तौर पर कुछ फलों में नमक की थोड़ी मात्रा हो सकती है, लेकिन इसके बाद भी उनमें नमकीन स्वाद नहीं होता. कई फल ऐसे होते हैं जिसमें बहुत कम मात्रा में सोडियम होता है. हालांकि दुनिया का एक फल ऐसा है जो नमकीन होता है, इसे पिगफेस फ्रूट कहते हैं. ये दुर्लभ माना जाता है.ये आस्ट्रेलिया में पाया जाता है।

**फल कम या ज्यादा मीठा क्यों होता है?**

आपने महसूस किया होगा कि कुछ फल ज्यादा मीठे या खट्टे होते हैं जबकि कुछ कम. ऐसा फलों में मौजूद फ्रक्टोज, सेल्यूलोज, विटामिन, स्टार्च, एसिड और प्रोटीन के कारण उनमें मिठास और खट्टेपन की मात्रा अलग अलग होती है. जिन फलों शर्करा ज्यादा होती है, उनका स्वाद मीठा होता है, जिनमें अम्लों की मात्रा ज्यादा होती है, उनका स्वाद खट्टा होता है. तो कुल मिलाकर पौधों में मुख्य रूप से प्राकृतिक शर्करा (जैसे फ्रक्टोज) और अम्ल (जैसे साइट्रिक एसिड) मौजूद होते हैं. ये उसके स्वाद को निर्धारित करते हैं।

**फलों में नमक डालकर खाना चाहिए या नहीं?**

विज्ञान के अनुसार नमक के साथ फल खाने से स्वास्थ्य पर पॉजिटिव और निगेटिव दोनों तरह के कई प्रभाव पड़ सकते हैं. नमक डालने से कुछ फलों के स्वाद चटपटे हो जाते हैं, जिससे उन्हें खाने में ज्यादा स्वाद आता है. ये खट्टे या कच्चे फलों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है. साइंस कहती है कि नियमित रूप से नमक के साथ फल खाने से अत्यधिक सोडियम का सेवन हो सकता है. उससे हाई सोडियम सेवन हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग और स्ट्रोक का रिस्क दे सकता है. फिर फलों पर नमक छिड़कने से उनमें पानी निकल सकता है, जिससे कुछ पोषक तत्व खराब हो सकते हैं. यानि किसी फल से जितना लाभ मिल सकता है, वो नहीं मिलेगा।

# चारकोल टूथपेस्ट इस्तेमाल करने से पहले इन बातों का जरूर रखें ध्यान, जानें कितना सुरक्षित है यह टूथपेस्ट

चारकोल टूथपेस्ट (जिसे ब्लैक टूथपेस्ट भी कहा जाता है) एक लोकप्रिय ट्रेंड है. जिसे दांतों को साफ और सफेद रखने के लिए एक स्वस्थ तरीके के रूप में मार्केटिंग किया जाता है. एक्टिव चारकोल लकड़ी और नारियल के खोल जैसे कार्बनिक उच्च कार्बन सामग्री से बने महीन दाने वाले पाउडर से बना होता है. जब इन तत्वों का ऑक्सीकरण होता है और उन्हें अत्यधिक तापमान पर गर्म किया जाता है, तो वे चारकोल में बदल जाते हैं. इस रासायनिक प्रक्रिया से गुजरने के बाद, परिणामी पदार्थ में छोटे छिद्र होते हैं जो जमा और विष को फंसा सकते हैं।

चारकोल टूथपेस्ट के समर्थकों का दावा है कि यह एक चुंबक की तरह काम करता है, जो आपके दांतों से टार्टर, बैक्टीरिया और दागों को खींचता है. वास्तव में, विकसित दुनिया में एक्टिव चारकोल सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला प्वाइज कंट्रोल ट्रीटमेंट है. ऐसा इसलिए है क्योंकि एक्टिव चारकोल गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट में टॉक्सिन्स को बांधता है, जिससे उनका अवशोषण रुक जाता है. लेकिन, क्या एक्टिवेटेड चारकोल टूथपेस्ट काम करता है और क्या यह रोजाना इस्तेमाल के लिए सुरक्षित है? विस्तार से जानते हैं इस स्टोरी में...



**चारकोल टूथपेस्ट के फायदे**

**दाग हटाता है**

विशेषज्ञों का कहना है कि चारकोल टूथपेस्ट का सोखने का गुण दांतों पर लगे दागों को हटाने में मदद करता है. सांसों की दुर्गंध को कम करता है कई शोधों के हवाले से ऐसा कहा जाता है कि चारकोल मुंह से बैक्टीरिया और अन्य दूषित पदार्थों को हटाकर सांसों की दुर्गंध को कम करने में मदद करता है.

प्लाक को कम करता हैः कुछ अध्ययनों के अनुसार, चारकोल टूथपेस्ट भी दांतों पर प्लाक को कम करने में मदद करता है. प्लाक बैक्टीरिया और खाद्य अपशिष्ट की एक चिपचिपी परत होती है।

**चारकोल टूथपेस्ट के नुकसान**

हालांकि, उचित खुराक में चारकोल टूथपेस्ट का उपयोग करना सुरक्षित है, लेकिन इसे रोजाना उपयोग करने के फायदे से अधिक नुकसान हैं...

दांतों के इनेमल को नुकसान पहुंचा सकता है : कुछ चारकोल टूथपेस्ट बहुत कठोर होते हैं. इनके घर्षण गुणों के कारण दांतों के ऊपर की इनेमल परत के घिसने का खतरा रहता है. बता दें, इनेमल दांतों के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह होता है. ऐसा कहा जाता है कि इसके क्षतिग्रस्त होने पर दांत संवेदनशील हो जाते हैं. कहा जाता है कि ठंडा और गर्म पदार्थ लेने पर दर्द होता है और दांतों में सड़न की संभावना भी बढ़ जाती है.

सभी प्रकार के दाग नहीं हटाताः चारकोल टूथपेस्ट केवल सतह के दाग हटाता है. यानी यह कॉफी, चाय और सिगरेट जैसी चीजों से लगे दाग को हटा सकता है. लेकिन, इससे दांतों की अंदरूनी परत पर बने दाग नहीं हटते है।

**मसूड़ों से खून आनाः** जब चारकोल टूथपेस्ट का अधिक मात्रा में उपयोग किया जाता है, तो इससे मसूड़े लाल हो सकते हैं, सूज सकते हैं, दर्द हो सकता है और खून आ सकता है।

काला अवशेषः चारकोल काला होता है और ब्रश करने के बाद मुंह में काला अवशेष छोड़ सकता है. इन्हें पूरी तरह से हटाने के लिए मुंह को अच्छी तरह से धोना चाहिए। इनेमल को मजबूत बनाता हैः फ्लोराइड दांतों की सतह पर इनेमल को बांधता है, जिससे यह मजबूत हो जाता है. जब एसिड उन पर हमला करता है तो यह दांतों को नुकसान से बचाता है.

क्षय को रोकता हैः खाना खाने के बाद मुंह में बैक्टीरिया शर्करा को एसिड में बदल देते हैं. ये एसिड इनेमल को कमजोर कर देते हैं, जिससे दांत खराब हो जाते हैं. फ्लोराइड इस प्रक्रिया को धीमा कर देता है. कुछ मामलों में इसका उलटा भी होता है।

# जन्मदिन पर मिले जनता के प्यार का रहूंगा आभारी: कुश शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- भाजपा नेता के जन्मदिन पर उमड़ी लोगों की भीड़
- जनपद के प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने की जन्मदिन की शुभकामनाएं
- जिलाधिकारी सहित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित अधिकारी भी पहुंचे

**बुलंदशहर ।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्यमंत्री वर्तमान शिकारपुर विधायक अनिल शर्मा के पुत्र युवा भाजपा नेता कुश शर्मा के जन्मदिन में शुभकामना देने के लिए क्षेत्रीय लोगों की भीड़ उमड़ गई। शिकारपुर के बदायूं हाईवे स्थित रानऊ निजी फार्म हाउस में स्नेह मिलन समारोह का भव्य आयोजन हुआ है। जन्मदिन पर आयोजित स्नेह मिलन समारोह में भाजपा के साथ हिंदू संगठन के पदाधिकारियों के साथ-साथ कार्यकताओं ने भाजपा नेता कुश शर्मा के जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। आयोजित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे हैं। बुलंदशहर की विधानसभा शिकारपुर के बदायूं हाईवे स्थित गांव रानऊ स्थित अवंतिका फार्म हाउस में विधायक अनिल शर्मा पूर्व राज्यमंत्री के पुत्र युवा भाजपा नेता कुश शर्मा के जन्मदिन पर स्नेह मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा नेता कुश शर्मा के जन्मदिन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रतिनिधि के रूप में जनपद के प्रभारी मंत्री डा अरुण कुमार सक्सेना ने कार्यक्रम में पहुंचकर शुभकामनाएं दी। उसी दौरान भाजपा नेता कुश शर्मा ने जनप्रतिनिधियों के साथ चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डा अंतुल तेवतिया, सांसद डा भोला सिंह, स्याना विधायक देवेंद्र सिंह, डिबाई विधायक चंद्रपाल सिंह, खुर्जा विधायक मीनाक्षी सिंह सहित जिलाधिकारी सीपी सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने जन्मदिन पर कार्यक्रम में पहुंचकर शुभकामनाएं दी। उसी क्रम में भाजपा के साथ साथ विभिन्न हिन्दू संगठन के पदाधिकारियों सहित कार्यकताओं ने पहुंचकर जन्मदिन की शुभकामना दी। जन्मदिन के स्नेह मिलन समारोह कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के तमाम पदाधिकारी सहित क्षेत्र हजारों लोगों का जन सेवा सैलाब उमड़ गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों की कुश शर्मा के साथ फोटो खींचने की होड लगी रही है। आयोजित कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की जयंती व भगवान प्रभु श्री राम की अयोध्या में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का 1 वर्ष पूरा होने पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।



# श्री जगन्नाथ यात्रा में उमड़ा जन सैलाब बाबा का रथ खींचने को लोग दौड़े नंगे पांव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** नगर में श्री जगन्नाथ के 5 वे रथ यात्रा का आयोजन बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ ! इस महोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं ने संकीर्तन और भक्ति भाव से इस यात्रा रथ यात्रा में भाग लिया! बुलंदशहर से आए कलाकार तनुज गोस्वामी और जहांगीरबाद से आए सुमित गोयल ने अपनी आकर्षक भजन प्रस्तुति से श्रद्धालु और भक्तों का मन मोह लिया ! इस यात्रा रथ यात्रा में शामिल हुए श्रद्धालुओं ने कड़के की ठंड के बावजूद नंगे पैर रथ के रसों को खींचते हुए पूरे शहर में घुमाया ! इस रथ यात्रा में बैंड बाजे डीजे की मधुर धुनों पर श्रद्धालु पूरी भक्ति में ली नजर आए ! श्री जगन्नाथ समिति के सदस्य प्रदीप कुमार कंसल आयुष कंसल स्पर्श कंसल शिवम गर्ग अर्पित कंसल और कौशल कंसल ने इस रथ यात्रा प्रोग्राम में अपना अहम योगदान दिया ! नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश तेवतिया और निवर्तमान मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र तेवतिया ने भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना भरपूर योगदान दिया और रस्सी खींचकर इस रथ यात्रा प्रोग्राम को आगे बढ़ाया । इस रथ यात्रा के बाद छप्पन भोग प्रसाद का भी वितरण भक्तजनों को किया गया ! यह रथ यात्रा नगर के विभिन्न मुख्य मार्गो से होती हुई गुजरी जो एक आकर्षण का केंद्र रही।



# नगर ब्राह्मण सभा द्वारा कार्यकारिणी का किया गया विस्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** नगर ब्राह्मण सभा की एक बैठक का आयोजन परशुराम भवन में अध्यक्ष त्रिलोक चंद शर्मा की अध्यक्षता में किया गया । इस अवसर पर नगर ब्राह्मण कार्यकारिणी समिति के पदों का विस्तार किया गया । इस गठन में राजेश कौशिक को महामंत्री धीरेंद्र शर्मा को कोषाध्यक्ष अंकित शर्मा को उपाध्यक्ष आभास निराला को प्रचार मंत्री अनिल शर्मा को मंत्री, भूदेव शर्मा जय भगवान शर्मा संजीव शर्मा एवं कृष्ण शास्त्री को सदस्य के रूप में शामिल किया गया। इस कार्यक्रम में सभी पदाधिकारी का पटका पहनकर स्वागत किया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कुंवर पाल शर्मा एवं संचालन अनिल कुमार शर्मा (टैगोर पब्लिक स्कूल ) ने किया ! इस अवसर पर मधु शर्मा रामदेव शर्मा प्रमोद शर्मा योगेंद्र निराला राजेश निराला एवं राजीव शर्मा आदि उपस्थित रहे।



# नेकी राम ग्लोबल स्कूल में आयोजित किया गया वार्षिक खेल दिवस समारोह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** नगर के निकटतम ग्राम असवार में स्थित नेकी राम ग्लोबल स्कूल में वार्षिक खेल दिवस प्रतियोगिता का भव्य एवं रोमांचित आयोजन किया गया । ये कार्यक्रम ऊर्जा, उत्साह और खेल भावना से भरा था। विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में अपनी अविश्वसनीय प्रतिभा, टीम वर्क और समर्पण का प्रदर्शन किया, जिससे यह कार्यक्रम सभी के लिए यादगार बन गया। रोमांचक दौड़ से लेकर कुशल प्रदर्शन तक, हर पल दृढ़ संकल्प और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का प्रमाण था। श्रेणीवार और वर्गवार विजेता इस प्रकार हैं 100 मीटर दौड़ तीसरे ए के लड़के हैं-हिमांशु प्रथम, अवि दूसरे और अखिल तीसरे स्थान पर है तीसरी ए लड़कियों में आराध्या प्रथम, ईशू द्वितीय और रिया तृतीय स्थान पर है तीसरा बी लड़के कृष्णा प्रथम, तनुज द्वितीय और अयांश तृतीय स्थान पर है। तृतीय बी लड़कियाँ मानवी प्रथम, जानवी द्वितीय और मानवी द्वितीय, तृतीय स्थान पर है।
कक्षा 4 के लड़के विजेता लक्ष्य प्रथम, शादाब द्वितीय और काव्यांश तृतीय रहे कक्षा 4 की लड़कियां विजेता रहीं, परिधि प्रथम, आन्वी द्वितीय और नैना तृतीय रहीं।
100 मीटर और 200 मीटर के विजेता रहे 5वीं ए के लड़कों के विजेता हैं: रिहान को पहली रैंक, विहान को दूसरी रैंक और गुरुमीत को तीसरी रैंक और 5वीं ए की लड़कियों के विजेता हैं: निशि को पहला, यशिका को दूसरा और पूर्वी को तीसरा स्थान 5वीं बी लड़कों के विजेताओं में चिराग पहले, पार्थ दूसरे और अर्श तीसरे स्थान पर हैं और 5वीं बी लड़कियों के विजेता माही पहले, नवी दूसरे और खुशी तीसरे स्थान पर हैं।
छठी कक्षा के लड़कों में साकिर पहले, सुमित दूसरे और तरूण तीसरे स्थान पर रहे और छठी लड़कियों में मीरा पहले, इंदु दूसरे और सिया तीसरी रहीं।
कक्षा 7वीं के विजेता हैं: फरहान पहले, अजीम दूसरे और नमन तीसरे और 8वें लड़के विजेता हैं: रोहन पहले, चिराग दूसरे और प्रियांशु तीसरे और 7वीं लड़कियां विजेता हैं: सिया पहले, तनीषा दूसरे और चारू तीसरे स्थान पर हैं ।
कक्षा 8वीं की लंबी कूद में तनिष प्रथम, रोहन द्वितीय और आदिल तृतीय रहे और कक्षा 8वीं की छात्राएं महक प्रथम, दीक्षा द्वितीय और माही तृतीय रहीं। आठवीं कक्षा के लड़कों की ऊंची कूद में आदिल पहले, रोहन दूसरे और तनिष तीसरे स्थान पर रहे आठवीं बालिका ऊंची कूद विजेता माही प्रथम, प्राची द्वितीय और दीक्षा तृतीय रही ! इस अवसर पर चेयरमैन मंगल सिंह चपराना (जिला पंचायत सदस्य) ने सभी छात्रों की कड़ी मेहनत की सराहना की, जबकि स्कूल के निदेशक डॉ. विनय कुमार ने सभी विजेताओं और सहायक स्टाफ को बधाई दी और स्कूल की प्रिंसिपल आरती चपराना ने सभी स्टाफ सदस्यों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। उनकी उपस्थिति और खेल दिवस को अत्यंत सफल बनाने में उनके अटूट समर्थन और प्रयासों के लिए हमारे शिक्षकों, अभिभावकों और अन्य स्टाफ को विशेष धन्यवाद दिया और आशा व्यक्ति की है कि हमारे विद्यालय के छात्र छात्राएं इसी तरह से खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने विद्यालय के नाम रोशन करते रहेंगे।





## अमित शाह और भाजपा के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया पैदल मार्च, माफी और इस्तीफे की मांग

# अमित शाह द्वारा बाबा साहेब के अपमान पर कांग्रेस का पैदल मार्च, इस्तीफे की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर ।** संसद में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के अपमान पर कांग्रेस ने प्रदेश स्तरीय आंदोलन छेड़ दिया है। मंगलवार को कांग्रेस के नेताओं और कार्यकताओं ने जिला कार्यालय से अंसारी रोड चौराहे होते हुए कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च किया और अमित शाह के इस्तीफे की मांग की । कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट के गेट पर जमकर नारेबाजी और अमित शाह के खिलाफ नारे लगाए ।
पूर्व विधायक प्रत्याशी, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष जियाउर्रहमान एड ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह का बाबा साहेब को लेकर दिया बयान आरएसएस और भाजपा की असली मानसिकता को दशार्ता हैं। उन्होंने कहा कि अमित शाह द्वारा माफी न मांगना और भाजपा का बचाव दलित विरोधी है । उन्होंने कहा कि डॉ अंबेडकर दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के मसीहा है, अमित शाह को इस्तीफा देना ही होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बाबा साहेब के सम्मान में हर स्तर पर आवाज उठाएगी। गांव गांव भाजपा के खिलाफ अलख जगाएंगे। वरिष्ठ नेता नरेंद्र चौधरी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शिवराम बाल्मिकी, युवा जिलाध्यक्ष इसराइल गहलोत ने कहा कि बाबा साहेब हमारे भगवान हैं । समानता, समता और कानूनी संवैधानिक अधिकार देकर उन्होंने प्रत्येक भारतीय को सशक्त किया है । उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा दलित विरोधी रही है, अमित शाह का बयान इसका साक्षात उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि देश को अमित शाह के इस्तीफे के अलावा कुछ भी मंजूर नहीं है ।
पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, मुनीर अकबर और आशु कुरैशी ने कहा कि भाजपा ने यदि गृहमंत्री अमित शाह का इस्तीफा नहीं लिया तो आने वाले चुनावों में गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति स्वयं दलित समाज से आती हैं उन्हें खुद गृहमंत्री को बर्खास्त करना चाहिए। कांग्रेस के प्रदर्शन में प्रभारी सचिव पंकज तेजानिया, पूर्व विधायक प्रत्याशी जियाउर्रहमान, नरेंद्र चौधरी, शिवराम बाल्मिकी, इसराइल गहलोत, मुनीर अकबर, पौरुष शर्मा, आशु कुरैशी, हर्षवर्धन बाल्मिकी, ज्ञानेंद्र राघव, प्रज्ञा गौड़, विमलेश बाल्मिकी, डॉ इरफान, साजिद चौधरी, अनिल शर्मा, रहमत राणा, उदित, नजमी चौधरी, सिंघल, सचिन वशिष्ठ, शिवम पंडित, खुशी श्रीवास्तव, मुकेश रजक, अमित कुमार, दानिश कुरैशी, उम्मेद सूर्यवंशी, इरफान अल्वी, माज कुरैशी, शकील अहमद, अबसार राणा, जेपी शर्मा, अम्बरीष वर्मा, महिपाल सैनी, दुष्यंत कुमार आदि मौजूद रहे ।



# ...आईटी विंग की बहनों ने बांटे गरीब परिवारो को गर्म कपड़े

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** हनीप्रीत दीदी के जन्मदिन व क्रिसमस पर्व के अवसर पर जिला हापुड़ की आईटी विंग की टीम ने पिलखुवा के अनेक स्थानों पर झुग्गी, झोपड़ीयों व मलिन बस्तियो में रहने वाले 57 परिवारों को गर्म कपड़े जैसे जुराब, टोपा, दस्ताने, शाल, टॉफी, मूंगफली, रेवड़ी गज्जक इत्यादि सामान वितरित किया गया।
इस सेवा के दौरान सुनील इंसा, बॉबी इंसा, विपिन इंसा, विजय इंसा, विनोद इंसा, राजा इंसा, आई टी विंग की जिम्मेदार संजना इंसा, लवलीन इंसा, सोनम इंसा, तनाया इंसा, प्रीती इंसा, नेहा इंसा, तनु इंसा, सिमरम इंसा समेत टीम के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



# आरपीएफ ने डीजल चोरी करने वाले तीन शातिर व खरीदने का आरोपी दबोचा, मालगाड़ी के इंजन से एक हजार डीजल चोरी किया था

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चोरों के कब्जे से चोरी का 510 लीटर डीजल बरामद किया**

**हापुड़/अमरोहा।** जनपद अमरोहा के कांकाठेर रेलवे स्टेशन के पास खड़ी मालगाड़ी के इंजन से डीजल चोरी करने वाले तीन चोरों के साथ डीजल खरीदने वाले आरोपी को भी आरपीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। चोरों के कब्जे से 510 लीटर डीजल भी बरामद किया है। आरपीएफ थाना प्रभारी सुभाष यादव ने बताया कि आरपीएफ थानाक्षेत्र के कांकाठेर रेलवे स्टेशन के निकट गत सात दिसंबर को मालगाड़ी के इंजन से चोरों ने करीब एक हजार लीटर डीजल चोरी कर लिया था। जिसके बाद टीम ने अमरोहा के गांव मोहराका पट्टी निवासी मतलूब, इकराम और सद्दाम को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उनका एक साथ इसरार अभी फरार है। वहीं चोरी का डीजल खरीदने वाले गांव सख्तपुर, अमरोहा निवासी इकबाल को भी गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 510 लीटर डीजल बरामद कर लिया गया है और एक कैंटर भी बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि टीम में उपनिरीक्षक आशीष भारद्वाज, हैड कांस्टेबल राजेंद्र सिंह, कांस्टेबल अमित कुमार शामिल थे।



# विधानसभा चुनाव से पहले केजरीवाल करेंगे बड़ी घोषणा,कहा-दिल्ली के लोग बहुत खुश होंगे

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल मंगलवार को बड़ी घोषणा करने वाले हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट पर लिखा, आज 12.30 बजे एक बड़ी घोषणा करूंगा। दिल्ली के लोग बहुत खुश होंगे।
दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बड़ा ऐलान कर दलित समाज के लोगों को सीधे तौर पर साधने की कोशिश की है। उन्होंने बीते डॉ. अंबेडकर स्कॉलरशिप योजना की घोषणा की। आप संयोजक ने बताया कि अब दिल्ली के दलित समाज के बच्चे दुनिया की किसी भी यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर सकते हैं। पैसों की वजह से उन्हें उच्च शिक्षा से वंचित नहीं रहना पड़ेगा। इसके लिए उन बच्चों को उस यूनिवर्सिटी में सिर्फ एडमिशन लेना है और उसके बाद उनके आने-जाने और पढ़ाई का खर्चा दिल्ली सरकार उठाएगी।
इससे पहले अरविंद केजरीवाल ने एक और योजना का ऐलान करते हुए दिल्ली के बुजुर्गों को संजीवनी दी है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि संजीवनी योजना के तहत दिल्ली के 60 साल उम्र से अधिक के सभी बुजुर्गों का दिल्ली के किसी भी अस्पताल में मुफ्त इलाज किया जाएगा। वहीं महिला सम्मान योजना के तहत आप सरकार ने हर महिला को प्रतिमाह 2,100 रुपये देने का ऐलान किया है।
वहीं, दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा ने आम आदमी पार्टी सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया है।
भाजपा के वरिष्ठ नेता अनुराग ठाकुर ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आरोपपत्र जारी किया। इस आरोपपत्र में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने दिल्ली को भ्रष्टाचार और घोटालों की प्रयोगशाला बना दिया।



## यूपी बोर्ड परीक्षा तैयारी

## स्टूडेंट्स सफलता पाने को शिक्षकों से ले रहे है टिप्स,परीक्षा में सफलता को प्रतिदिन प्रत्येक विषय को पढ़े : उपकार

# कोचिंग सेंटरों में सीट लेने का मची मारामारी, एक विषय का कोर्स रिवीजन का वसूल रहे एक से दो हजार रुपये

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षा का कार्यक्रम घोषित करने के बाद से परीक्षार्थी द्वारा कोचिंग सेंटर में जगह लेने के लिए मारा मारी मची हुई है। इसके बावजूद उन्हें सेंटरों में स्थान नहीं मिल रहा है। जिसे देखते हुए परीक्षार्थी अधिक फीस देकर सेंटरों में स्थान पाने के लिए मशक्कत कर रहे है। जिस कारण परीक्षार्थियों में बोर्ड परीक्षा के लिए तनाव भी बढ़ता जा रहा है। इतना ही नहीं परीक्षा में सफलता के लिए छात्र छात्राएं शिक्षकों से टिप्स भी ले रहे है। जानकारी यूपी बोर्ड द्वारा वर्ष 2025 की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा का कार्यक्रम गत नवंबर माह में घोषित कर दिया है। इस बार जनपद से हाई स्कूल व इंटरमीडिएट में 28524 छात्र छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे। बोर्ड परीक्षा को निकट आने रातों की नींद गायब होने लगी है। परीक्षा दिन रात परीक्षा की तैयारी में जुटे है। परीक्षा में सफलता के लिए छात्र छात्राएं कोर्स रिवीजन करने को कोचिंग सेन्टरों पर जगह लेने के लिए चक्कर काट रहे है। लेकिन सेन्टर फुल होने के कारण उन्हें जगह नहीं मिल रही है। छात्र छात्राएं अधिक फीस देकर सेन्टर पर जगह पाने के लिए मशक्कत कर रहे है।
वहीं मौके पर लाभ उठाने के लिए कोचिंग सेंटर संचालक भी प्रत्येक विषय का रिवीजन कराने के लिए छात्रों से 1000 से 2000 रुपये तक वसूल कर रहे है।इसके बावजूद भी छात्रों में कोर्स का रिवीजन करने के लिए कोचिंग सेन्टरों में शामिल होने की होड़ सी लगी है। सेन्टरों में संचालकों द्वारा एक बैंच में 20 के स्थान पर 35 छात्रों को पढ़ा रहे है। जिससे इन दिनों सेंटर छात्रों से लबालब है। छात्रों के सिर पर बस एक धुन सवार है कि उन्हें बोर्ड परीक्षा में सफलता पानी है। इसके लिए चाहे उन्हें सेन्टरों में खड़े होकर ही क्यों न कोर्स का रिवीजन करना पड़े।
जबकि कोचिंग सेन्टर संचालकों का कहना है कि प्रत्येक वर्ष बोर्ड परीक्षा आने पर सेन्टरों में छात्र छात्राओं की संख्या बढ़ जाती है। परीक्षा शुरू होते ही संख्या सामान्य हो जाती है। फिल्हाल जितने भी छात्र आ रहे है। वह सभी कोर्स का रिवीजन करने के लिए आ रहे है। आदर्श इंटर कालेज के प्रधानाचार्य उपकार दत्त शर्मा ने बोर्ड परीक्षार्थियों को परीक्षा में सफलता पाने के लिए टिप्स दिये,अगर वह उनका पालन करने सफलता अवश्य मिलेगी। जैसे सभी विषयों को प्रतिदिन रिवीजन करें,प्रत्येक घंटे के बाद दो मिनट का ब्रेक जरूर लें। और पर्याप्त नींद भी लें।
एसएसवी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य विजय कुमार गर्ग ने बताया कि बोर्ड परीक्षार्थियों को परीक्षा से सम्बंधित टिप्स दिये जा रहे है। परीक्षार्थियों को परीक्षा की तैयारी भी कराई जा रही है। वह स्वयं भी विद्यार्थियों को परीक्षा से सम्बंधित तैयारी करा रहे है।





बोर्ड परीक्षर्थियों को टिप्स देते प्रधानाचार्य विजय कुमार गर्ग व उपकार दत्त शर्मा

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267